www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 27 सितम्बर,2023 | वर्ष-16 | अंक -172 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



वैश्विक चुनौतियों के समाधान करने को भी हम ... 02

■ राजधानी के विकास को सरकार प्रतिबद्ध : शैली
■ शीतकालीन प्रदूषण पर अंकुश लगाने को कार्य योजना... 03

■ ताइवान की 'स्वतंत्रता' के खिलाफ है नेपाल
■ कनाडा ने नवीनतम यात्रा परामर्श में अपने नागरिकों ... 07

टीवी इंडस्ट्री में कई बड़े सितारे, लेकिन अच्छे ... 10


## सार संक्षेप

### कांग्रेस ने प्रधानमंत्री को बताया सर्टिफाइड झूठा



**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी और भाजपा ने जुबानी जंग तेज होती जा रही है। प्रधानमंत्री ने कल मध्यप्रदेश में एक चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस पर तीखा हमला किया था तो कांग्रेस पार्टी ने पलटवार करते हुए उन्हें सर्टिफाइड झूठा करार दे दिया। उन्होंने कहाकि कल प्रधानमंत्री ने भोपाल के चुनावी रैली के दौरान अपने 51 मिनट के भाषण में 44 बार कांग्रेस का नाम लिया। जिस राज्य में उनकी 19 साल से सरकार है,वहां भी उन्हें चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस का ही सहारा लेना पड़ रहा है।

### प्रधानमंत्री के सलाहकार अमित खरे को मिला सेवा विस्तार



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री के सलाहकार अमित खरे को सेवा विस्तार मिल गया है। उनके इस सेवा विस्तार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने मंजूरी दी है। वे अब इस पद पर सेवा की नियमित शर्तों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मौजूदा कार्यकाल तक अपने पद पर बने रहेंगे। 1985 बैच के बिहार कैडर से आने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी खरे का कार्यकाल अक्टूबर 2023 में खत्म हो रहा था।

### भारत मंडपम के 'नटराज' के मुख्य शिल्पी सम्मानित



**नई दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन से पूर्व राजधानी के प्रगति मैदान के भारत मंडपम में स्थापित अष्टधातु से बनी 'नटराज' की विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा के मुख्य शिल्पी राधाकृष्णन स्थापति को उनके असाधारण कलात्मक कौशल के लिए सम्मानित किया गया है। इस प्रतिमा के निर्माण में कुल तीन लाख मानव श्रम घंटे का समय लगा, अर्थात् यदि एक व्यक्ति को इस मूर्ति को तैयार करना होता, तो उसे कुल तीन लाख घंटे या 12,500 दिन लगते। इसके निर्माण में 30 महीने का काम छह महीने में पूरा किया गया।

### भाजपा ने अमरवाड़ा से मोनिका बत्ती को बनाया उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश विधानसभा की अमरवाड़ा (सु.) सीट से सुश्री मोनिका बत्ती को टिकट दिया है। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने मंगलवार को यहां बताया कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा सीट से सुश्री बत्ती को उम्मीदवार बनाया है। यह सीट अभी कांग्रेस के कमल प्रताप शाह के पास है। भाजपा ने पहली और दूसरी सूची में 39 - 39 उम्मीदवारों की घोषणा की है।

---

एशियाई खेल



# भारत ने घुड़सवारी में जीता सोना

## घुड़सवारी में 41 साल बाद मिला स्वर्ण

**हांगझोउ**, 26 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत की सुदीप्ति हजेला, दिव्याकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुष अग्रवाल की घुड़सवारी टीम ने मंगलवार को शानदान प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में घुड़सवारी टीम ने देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता। भारत की ओर से सुदीप्ति हजेला, दिव्याकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुष अग्रवाल की टीम ने शानदान प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। घुड़सवारी टीम को 41 साल बाद इस खेल में स्वर्ण पदक मिला है। इससे पहले 1982 एशियन खेल में पहली बार घुड़सवारी में भारत को मेडल मिला था।

---

# जजों की नियुक्ति में देरी पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

## जस्टिस कौल ने सरकार से कहा, 10 महीने से लंबित हैं हाईकोर्ट के 70 नाम

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को देश के हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति में देरी पर चिंता जताई। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने मामले पर सुनवाई की।

बेंच ने कहा कि इस मामले में पिछली सुनवाई सात महीने पहले हुई थी, लेकिन इतने समय बाद भी सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया। जस्टिस कौल ने कहा कि कॉलेजियम ने 11 नंवबर 2022 को हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति के लिए 80 नाम भेजे गए थे। ये नाम पिछले 10 महीने से लंबित थे। चार दिन पहले सरकार ने 10 फाइलों को मंजूरी दे दी, लेकिन 70 फाइलें अभी भी लंबित हैं। जिन 70 जजों के नाम लंबित हैं, इनमें 9 जजों के नाम कॉलेजियम ने पहली बार भेजे हैं। 7 नाम दूसरी बार भेजे गए हैं, 1 मुख्य न्यायाधीश का नाम प्रमोशन

■ 4 दिन पहले सरकार ने 10 फाइलों को मंजूरी दी
■ पिछले साल 11 नवम्बर को भेजे गए थे 80 नाम





मेरे पास कहने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन मैं खुद को रोक रहा हूं। मैं चुप हूं क्योंकि अटॉर्नी जनरल ने जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है, लेकिन मैं अगली तारीख पर चुप नहीं रहूंगा : जस्टिस संजय किशन कौल

के लिए भेजा है। वहीं, 26 नाम ट्रांसफर के लिए भेजे हैं।

### केंद्र ने जवाब के लिए 7 दिन मांगे

भारत के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। पीठ ने उन्हें दो सप्ताह का समय दिया और केंद्र की हामी भरने के साथ लौटने को कहा है। मामला अब 9 अक्टूबर को सुना जाएगा। आज कड़े स्वर में जस्टिस कौल ने कहा, 'मेरे पास कहने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन मैं खुद को रोक रहा हूं। मैं चुप हूं क्योंकि अटॉर्नी जनरल ने जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है, लेकिन मैं अगली तारीख पर चुप नहीं रहूंगा।'

### अब हर 10 से 12 दिन में सुनवाई

कोर्ट ने कहा कि वह हर 10 से 12 दिन में मामले पर सुनवाई करती रहेगी। पीठ ने कहा हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए 70 नाम 10 महीने से लंबित हैं। इन 70 नामों के लिए बुनियादी प्रक्रिया होती है। हाईकोर्ट में 70 न्यायाधीश नहीं हैं। उनमें से औसतन 50 फीसदी नियुक्ति नहीं हो पाती है। यदि आपका दृष्टिकोण पता चलेगा तो कॉलेजियम निर्णय लेगा, लेकिन यदि नहीं आता है तब... । फैसले के तहत तय की गई समय सीमा लगभग चार महीने है। उन्हे पांच महीने लेने दीजिए। जस्टिस कौल ने अटॉर्नी जनरल से कहा, मैं इसे चिह्नित कर रहा हूं ताकि आप निर्देश ले सकें। कम से कम अप्रैल के अंत तक की हाईकोर्ट की सिफारिश कॉलेजियम के पास होनी चाहिए।

---

दिल्ली में सनसनीखेज वारदात

# ज्वेलरी शोरूम से 25 करोड़ की चोरी

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के जंगपुरा स्थित एक ज्वेलरी शोरूम पर धावा बोलते हुए करोड़ों के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। शोरूम में चोरी की जानकारी मिलते ही निजामुद्दीन थाने पुलिस ने मौके पर शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया है।

पुलिस ने बताया कि भोगल इलाके में जिस आभूषण की दुकान में चोरी हुई मेंटीम को शक है कि चोरी रविवार रात को हुई है। चोर शोरूम की दीवार काटकर अंदर घुसे थे, जहां उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखे करोड़ों को गहने चुरा लिए। डीसीपी साउथ-ईस्ट राजेश देव ने कहा कि उन्होंने सीसीटीवी फुटेज हासिल कर लिया है। उसके आधार पर मामले की जांच की जा रही है। ये चोरी के एक बड़ी घटना है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अपराधियों को दुकान और आभूषणों के बारे में पहले से जानकारी थी और उन्हें पता था कि स्ट्रांग रूम तक कैसे पहुंचना है। उन्होंने बताया कि चोरों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बारे में भी



स्ट्रांग रूम की दीवार काटकर गहने ले गए चोर

जानकारी थी। जिस तरह से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि अपराधी पहले से ही अपनी योजना बनाने के लिए वहां आये थे।

### 'दुकान में थे 20-25 करोड़ के आभूषण'

ज्वेलरी शोरूम के मालिक संजीव जैन ने बात करते हुए बताया, 'हमने रविवार को दुकान बंद कर दी थी और सोमवार की छुट्टी के बाद जब हमने इसे मंगलवार को खोला तो हमने देखा कि पूरी दुकान में धूल भरी हुई थी और स्ट्रॉन्ग रूम की दीवार में एक छेद था... हमें लगता है कि चोरों ने सब कुछ लूट लिया है। करीब 20-25 करोड़ रुपए की ज्वेलरी थी। चोर दुकान के अंदर छत के रास्ते से दाखिल हुए थे।

### छत से दुकान में घुसे थे चोर

इस दौरान हमें आभास हो गया कि दुकान में चोरी हुई है। दुकान में देखा तो सब कुछ लूट लिया गया था। वो छत से दुकान में घुसे थे। लगभग 20-25 करोड़ रुपए के आभूषण चोरी किए गए हैं। चोरों ने सीसीटीवी भी चोरी किया है। पुलिस को सूचना दी गई और मौके पर पुलिस पहुंच गई। मामले में जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस ने इसे चोरी की एक बड़ी घटना बताया है।

---

मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट फिर बंद

# सुरक्षाबलों से झड़प में 54 छात्र घायल

**इंफाल,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर के इंफाल शहर में मंगलवार 26 सितंबर को सुरक्षाबलों और स्टूडेंट्स के बीच झड़प हो गई। इसमें 1 टीचर सहित 54 छात्र घायल हो गए। छात्र जुलाई से लापता दो छात्रों की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राज्य सरकार ने एक बार फिर मोबाइल इंटरनेट को अगले 5 दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया है। राज्य में 23 सितंबर को मोबाइल इंटरनेट से बैन हटने के बाद दो छात्रों के शवों की फोटो सामने आई थी, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

**दो छात्रों की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे**



फोटो में दोनों की बॉडी जमीन पर पड़ी हुई नजर आ रही है। साथ ही लड़के का सिर कटा हुआ है। हालांकि दोनों के शव अभी तक नहीं मिले हैं। जुलाई में दोनों छात्र एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिए थे, लेकिन उसके बाद से उनका पता नहीं चल सका है। वहीं, राज्य सरकार ने सभी सरकारी-गैर सरकारी स्कूलों को 27 सितंबर और 29 सितंबर को बंद रखने का आदेश जारी किया है।

### मामले की जांच सीबीआई कर रही

मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों के अनुसार सरकार ने कहा है कि जो भी दोषी हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सुरक्षा बलों ने अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान भी शुरू कर दिया है। लोगों से अपील की गई है कि मामले में संयम बरतें और जांच एजेंसियों को अपना काम करने दें।

---

संयुक्त राष्ट्र महासभा में बोले एस जयशंकर

# सुरक्षा परिषद में आज के हिसाब से बदलाव जरूरी

## वे दिन बीत गए जब कुछ राष्ट्र एजेंडा तय करते थे

**न्यूयॉर्क,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दुनिया चुनौतीपूर्ण वक्त से गुजर रही है। उन्होंने भारत की जी-20 अध्यक्षता की तारीफ करते हुए कहा कि हमारी पहल से अफ्रीकन यूनियन संगठन का हिस्सा बना। ऐसा करके हमने पूरे महाद्वीप को एक आवाज दी, जो काफी समय से इसका हकदार रहा है। न्यूयॉर्क में 13 सितंबर से चल रही संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में सभी सदस्य देश अपनी बात रखते हैं। महासभा की 77वीं बैठक में प्रधानमंत्री मोदी की जगह एस जयशंकर देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने सुरक्षा परिषद में बदलावों की भारत की मांग को दुनिया के सामने दोहराया है। उन्होंने कहा समय बदल रहा है, अब दूसरे देशों की बात सुननी होगी। उन्होंने कहा कि चंद देशों का एजेंडा दुनिया पर नहीं थोपा जा सकता है। इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईस मुद्दे को लेकर ह चीफ एंटोनियो गुटेरेस से भी मुलाकात की थी।



अब हम विश्व मित्र के युग में पहुंच गए हैं। हम बड़ी जिम्मेदारी लेने और अपना योगदान देने के लिए तैयार हैं : **एस जयशंकर, विदेश मंत्री**

### उथल-पुथल का दौर देख रहा विश्व

एस जयशंकर ने कहा कि विश्व उथल-पुथल का असाधारण दौर देख रहा है। भारत के वन अर्थ वन फैमिली वन फ्यूचर विजन में केवल कुछ लोगों के छोटे फायदे नहीं बल्कि अनेक लोगों की चिंताएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वे दिन खत्म हो गए जब कुछ देश एजेंडा तय करते थे और उम्मीद करते थे कि दूसरे भी उनके साथ आ जाएंगे। गुटनिरपेक्षता के युग से, अब हम विश्व मित्र के युग में पहुंच गए हैं। जब हम लीडिंग पावर बनने की आकांक्षा रखते हैं। हम बड़ी जिम्मेदारी लेने और अपना योगदान देने के लिए तैयार हैं। एस जयशंकर ने यूएन में भारत की संसद से पास हुए महिला आरक्षण बिल का भी जिक्र किया।

---

# बारामुल्ला में पकड़ा गया लश्करे तौयबा का गैंग

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर पुलिस ने बुधवार को लश्करे तौयबा के एक आतंकवादी और दो महिलाओं सहित पांच आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

गिरफ्तार किए गए लोगों में एक किशोर भी शामिल है। बारामुल्ला में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बारामुल्ला अमोग नागपुरे ने बताया कि पुलिस ने बारामुल्ला में सक्रिय लश्कर आतंकवादी और पांच आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से ग्रेनेड और पिस्तौल सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। उनके मुताबिक गिरफ्तारियों का सिलसिला सितंबर में उड़ी में दो संदिग्धों को हिरासत में लिए जाने के बाद शुरू हुआ था।




■ गैंग में दो महिलाएं भी हैं शामिल
■ हथियार व गोला बारूद भी बरामद

---

# प्रधानमंत्री ने 51 हजार नियुक्ति पत्र बांटे

## मोदी बोले, तकनीक से भ्रष्टाचार घटा, सुविधा बढ़ी

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 9वें रोजगार मेले के तहत 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। ये युवा पिछले कुछ दिनों में केंद्र सरकार के अलग-अलग विभागों में भर्ती हुए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले नौ साल में इनोवेटिव तरीके से बड़े बदलाव हुए हैं। तकनीक का इस्तेमाल बढ़ने से भ्रष्टाचार घटा है और सुविधाएं बढ़ी हैं। ये रोजगार मेला देशभर में 46 स्थानों पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां से उन्होंने 45 जगहों पर मौजूद युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जॉइनिंग लेटर सौंपा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की बेटियां अंतरिक्ष से खेलों तक अनेक कीर्तिमान बना रही हैं।

**9वां रोजगार मेला**

---

पुरस्कार — *सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने किया ऐलान*

# वहीदा रहमान को मिलेगा दादा साहब फाल्के पुरस्कार

**मुंबई, 26 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान को भारतीय सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने एक्स अकाउंट पर एक लंबा नोट साझा किया है।**

■ प्यासा, कागज के फूल, चौदहवीं का चांद, जैसी कई चर्चित फिल्मों में अभिनय का कमाल दिखाया

उन्होंने लिखा है, 'मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी और सम्मान महसूस हो रहा है कि वहीदा रहमान जी को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए इस साल के प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।' प्यासा, कागज के फूल, चौदहवीं का चांद, साहब बीवी और गुलाम, गाइड और खामोशी जैसी कई चर्चित फिल्मों में उन्होंने अपने अभिनय का कमाल दिखाया है। अपने पांच दशक से अधिक की अभिनय यात्रा में पद्मश्री और पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित वहीदा जी ने एक भारतीय नारी के समर्पण और सामर्थ्य का उदाहरण पेश किया है। वहीदा अपने नृत्य के लिए भी जानी जाती है।



### अब तक 7 महिला कलाकारों को मिला अवॉर्ड

54 साल के इतिहास में अब तक यह अवॉर्ड सिर्फ 7 ही महिलाओं को दिया गया है। सबसे पहला दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड 1969 में एक्ट्रेस देविका रानी को दिया गया था। इसके बाद रूबी मेयर्स (सुलोचना), कानन देवी, दुर्गा खोटे, लता मंगेशकर और आशा भोंसले को इस अवॉर्ड से नवाजा गया। 2020 में यह अवॉर्ड वेटरन एक्ट्रेस आशा पारेख को दिया गया था।



# देश

**उवाच**

"महिला आरक्षण बिल नरेंद्र मोदी ने 2024 के संसदीय चुनाव के लिए जल्दबाजी में किया है। यह 1984 में संविधान में लिखा गया था कि 2026 तक कोई भी संशोधन नहीं किया जा सकता है ना तो कोई सीट बढ़ सकती है और ना ही कोई हेर फेर हो सकता है।"

–प्रो.रामगोपाल यादव,सपा राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 26.0 |
| मुंबई | 27.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 28.0 |

# मप्र में भाजपा को लड़ने के लिए नहीं मिल रहे उम्मीदवार : कांग्रेस



मध्य प्रदेश में डबल हार की ओर बढ़ रही है डबल इंजन की सरकार : कमलनाथ

**भोपाल,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से जारी की गई प्रत्याशियों की दूसरी सूची पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने हमला बोलते हुए मंगलवार को कहा कि भाजपा को लड़ने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे और डबल इंजन की ये सरकार डबल हार की ओर बढ़ रही है। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, लिस्ट पर एक ही बात फिट है नाम बड़े और दर्शन छोटे। भाजपा ने मप्र में अपने सांसदों को विधानसभा की टिकट देकर साबित कर दिया है कि भाजपा न तो 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत रही है, न 2024 के लोकसभा चुनाव में। इसका सीधा अर्थ यह हुआ कि वो ये मान चुकी है कि एक पार्टी के रूप में तो वो इतना बदनाम हो चुकी है कि चुनाव नहीं जीत रही है, तो फिर क्यों न तथाकथित बड़े नामों पर ही दांव लगाकर देखा जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि अपने को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहने वाली भाजपा को लड़वाने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं, तो फिर वोट देने वाले कहां से मिलेंगे। अबकी बार भाजपा अपने सबसे बड़े गढ़ में, सबसे बड़ी हार देखेगी। कमलनाथ ने दावा किया कि कांग्रेस भाजपा से दोगुनी सीट जीतने जा रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार डबल हार की ओर बढ़ रही है।

- भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची पर कमलनाथ ने बोला हमला
- चुनाव में भाजपा से दोगुनी सीटें जीतने का किया दावा

कमलनाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश में हार स्वीकार कर चुकी भाजपा ने उम्मीद का आखरी झूठा दांव खेला है। पीसीसी चीफ कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 18.5 साल की भाजपाई सरकार और 15 साल से ज्यादा के शिवराज जी विकास के दावों को नकारने वाली भाजपाई प्रत्याशियों की सूची करोड़ों कार्यकर्ताओं की पार्टी का दावा करने वाली भाजपा की आंतरिक हार पर पक्की मुहर है। एमपी में विकास के खोखले दावों की पोल खुलने के साथ बड़बोली भाजपाई सरकार के प्रचारवादी विकास के थोथे दावे आज सफेद झूठ साबित हो गए। कमलनाथ ने लिखा कि भाजपा केवल एक बात ध्यान रखें। ये जनता है, ये सब जानती है। 18 साल के कुशासन का हिसाब तो जनता लेकर रहेगी और न्याय होकर होगा। एमपी की जनता है तैयार, भाजपा पर होगा पलटवार। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में पिछले लगभग दो दशक से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की आगामी विधानसभा चुनाव से पहले आई प्रत्याशियों की दूसरी सूची के कई नामों ने सभी को चौंका दिया है। पार्टी ने अपने 39 प्रत्याशियों की दूसरी सूची में तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत सात सांसदों को विधानसभा चुनाव मैदान में उतार कर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है।

## शाजापुर में सभा को करेंगें राहुल गांधी



**भोपाल।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद राहुल गांधी आगामी 30 तारीख को मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले में एक आमसभा को संबोधित करेंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष (संगठन) राजीव सिंह ने बताया कि गांधी का विधानसभा चुनाव से पूर्व मध्यप्रदेश का यह पहला बड़ा दौरा कार्यक्रम है। सिंह ने बताया कि गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को मध्य प्रदेश में जनता का ऐतिहासिक और अभूतपूर्व स्नेह मिला था। उनका शाजापुर दौरा मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए निर्णायक साबित होगा।

# ओडिशा विस में दूसरे दिन भी हंगामा, कार्यवाही स्थगित

**भुवनेश्वर,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। सत्तारुढ़ बीजू जनता दल (बीजद) और विपक्षी भाजपा के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को दूसरे दिन भी ओडिशा विधानसभा की कार्यवाही ठप कर दी तथा हंगामे के कारण अध्यक्ष प्रमिला मलिक को बिना कोई कामकाज किए सदन की कार्यवाही शाम चार बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। अध्यक्ष ने सबसे पहले सुबह 10 बजकर 31 मिनट पर दोपहर 12 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित की। बाद में गतिरोध को दूर करने के लिए सर्वदलीय बैठक पर सहमति जताई। इसके पश्चात सदन की कार्यवाही 1205 बजे तक और फिर 1207 बजे से चार बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।



इस बीच सदन में हंगामा जारी रहा और भाजपा तथा बीजद सदस्य अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते रहे। सदस्यों के हंगामे के चलते व विरोध के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं हो सका। प्राथमिक शिक्षा पर स्थगन प्रस्ताव के रूप में बहस के लिए विपक्षी कांग्रेस द्वारा दिया गया नोटिस भी स्वीकार नहीं किया जा सका। आज जैसे ही सुबह साढ़े दस बजे प्रश्नकाल शुरू करने के लिए सदन की कार्यवाही शुरू हुई, काले बिल्ले पहने भाजपा सदस्य सदन के बीचों बीच आ गए और अध्यक्ष के आसन के पास पहुंच गए तथा नारेबाजी करते हुए कार्यवाही बाधित कर दी।

# वैश्विक चुनौतियों के समाधान करने को भी हम प्रतिबद्ध : राजनाथ

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र की जटिल चुनौतियों से मिलकर निपटने का आह्वान करते हुए मंगलवार को कहा कि इससे समृद्ध, सुरक्षित और समावेशी भविष्य को सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी देशों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक मुद्दे सभी को प्रभावित करते हैं और कोई भी देश इन चुनौतियों का समाधान अकेले नहीं कर सकता। इसके लिए उन्होंने व्यापक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के परस्पर मिलने और चिंताओं से निपटने के लिए कूटनीति, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और संधियों के माध्यम से सहयोगात्मक रूप से काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र समझौते 1982 को आधार मानकर इन मुद्दों का समाधान किया जा सकता है। सिंह यहां हिन्द प्रशांत क्षेत्र के देशों के सेना प्रमुखों के 13वें द्विवार्षिक सम्मेलन में उद्घाटन भाषण दे रहे थे। तीन दिन के इस सम्मेलन का आयोजन भारतीय सेना और अमेरिकी सेना ने मिलकर किया है।

- हिन्द प्रशांत की जटिल चुनौतियों से मिलकर निपटने का किया आह्वान



इस मौके पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार तथा अमेरिकी सेना के प्रमुख सहित 20 देशों की सेनाओं के प्रमुख और 35 देशों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जलवायु परिवर्तन संबंधी चिंताओं को उचित महत्व मिले

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस दौरान कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र के छोटे देशों की जलवायु परिवर्तन संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को उचित महत्व मिलना चाहिए। सबसे गंभीर वैश्विक चुनौतियों में से एक जलवायु परिवर्तन पर भारतीय सशस्त्र बल समर्पण और जिम्मेदारी की भावना के साथ आपदा स्थितियों में सबसे पहले योगदान करते हैं। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि हिन्द प्रशांत केवल एक समुद्री क्षेत्र नहीं बल्कि एक पूर्ण भू-रणनीतिक क्षेत्र है जो सीमा विवादों और समुद्री डकैती सहित सुरक्षा चुनौतियों के एक जटिल तंत्र का सामना कर रहा है। इस तंत्र में वैश्विक घटनाएं, आर्थिक परिस्थिति , लोगों के विचार, मौसम और जीवन के तमाम पहलू शामिल हैं।

## सार संक्षेप

### राजस्थान दौरे पर जाएंगे उपराष्ट्रपति धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल राजस्थान की एक दिन की यात्रा पर रहेंगे और झुंझुनू, बाड़मेर, बीकानेर तथा जोधपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि धनखड़ नई दिल्ली से राजस्थान पहुंचेंगे जहां सबसे पहले वह बिट्स पिलानी संस्थान जाएंगे और वहां उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। तत्पश्चात उपराष्ट्रपति बीकानेर के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां आईसीएआर के मूंगफली अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन करेंगे तथा कृषि वैज्ञानिकों से संवाद करेंगे।

### पुंछ में विशेष पुलिस अधिकारी मृत पाया गया

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ में मंगलवार को एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) मृत पाया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृत एसपीओ की पहचान खालिक हुसैन के रूप में हुई है । वह पुंछ जिला पुलिस लाइन में तैनात था और एक स्थानीय थाने सेजुड़ा हुआ था। मृतक की मोटरसाइकिल भी उसके पास ही पड़ी थी। पुलिस ने इसके पीछे किसी दुर्घटना की आशंका जताई है। घटना की जांच शुरू कर दी गयी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल पुंछ भेज दिया गया है।

### बेबी देवी ने विधानसभा के सदस्य के रूप में ली शपथ

**रांची।** झारखंड विधानसभा के डुमरी विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य और मंत्री बेबी देवी ने मंगलवार को विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने यहां अपने कार्यालय कक्ष में बेबी देवी को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष अध्यक्ष ने विधायक सह मंत्री बेबी देवी को शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि राज्य के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन के कारण डुमरी विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव कराया गया था। महतो के निधन के बाद उनकी पत्नी बीबी देवी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया था।

### उप्र के अमेठी में सड़क हादसे में तीन की मौत

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के जगदीशपुर क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक और ट्रेलर की आमने सामने टक्कर में दो चालकों समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। रायबरेली अयोध्या राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर थौरी गांव के पास सोमवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक और ट्रेलर में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर आस पास के लोग बाहर निकले और हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकला।

# धर्म गुरु को लेकर संकट में छत्तीसगढ़ भाजपा

**रायपुर,**26 सितम्बर (देशबन्धु)। हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में प्रवेश करने वाले सतनामी समाज के धर्म गुरु बालदास जी के पुत्रों सहित परिवार के कुछ लोगों की विभिन्न अपराधों में संलिप्तता उजागर हुई है। जिसके चलते भारतीय जनता पार्टी में उन्हे लेकर असहज स्थिति निर्मित हो गई है। क्योंकि गुरु परिवार आरंग विधानसभा क्षेत्र से टिकट चाह रहा है वही कांग्रेस अपराध के उन मुद्दों को लेकर भाजपा पर हमले की तैयारी में है। गौरतलब है कि बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कालोनी रायपुर के 700 घरों में चोरी के मामले में गुरु बाल दास जी के भतीजे सतखोजन की गिरफ्तारी हुई है। चोरी का माल भी भंडारपुरी से बरामद किया गया है। ऐसे में धर्म गुरु परिवार पर इतने बड़े लांछन लगने से भारतीय जनता पार्टी कुछ कह सकते की स्थिति में नहीं है। हाल ही मे कांग्रेस पार्टी पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए गुरू बालदास ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा था। इस दौरान ही उन्होंने अपने पुत्र खुशवंत के लिए आरंग विधानसभा से टिकट की मांग रख दी थी। वहीं दूसरी तरफ गुरु बाल दास व परिवार के भाजपा प्रवेश के बाद कांग्रेस पार्टी ने उनके पुत्रों के कथित लूट सहित अन्य अपराधों का कथित चिट्ठा खोलना शुरू कर दिया है। यह सिलसिला चल ही रहा था कि 7 करोड़ की चोरी के मामले में भतीजे सतखोजन को गिरफ्तारी गुरु परिवार पर भारी पड़ती नजर आ रही है। सामाजिक स्तर पर भी उनके खिलाफ विरोध के स्वर उठ ही रहे है साथ ही सोसल मीडिया में भी सामाजिक जन अपनी भड़ास निकाल रहे हैं।

### विधूड़ी प्रकरण पर भाजपा के शीर्ष नेताओं की चुप्पी पर जदयू ने उठाए सवाल

# गांधी के भारत को बनाया जा रहा नफरत की भूमि

**पटना,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने सांसद रमेश विधूड़ी प्रकरण पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेताओं की चुप्पी पर सवाल खड़े करते हुए आज कहा कि इससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत में गांधी के भारत को नफरत की भूमि बनाने का खेल अब खुल कर शुरू हो गया है। रंजन ने मंगलवार को यहां कहा कि नए संसद भवन में विशेष सत्र का अल्पसंख्यक समाज को गलियां दे कर आगाज करने वाले भाजपा सांसद रमेश विधूड़ी और उस पर ठहाके लगाने वाले दो पूर्व मंत्रियों पर अभी तक न तो कोई कारवाई हुई है और न ही प्रधानमंत्री मोदी या गृहमंत्री अमित शाह जैसे भाजपा के शीर्ष नेताओं ने इसकी निंदा की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा भी उन्हें सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। इससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नए भारत में गांधी के भारत को नफरत की भूमि बनाने का खेल अब खुल कर शुरू हो गया है। जदयू महासचिव ने भाजपा से सवाल पूछते हुए कहा कि भाजपा को बताना चाहिए कि नए संसद भवन को पूरे विश्व के सामने शर्मसार करने वाले सांसद रमेश विधूड़ी पर उन्होंने अभी तक कोई कारवाई क्यों नहीं की है।



क्या मोदी के नए भारत में अल्पसंख्यक समाज के नेताओं को इसी तरह खुलेआम गलियां दी जाएंगी : राजीव रंजन

वह बताएं कि किस 'नेता' के दबाव में आकर भाजपा के नेता इस प्रकरण पर कुछ बोलना तो दूर विधूड़ी के बयान की भर्त्सना तक नहीं कर रहे। वह बताएं कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह की चुप्पी को रमेश विधूड़ी के बयान का मौन समर्थन क्यों न समझा जाए। वह बताए कि क्या मोदी के नए भारत में अल्पसंख्यक समाज के नेताओं को इसी तरह खुलेआम गलियां दी जाएंगी। रंजन ने पूछा कि भाजपा के नेता बताएं कि अल्पसंख्यक समाज के नेताओं को गालियां दिलवा कर भाजपा नई पीढ़ी को कौन सा संदेश देना चाहती है। उन्हें बताना चाहिए कि क्या मोदी के नए भारत में अल्पसंख्यक समाज के लोगों को इसी तरह से दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ेगा।

## भाजपा अपना चुनावी वादा पूरा करने में विफल : जदयू

बिहार के भवन निर्माण मंत्री और जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने आरोप लगाया कि भाजपा लोकसभा चुनाव के दौरान किए गए अपने वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। चौधरी ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव के दौरान किए गए अपने चुनावी वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कीमतों को नियंत्रित करने का वादा किया था लेकिन खाद्य पदार्थों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें चिंताजनक रूप से बढ़ गई हैं, जिससे आम आदमी को बड़ी कठिनाई हो रही है। मंत्री ने कहा कि युवाओं को नौकरी देने का भाजपा का वादा भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि युवाओं के लिए नई नौकरियां पैदा करना तो दूर अलग-अलग क्षेत्रों में पहले से ही सेवाओं में लगे लोगों की भी छंटनी की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा जानबूझकर लोगों का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने के लिए हिंदू और मुस्लिम के मुद्दे पर नफरत फैला रही है। चौधरी ने कहा कि लोग भाजपा की चुनावी चालों को पहले ही समझ चुके हैं और यह अब और काम नहीं करेगा। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले नवगठित विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में अधिक से अधिक दलों के शामिल होने की उम्मीद है।

# चित्याला ऐलम्मा की बहादुरी आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक : केसीआर



- मुख्यमंत्री ने चित्याला ऐलम्मा की जयंती पर किया याद

**हैदराबाद,**26 सितम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने कहा कि तेलंगाना सशस्त्र संघर्ष के दौरान चित्याला ऐलम्मा की बहादुरी और गतिशीलता आज की पीढ़ी के लिए बहुत प्रेरणादायक है। मुख्यमंत्री केसीआर ने राज्य सरकार द्वारा चित्याला ऐलम्मा जयंती के अवसर पर उनके बलिदान और लड़ाई की भावना को याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार चित्याला ऐलम्मा के बलिदान को रेखांकित करने के लिए आधिकारिक तौर पर उनकी जयंती और पुण्य तिथि कार्यक्रम आयोजित कर रही है। राज्य सरकार तेलंगाना के लोगों के कल्याण के लिए जिस तरह काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं, बीसी और एमबीसी के विकास और कल्याण के लिए कई योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार निचली जातियों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार कर रही है और बीसी और एमबीसी महिलाओं के कल्याण के लिए उनके प्रयास जारी रहेंगे।

## चित्याला को बताया निचले वर्गों के आत्मसम्मान का प्रतीक

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने चित्याला ऐलम्मा को एक लोकतांत्रिक कार्यकर्ता के रूप में सराहा, जिन्होंने अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए अदालतों में कानूनी लड़ाई लड़ी और निचले वर्गों के आत्मसम्मान का प्रतीक थीं। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने कहा कि उनकी प्रेरणा तेलंगाना की उपलब्धि और उसके बाद की प्रगति में शामिल है।

# अपोलो ने हेल्थ स्क्रीनिंग व आउटरिच आउट पेशेंट सेवा लॉन्च

**गुरुग्राम** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत के सबसे बड़े एकीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता, अपोलो हॉस्पिटल्स ने गोल्फ कोर्स रोड, डीएलएफ सिटी, फेज-1, सेक्टर 28, गुरुग्राम हरियाणा में लॉन्च हुई गुरुग्राम फैसिलिटी में अपनी हेल्थ स्क्रीनिंग तथा आउटरिच आउट पेशेंट सेवा लॉन्च की। यह फैसिलिटी को 600 बिस्तरों वाले मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में विस्तारित करने की योजना है। यह 5.628 एकड़ क्षेत्र में फैला अत्याधुनिक सुविधाओं वाला चिकित्सकीय परिसर होगा। यह गुरुग्राम, हरियाणा और व्यापक दिल्ली नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में रहने वाले लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने की अपोलो की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस मौके पर, फैसिलिटी में एक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया, जहां गुरुग्राम के डेप्युटी कमिश्नर डॉ. निशांत यादव को सम्मानित किया गया। गुरुग्राम वासियों के लिए शिविर लगाने तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को बधाई दी।

# मल्टीप्लेक्स नहीं, लोक कल्याण का मंदिर है नया संसद भवन

**नई दिल्ली,**26 सितम्बर (देशबन्धु)। जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी। रामचरितमानस के बालकांड की इस चौपाई का अर्थ हैं-जिसकी जैसी भावना होती है, उसे उसी रूप में भगवान दिखते है। कई सदी पहले गोस्वामी तुलसीदास जी की कही बातें आज भी सही है और आगे भी रहेगा। हाल ही में नए संसद भवन में चले विशेष सत्र को लेकर हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा है। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को यह मोदी का मल्टीप्लेक्स दिख रहा है। जबकि, महज चार दिन के कार्यकाल में जिस प्रकार से इस नए संसद में लोक मंगल की कामना से सबके विकास के लिए काम किया गया है, उसके बाद लोग इसे लोक कल्याण का मंदिर मानते हैं। भारतीय लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर। तभी तो इस मंदिर में जाते समय सभी सांसदों के हाथों में फूल-प्रसाद के रूप में संविधान की प्रति दी गई। पहली पूजा के रूप में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को दोनों सदनों से सरकार ने पारित कराया। पूरा देश यह जानता है कि प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास को नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद ही रेसकोर्स रोड की बजाय लोक कल्याण मार्ग कर दिया था। नए संसद भवन में भी पहली पूजा के



रूप में केंद्र सरकार ने वेदोक्त सूत्र को आत्मसात किया है, यत्र नार्यस्ते पूजयन्ते रमंते तत्र देवता। इसी सूत्र के आधार पर पहला बड़ा कदम देश की तमाम महिलाओं को पहले से अधिक सशक्त करना, उन्हें संवैधानिक रूप से और अधिक अधिकार देने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया।


ऐसे में यदि जयराम रमेश जैसे कांग्रेस नेता, जो केंद्र सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं, को संसद भवन भी मल्टीप्लेक्स लगता है, तो समझा जा सकता है कि कांग्रेस की नजर में सब कुछ बाजार में ही है। बाजार के हिसाब से ही इन कांग्रेसियों का आचार-व्यवहार तय होता है।

**अभियान** *जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने हाइब्रिड आतंकियों के खिलाफ छेड़ा अभियान*

# एक सप्ताह में 12 गिरफ्तार, स्थानीय स्तर पर ले रहे प्रशिक्षण

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,**26 सितम्बर (देशबन्धु)। कश्मीर में एक्टिव आतंकियों की संख्या पर उठे विवाद के बीच सुरक्षाबलों ने हाइब्रिड आतंकियों पर हल्ला बोल छेड़ा है। मंगलवार को भी तीन हाइब्रिड आतंकी धरे गए हैं जबकि एक सप्ताह में 12 हाइब्रिड आतंकियों को पकड़ने के साथ ही उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया है। सेना की चिनार कोर के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है कि बडगाम के बीरवाह इलाके में मंगलवार को चार हाइब्रिड आतंकियों को पकड़ा गया है और उनके कब्जे से तीन पिस्तौलें और कुछ गोला बारूद भी बरामद किया गया है। कश्मीर में हाइब्रिड आतंकियों की गिरफ्तारी कोई पहली नहीं है। रविवार को कश्मीर के कुलगाम जिले में दो आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़ किया और पांच हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस के पकड़े गए आतंकियों के पास से दो पिस्तौल, तीन हथगोले, एक यूबीजीएल और कुछ गोला बारूद जब्त किया गया। इससे पहले पिछले हफ्ते भी तीन ऐसे ही हाइब्रिड आतंकी धरे गए थे।



- आतंकियों के कब्जे से हथियार व गोला बारूद भी किया गया बरामद

रक्षाधिकारी व पुलिस अधिकारी अब आप मानते हैं कि कश्मीर में उन्हें एक्टिव आतंकियों से अधिक खतरा हाइब्रिड आतंकियों से है क्योंकि वे भीड़ में छुपे हुए वे चेहरे हैं जिनकी पहचान आसान नहीं है। वे स्वीकार करते हैं कि उन्हें लोकल लेवल पर हथियारों खास कर पिस्तौल से फायर करने की ट्रेनिंग दी जा रही है। हालांकि ये अधिकारी इस पर भी चिंता प्रकट करते थे कि हाइब्रिड आतंकियों को जिन स्थानीय ठिकानों पर ट्रेनिंग दी जा रही है उनका अभी तक पर्दाफाश नहीं हो सका है।

एक सूत्र के बकौल, अनंतनाग में सात दिनों तक चली जंग में मारे गए उजैर खान को भी लोकल लेवल पर ट्रेनिंग देकर तैयार किया गया था। इस जानकारी के बाद सुरक्षाबलों की चिंता और बढ़ गई है। गौरतलब है कि एक अन्य मॉड्यूल का भंडाफोड़ तब हुआ जब पुलिस को विश्वसनीय स्त्रोतों के माध्यम से 21 सितम्बर को पता चला कि जांबाजपोरा बारामूला का यासीन अहमद शाह अपने घर से लापता है और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर टीआरएफ में शामिल हो गया है। मानव तकनीकी खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस, सेना और सीएपीएफ की एक संयुक्त टीम ने टप्पर पट्टन में जांच के दौरान 22 सितंबर को उसे पकड़ लिया। उसके पास से एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन और आठ कारतूस सहित आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। वहीं सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर के बडगाम जिले में सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात चार संदिग्धों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार बरामद किए। सूत्रों के मुताबिक सेना और पुलिस ने 25-26 सितम्बर की दरम्यानी रात बीरवाह बडगाम में संयुक्त अभियान छेड़ा था।

उल्टा पुल्टा

बेटी : मैं पड़ोसी से प्यार करती हूं और भाग रही हूं उसके साथ..!!
बाप : थैंक गॉड...मेरे पैसे और समय दोनों बच गए..!
बेटी : पापा, मैं लेटर पढ़ रही हूं, जो मम्मी रख के गई है...!!!

# राजधानी के विकास को सरकार प्रतिबद्ध : शैली

## सदन की बैठक में पाषदों के हंगामें के बीच छह प्रस्तावों को दी मंजूरी

**नई दिल्ली,**26 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम की मंगलवार को हुई सदन की बैठक में 6 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। जबकि दो प्रस्ताव स्थगित किए गए हैं। इसके अलावा एक प्रस्ताव कमिश्नर को भेजा गया है। मंगलवार को हुई सदन की बैठक में सबसे पहले रमेश बिधूडी की तरफ से संसद में कहे गए अपशब्दों को लेकर निंदा प्रस्ताव पास किया गया। आम आदमी पार्टी की पार्षद मोहिनी जिंदवाल ने भाजपा सांसद रमेश विधुड़ी द्वारा बसपा सांसद को अपशब्द कहने की बात कहते हुए निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस निंदा प्रस्ताव का विपक्षी भाजपा पार्षदों ने विरोध किया। विपक्ष के नेता राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम सदन में नागरिक निकाय से संबंधित मुद्दों पर चर्चा होती है विकास पर चर्चा करनी चाहिए। राष्ट्रीय राजनीति के मामलों का इस सदन के कोई मतलब नहीं है। सत्तापक्ष आम आदमी पार्टी द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित कराना चाही,




दिल्ली के विकास को लेकर महत्वपूर्ण एजेंडे पास किए गए हैं : शैली ओबरॉय

- दिल्ली नगर निगम की बैठक में भाजपा सांसद रमेश बिधूडी के खिलाफ लाया गया निंदा प्रस्ताव
- विपक्षी भाजपा पार्षदों ने किया निंदा प्रस्ताव का विरोध

लेकिन विपक्ष के भारी विरोध हंगामें के कारण महापौर ने 15 मिनट के लिए बैठक स्थगित कर दी। इसके बाद शॉर्ट नोटिस पर चर्चा की गई है। इसके बाद 6 एजेंडे बहुमत के साथ पास किए गए। सदन की बैठक के बाद मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली के विकास को लेकर महत्वपूर्ण एजेंडे पास किए गए हैं। गांधी नगर मार्केट का 162 करोड़ रुपए से रिडेवलपमेंट किया जाएगा। इसके लिए फंड दिल्ली सरकार दे रही है। इसके अलावा पूरी दिल्ली में एलईडी लाइट्स लगाई जाएंगी। कॉन्ट्रेक्ट कर्मचारियों के संबंध में भी महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किया गया है। उन्होंने कहा कि सीएम अरविंद केजरझीवाल के नेतृत्व में दिल्ली को दुनिया का सबसे सुंदर शहर बनाया जा रहा है। दिल्ली को खोई हुई विरासत को लौटाने का काम किया जा रहा है। हाउस में नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि भाजपा ने सफाई कर्मचारियों का 15 साल तक शोषण किया। पहले तीन चार माह तक वेतन नहीं मिलता था लेकिन केजरीवाल सरकार बनने के बाद पहली तारीख को वेतन मिलता है। अब भाजपा सफाई कर्मचारियों के नाम पर दुकान चलाने की कोशिश कर रही है। नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि दिल्ली में फोगिंग और लार्वा नष्ट करने के लिए पर्याप्त दवाई है। लेकिन लोगों को भाजपा गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

### मोदी के नेतृत्व में देश का मान संपूर्ण विश्व में बढ़ा : इकबाल सिंह



दिल्ली नगर निगम की मंगलवार को हुई सदन की बैठक में निगम में नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने जी-20 सम्मेलन के सफल आयोजन, महिला आरक्षण बिल को पास कराने,चंद्रयान के सफल होने एवं नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वर्तमान गृहमंत्री अमित शाह का धन्यवाद किया एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का मान संपूर्ण विश्व में बढ़ा है। दिल्ली नगर निगम की आज हुई सदन की बैठक में नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने निगम की आम आदमी पार्टी की सरकार को घेरा तथा उस पर सफाई कर्मचारियों के शोषण करने का आरोप लगाया। सिंह ने कहा कि आप पार्टी की गुड गवर्नेंस का मतलब है सफाई कर्मचारियों का शोषण।

# शीतकालीन प्रदूषण पर अंकुश लगाने को कार्य योजना की जा रही तैयार : गोपाल राय

**29 सितम्बर को शीतकालीन कार्य योजना की घोषणा करेंगे केजरीवाल**



**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (आईएएनएस)। दिल्ली सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह सर्दियों के महीनों में प्रदूषण से निपटने के लिए एक व्यापक योजना को लागू करने की दिशा में अपने प्रयासों को तेज करके वायु प्रदूषण पर अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 29 सितम्बर को शीतकालीन कार्य योजना (विंटर एक्शन प्लान) की घोषणा करेंगे। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि हम संबंधित विभागों द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर दिल्ली में शीतकालीन प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए एक शीतकालीन कार्य योजना तैयार कर रहे हैं। 14 सितम्बर को दिल्ली सचिवालय में सभी 28 विभागों की शीतकालीन कार्य योजना को लेकर संयुक्त बैठक हुई और अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सभी निर्माण एजेंसियों को धूल प्रदूषण से संबंधित नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश जारी किए गए हैं। बैठक में पर्यावरण विभाग, डीपीसीसी, विकास विभाग, दिल्ली छावनी बोर्ड, सीपीडब्ल्यूडी, डीडीए, दिल्ली पुलिस, डीटीसी, राजस्व विभाग, डीएसआईआईडीसी, शिक्षा विभाग, डीएमआरसी, पीडब्ल्यूडी, परिवहन विभाग, एनएचएआई, दिल्ली जल बोर्ड, डीयूएसआईबी और एनडीएमसी के अधिकारी शामिल हुए। सभी विभागों को विंटर एक्शन प्लान के तहत विस्तृत कार्ययोजना 25 सितम्बर तक पर्यावरण विभाग को सौंपने के निर्देश दिए गए।

### कानून का उल्लंघन करने वाली एजेंसियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

राय ने कहा कि पिछले साल, हमने प्रदूषण पर पकड़ बनाए रखने के लिए दिल्ली में निर्माण व्यवसाय से जुड़ी सभी एजेंसियों के साथ मिलकर काम किया। मैं आज उनसे धूल प्रदूषण से जुड़े नियमों का पालन करने की अपील कर रहा हूं। कानून का उल्लंघन करने वाली सभी एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। 29 सितम्बर को अरविंद केजरीवाल के विंटर एक्शन प्लान की घोषणा के बाद हम इसे जमीन पर लागू करना शुरू कर देंगे। प्रदूषण कम करने के लिए 13 हॉटस्पॉट के लिए अलग-अलग कार्य योजना बनाई जाएगी। इस बार प्रदूषण कम करने के लिए हॉटस्पॉट पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

## सार संक्षेप

### वरेनियम क्लाउड लिमिटेड का राइट्स इश्यू कल

**नई दिल्ली।** वरेनियम क्लाउड लिमिटेड राइट्स इश्यू से 49.46 करोड़ जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी का राइट्स इश्यू 28 सितम्बर 2023 को खुलने वाला है और इसकी कीमत 123 रुपये प्रति शेयर है। इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं, कंपनी की विस्तार योजनाओं को फंड देने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जाएगा। राइट्स इश्यू 4 अक्टूबर 2023 को बंद होगा। कंपनी 5 अंकित मूल्य के 40,20,574 पूर्ण-भुगतान वाले इक्विटी शेयर 123 रुपए प्रति राइट शेयर 118 रुपए प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित की कीमत पर जारी करेगी, जो कुल मिलाकर 49.46 रुपए करोड़ होगा। प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 1:10 है। राइट्स इश्यू आवेदन पर शेयरधारकों को 50 प्रतिशत यानि की रु. 61.5 प्रति शेयर का भुगतान करना होगा और शेष 50 प्रतिशत का भुगतान बोर्ड द्वारा तय किए गए अनुसार एक या अधिक कॉल पर 61.5 रुपए प्रति शेयर पर करना होगा।

### बीबेट्टा एप के साथ स्पोर्ट्स एंगेजमेंट को मिली नई परिभाषा

**नई दिल्ली।** स्पोर्ट्स एंगेजमेंट प्लेटफॉर्म बीबेट्टा अपने नए फ्री-टु-प्ले एप के साथ फैंटेसी स्पोर्ट्स को नई पहचान देने के लिए पूरी तरह तैयार है। पारंपरिक स्पोर्ट्स बेटिंग एप से इतर बीबेट्टा ऐसी स्पोर्ट्स कम्युनिटी बनाने के प्रयास में है, जिसमें एकता और सहयोग की भावना हो और जिसे गेमिंग से प्यार हो। स्पोर्ट्स के लाखों दीवानों को साथ जोड़ते हुए बीबेट्टा ने एक गेमचेंजर के रूप में पहचान बनाई है। इसने प्रतिस्पर्धा के रोमांच और टीम भावना पर जोर देते हुए स्पोर्ट्स एक्सपीरियंस को नई परिभाषा दी है। बीबेट्टा के संस्थापक एवं सीईओ मीत शाह ने कहा कि बीबेट्टा मात्र एक स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म नहीं है, बल्कि एक डायनेमिक प्लेग्राउंड है, जहां पार्टनरशिप करके इनाम जीता जा सकता है। हमारा मिशन स्पोर्ट्स के दीवानों को एक करना, उन्हें जुड़ने, चैट करने और अपनी पसंदीदा टीम और खिलाड़ी के लिए चियर करने का मौका देना है। बीबेट्टा सिर्फ जीतने पर केंद्रित नहीं है, बल्कि यह लोगों को खेलों की दुनिया में डूबने, उस ऊर्जा को अनुभव करने और टॉप ब्रांड्स से रिवार्ड जीतने का भी मौका देता है। बीबेट्टा के सह-संस्थापक केजल शाह ने कहा कि मैं इस सफर का हिस्सा बनने और यह देखने के लिए उत्साहित हूं।

# अवैध संबंध के शक में गई युवक की जान

## नशा चढ़ने के बाद चाकू मारकर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली,**26 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पैरोल मिलने के बाद फरार हुए हत्या आरोपी पप्पू कुमार उर्फ कबीर को गया, बिहार से गिरफ्तार किया है। फरार होने के बाद कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। आरोपी पप्पू ने अवैध संबंधों के संदेह में नरेश नामक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। पप्पू को संदेह था कि नरेश के उसकी पत्नी से अवैध संबंध हैं। अपराध शाखा के विशेष पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंह यादव के अनुसार एसीपी नरेश कुमार की टीम में तैनात हवलदार राहुल कुमार को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी पप्पू कुमार उर्फ कबीर गया, बिहार में छिपा हुआ है। एसीपी नरेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर पवन कुमार व राकेश, एएसआई गोविंद सिंह व राजेश कुमार की टीम ने गया, बिहार जाकर पप्पू कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

**यह था मामला**

निहाल विहार पुलिस थाना क्षेत्र में 12 नंवबर, 2016 को करीब 25 वर्षीय युवक का शव मिला था। मृतक नरेश की गुमशुदगी की रिपोर्ट 11 नवंबर, 2016 में नांगलोई थाने में दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता महिला ने मृतक युवक की पहचान अपने पति नरेश कुमार के रूप में की। पीड़ित महिला ने बताया था कि उसका पति नरेश आखिरी बार पप्पू कुमार उर्फ कबीर से मिलने गया था।

**कोविड काल में पैरोल मिली थी**

आरोपी पप्पू को कोविड-19 महामारी के दौरान दिनांक 27 जून 20 को पैरोल दी गई थी। पैरोल मिलने के बाद वह अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए अपना ठिकाना बदलकर किसी अज्ञात स्थान पर छिप गया। वह निर्धारित समय पर जेल अधिकारियों के समक्ष पेश नहीं हुआ और बाद उसे भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया गया था।

### शिल्प कौशल पर आधारित रग उत्सव आज से

**नई दिल्ली,**26 सितम्बर (देशबन्धु)। हैंडमेड रग्स मैन्युफैक्चरिंग में मशहूर लीडर, जयपुर रग्स, 27 सितम्बर से शुरू होने वाले अपने एनुअल रग उत्सव के बहुप्रतीक्षित 2023 एडिशन की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित है। इस वर्ष, रग उत्सव कस्टमर्स के लिए एक शानदार एक्सपीरियंस देने का वादा करता है, जिसमें रग कैटेगरी की विशाल रेंज पर स्पेशल डिस्काउंट, टैलेंटेड बुनकरों के साथ इंटरैक्टिव सेशन और जयपुर रग्स मेरिटोरियस स्कॉलरशिप प्रोग्राम के माध्यम से शिक्षा को सपोर्ट करने के लिए एक नेक पहल भी शामिल है। जयपुर रग्स के डायरेक्टर योगेश चौधरी ने कहा कि हमने हमेशा अपने बुनकरों के जीवन में रोशनी और खुशी लाने को प्राथमिकता दी है। इस साल हम रग उत्सव से प्राप्त आय का एक हिस्सा जेआर मेरिटोरियस स्कॉलरशिप प्रोग्राम में योगदान देकर अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रहे हैं।

# समाज में शांतिपूर्ण ढंग से रहें सभी व्यक्ति : राजिन्दर

**दर्शन एकेडमी ने मनाया वार्षिकोत्सव समारोह**

**नई दिल्ली,**26 सितम्बर (देशबन्धु)। होलिस्टिक एजुकेशन और शांतिपूर्ण शिक्षा के 25 से अधिक गौरवशाली वर्ष पूरे होने पर दर्शन एजुकेशन फाउंडेशन के तत्ववाधान में दर्शन एकेडमी दिल्ली ने अपना वार्षिकोत्सव समारोह मनाया।




भारत के प्रमुख शिक्षा संस्थानों में से एक दर्शन एकेडमी, दिल्ली ने नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में वार्षिकोत्सव समारोह के एक शानदार कार्यक्रम में प्रेम, शांति और संपूर्ण शिक्षा की एक मनमोहक प्रस्तुति पेश की। इस अवसर पर पूरे भारतवर्ष से शिक्षा जगत के गणमान्य व्यक्ति, प्रिंसिपल, छात्र, शिक्षक और अन्य सदस्य होलिस्टिक और नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा के एक भव्य उत्सव को मनाने के लिए एकत्र हुए, जिन्होंने शिक्षा की भावना को उजागर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दर्शन एजुकेशन फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह महाराज ने की, जिनके मार्गदर्शन में यह शिक्षा संस्थान कार्य कर रहा है। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि मुझे यहां आकर बहुत ही खुशी हो रहा है क्यांकि हम एक विशेष थीम 'पीसफुल हार्ट्स, पीसफुल प्लैनेट' का उत्सव मना रहे हैं। हमारे इस ग्रह को क्या चीज शांतिपूर्ण बना सकती है। हम सभी मिल जुलकर इस ग्रह पर रहते हैं और एक-दूसरे पर गहरा प्रभाव डालते हैं। हम सभी व्यक्ति मिलकर एक समाज बनाते हैं, उन समाजों से मिलकर शहर बनता है, शहर को मिलकर देश बनाता है और कई देशों से मिलकर ग्लोब बनता है। इसीलिए यह बहुत ही महत्वपूर्ण है कि हम सभी व्यक्ति शांतिपूर्ण ढंग से रहें। जैसा कि दर्शन एजूकेशन फाउंडेशन 26 साल पहले अस्तित्व में आया था, तो उस समय शांतिपूर्ण व्यक्तियों की आवश्यकता आज पहले से ज्यादा थी।

# अटल फाउंडेशन ने दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय श्री अटल पुरस्कार 2023 की घोषणा की




**नई दिल्ली,**26 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाने के तहत अटल फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष अपर्णा सिंह और अंतरराष्ट्रीय कॉर्डिनेटर डॉ. पुष्पिता अवस्थी संगठन के सम्मानित सदस्यों में शामिल हुईं। इस बैठक का प्राथमिक उद्देश्य भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर, 2023 को होने वाले भव्य अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की घोषणा करना था। यह कार्यक्रम, जिसे 'अंतरराष्ट्रीय अटल पुरस्कार 2023' के रूप में जाना जाएगा, 2023 में पहली बार आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन के टैगोर हॉल में आयोजित किया जाएगा, इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने के इच्छुक लोगों के लिए आवेदन संगठन की वेबसाइट पर 20 नवंबर, 2023 की अंतिम तिथि तक जमा किए जा सकते हैं। अटल फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष अपर्णा सिंह ने कहा, 'भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की विरासत हमारे देश के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश है। अंतरराष्ट्रीय अटल पुरस्कार 2023 के माध्यम से, हम वैश्विक मंच पर उनकी स्थायी भावना को रोशन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह पुरस्कार कुल 11 श्रेणी में 11 व्यक्तियों को उनके अतुलनीय योगदान के लिए दिया जायेगा। प्रत्येक विजेताओं को 1 लाख रुपए का चेक प्रदान किया जाएगा, साथ ही श्री अटल जी की गोल्ड प्लेटेड प्रतिमा, प्रशस्ति पत्र और शॉल के साथ सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर अपर्णा सिंह और डॉ. पुष्पिता अवस्थी ने सभी व्यक्तियों के समर्थन और भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया और अंतरराष्ट्रीय अटल अवार्ड को सफल बनाने में सामूहिक प्रयास के महत्व पर जोर दिया।

### नेत्र चिकित्सा शिविर का 235 लोगों ने उठाया लाभ



**नई दिल्ली,**26 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73 वें जन्मदिवस को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ 'सेवा सप्ताह' जन्मोत्सव पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इस सेवा सप्ताह पखवाड़ा के चलते हुए उत्तर पूर्वी जिला घौंडा वार्ड 231 की निगम पार्षद प्रीति गुप्ता ने अपने पार्षद कार्यालय पर 'शशिकांत आई एंड लेजर सेंटर' के माध्यम से यह नेत्र चिकित्सा कैंप शिवर लगवाया। लगभग 235 लोगों ने इस नेत्र चिकित्सा शिविर में नेत्र जांच करवाई और निशुल्क आंखों के चश्मे भी प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा से घौंडा मंडल अध्यक्ष दिनेश अच्छवान, जिला उपाध्यक्ष बालवीर परमार,योग गुरु रामेश्वर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र बेलवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मेहर सिंह कपिल, दीपक, ललित चौधरी, नित्यानंद गैरोला, सतीश राघव, सचिन छजलाना, शीतल शुक्ला, दीपिका ग्रोवर, कुलदीप सिंह, नीलकमल चंदेल, सोनम शर्मा, विजय भाटिया, चिकित्सा एवं सहायक कर्मचारियों ने शिविर को सफल बनाया।

G20 | उत्तर रेलवे | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e-निविदाएं आमंत्रित की जाती है

| | |
|---|---|
| क्र.सं. | 1 |
| कार्य का नाम | डीआरएलए, केईएक्स, बीटीयू, एसएमक्यूएल, एनएनएक्स, डीईसी, पीटीआरडी और केआईप में ट्रैक मशीन साइडिंग सुविधाओं के प्रावधान के संबंध में ट्रैक कार्य और एमडीएनआर, एमटीसी, एमओजेड, एफडीबी, पीडब्ल्यूएल और जीजीएन में आरजीएम साइडिंग का प्रावधान दिल्ली डिवीजन के ऊपर वरिष्ठ मंडल अभियंता/2 और वरिष्ठ मंडल अभियंता/5 (लागत में जीएसटी सहित सभी कर शामिल हैं) |
| अनुमानित लागत | रू. 3,21,33,488.59 |
| धरोहर राशि | रू. 3,10,700/- |
| समापन अवधि | 18 माह |
| निविदा खुलने की तिथि | 17.10.2023 |

सूचनाः निविदा रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.inपर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 17.10.2023 15.00 बजे तक ही भरी जायगी। 2980/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**महत्वपूर्ण सूचना**

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि भोडवाल माजरी में दिनांक 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले वार्षिक निरंकारी संत समागम कार्यक्रम के दौरान संचालित होने वाली विशेष रेलगाड़ियों के संबंध में दिनांक 24.09.2023 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना को निरस्त माना जाये।

रेलयात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है।

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें | आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

FORM NO. See Regulation 33(2)
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication.

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER -I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
797/2, Shantikunj South Civil Lines, Jabalpur 482001

**Show Cause To Attachment Of Immovable Property Under Provisions Of The Second Schedule To The Income Tax Act 1961 Read With Recovery Of Debts & Bankruptcy Act, 1993.**

**OAEX 176/2013**
**KOTAK MAHINDRA BANK LIMITED**
**Versus**
**GURUKRIPA COAL TRANSPORT**

**To, 1.Guru Kripa Coal Transport Pvt. Ltd.**
WZ-443, Street No. 23, Shiv Nagar, Hari Nagar New Delhi - 110 058
**2. Harjeet Gurdev Singh Walia C/o Aparna Carbons Pvt. Ltd.**
House No. 47a, 2 Nehru Nagar Bhilai, Chhatisgarh - 4900 020.
**3. Vinson Industries Pvt. Ltd.**
NH-6, Near Hotel Chidambara B-SJK Dhaba Telibandha Raipur, Chhatishgarh - 492-023

Whereas the Recovery Certificate issued in **OA/174/2012** passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR an amount of **Rs 1,70,32,301.60 (Rupees One Crore Seventy Lakh Thirty Two Thousand Three Hundred One and Sixty Paise Only)** along with future interest at **24%** p.a. from **25-05-2012** till the date of realization, has become due against you (Jointly and severally), and whereas the said has not been paid. **2.** You are directed to appear before the Recovery Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR on **20/10/2023 at 10.30 A.M.** and to show cause why the below said property should not be attached. You are also restrained from creating any third-party interest in this property till further order(s)

**Property Detail** :- Agriculture Land Gram Jarvay @ Hirapur, Halka 00035, R.N. Raipur-2- Hirapur, Tehsil Raipur District Raipur, C.G. Khasra No. 624/21, area 0.1150 Hect. Property in the name of Harjeet Singh Sio Shri Gurudev Singh. and Baljeet Singh S/o Shri Gurudev Singh.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **14/09/2023**

Vaatsalya Kumar
Recovery Officer, DRT Jabalpur (M.P.)

# आईटेल ने लांच किए कम कीमत के 5जी स्मार्ट फोन

## एक साहसिक यात्रा शुरू कर रहे हैं हम : तालापात्रा




**नई दिल्ली,**26 सितम्बर (देशबन्धु)। आईटेल ने 10 हजार और 15 हजार की रेंज में नए 5जी स्मार्ट फोन लॉन्च किए हैं। मंगलवार को आईटेल ने 10 हजार से कम कीमत में भारत का सबसे किफायती और शक्तिशाली 5 जी स्मार्टफोन लॉन्च करके एक और बड़ी छलांग लगाई है, जिससे यह भारत के उपभोक्ताओं के लिए एक सुलभ तकनीक बन गई है।

आईटेल पी55 पावर 5जी स्मार्टफोन इस सेगमेंट में मौजूद किसी भी अन्य ब्रांड के विपरीत उद्योग में अपनी तरह का एक स्मार्टफोन है। यह निर्बाध और उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करने वाले अत्यधिक एस्पिरेशनल मीडियाटेक डाइमेंशन 6080 चिपसेट से लैस है। यह डिवाइस अपनी अविश्वसनीय रूप से तेज कनेक्टिविटी और प्रदर्शन के माध्यम से उपयोगकर्ता के अनुभवों को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है, यह सब 9699 रुपए की शुरुआती प्रतिस्पर्धी कीमत पर पेश किया गया है। वहीं दूसरी ओर 15 हजार से कम कीमत में सेगमेंट के पहले 3डी कर्व्ड एमलोड डिस्प्ले स्मार्टफोन के साथ, आईटेल ने एक बार फिर से मानक ऊपर उठाया है, जिसे जेन जेड के स्टाइल भागफल से मेल खाने के लिए तैयार किया गया है। 13,999 रुपये की कीमत पर, आईटेल एस23 प्लस अपने इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर के साथ खुद को अलग करता है। इस मूल्य सीमा में स्मार्टफोन के लिए एक अद्वितीय सुविधा।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, आईटेल इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने कहा कि 10 हजार और 15 हजार से कम का सेगमेंट स्मार्टफोन बाजार में 50 प्रतिशत की बड़ी हिस्सेदारी का प्रतिनिधित्व करता है। आईटेल एस 23 प्लस की शुरुआत के साथ, हम एक साहसिक यात्रा शुरू कर रहे हैं।

**रेलगाड़ियों के अस्थाई ठहराव में विस्तार**

रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित रेलगाड़ियों के अस्थाई ठहराव को इनकी वर्तमान समय-सारणी के साथ 6 महीने की अवधि के लिए विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। इनका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | स्टेशन पर | पूर्व घोषित तिथि तक | विस्तारित तिथि तक |
|---|---|---|---|
| 12471/12472 बांद्रा (ट)-श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा-बांद्रा (ट) एक्सप्रेस | विक्रमगढ़ आलोट | 29.09.2023 | 27.03.2024 |
| 12475/12476 हापा-श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा-हापा एक्सप्रेस | विक्रमगढ़ आलोट | 04.10.2023 | 01.04.2024 |
| 22975/22976 बांद्रा (ट)-रामनगर-बांद्रा (ट) एक्सप्रेस | शामगढ़ | 07.10.2023 | 04.04.2024 |
| 19037/19038 बांद्रा (ट)-बरौनी जं.-बांद्रा (ट) एक्सप्रेस | सुवासरा | 01.10.2023 | 29.03.2024 |
| 19019/19020 बांद्रा (ट)-हरिद्वार जं.-बांद्रा (ट) एक्सप्रेस | गरोठ | 31.10.2023 | 28.04.2024 |
| 19037/19038 बांद्रा (ट)-बरौनी जं.-बांद्रा (ट) एक्सप्रेस | गरोठ | 31.10.2023 | 28.04.2024 |
| 20957/20958 इंदौर जं.-नई दिल्ली-इंदौर जं. एक्सप्रेस | शामगढ़ | 31.10.2023 | 28.04.2024 |
| 12001/12002 रानी कमलापति-नई दिल्ली-रानी कमलापति एक्सप्रेस | बीना | 08.10.2023 | 05.04.2024 |
| 19165 अहमदाबाद जं.-दरभंगा एक्सप्रेस | पिपरई गांव | 01.11.2023 | 29.04.2024 |
| 19166 दरभंगा-अहमदाबाद जं. एक्सप्रेस | पिपरई गांव | 02.11.2023 | 30.04.2024 |
| 14317 इंदौर जं.-देहरादून एक्सप्रेस | कोलारस | 02.11.2023 | 30.04.2024 |
| 14318 देहरादून- इंदौर जं. एक्सप्रेस | कोलारस | 31.10.2023 | 28.04.2024 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें | आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20 | उत्तर रेलवे आपकी सुविधा – हमारा ध्येय हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2986/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "हैंडओवर की प्रक्रिया को नियम के तहत आगे बढ़ाया जाएगा, वहां पर जीडीए को विकास कार्य कराने होंगे। हालांकि, अब नगर निगम द्वारा पार्षदों को विकास कार्य के लिए जो कोटा दिया जाएगा, उस कोटे को इंदिरापुरम के पांच पार्षदों को भी दिया जाएगा। जिससे वहां पर वह विकास कार्य करा सकेंगे।

**सुनीता दयाल, महापौर**

# इंदिरापुरम हैंड ओवर व अन्य कई मामलों को लेकर निगम बोर्ड बैठक में हंगामा

- दुकानों का बढ़ेगा किराया, कुत्ता पंजीकरण शुल्क हुआ 500 रुपए
- जल कर एवं सीवर कर का नए सिरे से होगा निर्धारण
- स्मार्ट पार्किंग बनाने का प्रस्ताव नहीं हो सका पास

**गाजियाबाद,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम की पहली बोर्ड बैठक मंगलवार को आयोजि की गयी। बैठक में पार्षदों ने अपने क्षेत्र की प्रमुख समस्याएं जिनमें सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं पेयजल की समस्याएं रखी। बोर्ड बैठक की शुरूआत में ही इंदिरापुरम हैंडओवर को लेकर जबरदस्त हंगामा हुआ। देर शाम तक चली इन बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित हुए। जिनमें डॉगी पंजीकरण शुल्क बढ़ाने, नगर निगम की दुकानों का किराया बढ़ाने, जल कर एवं सीवर कर का नये सिरे से होगा निर्धारण करने का प्रस्ताव शामिल है। वहीं स्मार्ट पार्किंग बनाये जाने का प्रस्ताव पारित नहीं ही सका।

महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता ने बैठक शुरू हुई। बैठक शुरू होते ही वार्ड संख्या 100 के पार्षद संजय सिंह ने आरोप लगाया कि इंदिरापुरम को नगर निगम के हैंडओवर न कर वहां रह रही साढ़े चार लाख की जनता के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। इसकी वजह से पार्षद वहां पर विकास कार्य नहीं करा पा रहे हैं। उनका आरोप था कि इंदिरापुरम जीडीए की कालोनी है और उसे प्लानिंग से बसाया गया है जबकि शहर में 300 से अधिक अवैध कालोनियों में नगर निगम लगातार विकास कार्य करा रहा है।



उन्होंने कहा कि हैंडओवर को लेकर जीडीए और नगर निगम में बकाए को लेकर विवाद है। निगम पहले अपने द्वारा खर्च की गई धनराशि को लेना चाहता है जो करीब ढाई सौ से तीन सौ करोड़ रुपए बैठती है। इसका कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने विरोध जताया, उन्होंने कहा कि जीडीए ने इंदिरापुरम को बसाया है। वहां पर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की जिम्मेदारी जीडीए की है। बिना बकाया रुपए लिए हैंडओवर की प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया जाए।

इस पर संजय सिंह सहित इंदिरापुरम के अन्य पार्षदों ने विरोध जताया और उन पर हैंडओवर की प्रक्रिया में अड़ंगा डालने का आरोप लगाया। इसके बाद हंगामा शुरू हो गया। करीब 15 मिनट तक दोनों पक्ष के बीच जमकर बहस हुई। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अपील पर दोनों पक्ष शांत हुए। महापौर ने सदन में कहा कि हैंडओवर की प्रक्रिया को नियम के तहत आगे बढ़ाया जाएगा, वहां पर जीडीए को विकास कार्य कराने होंगे। हालांकि, अब नगर निगम द्वारा पार्षदों को विकास कार्य के लिए जो कोटा दिया जाएगा, उस कोटे को इंदिरापुरम के पांच पार्षदों को भी दिया जाएगा। जिससे वहां पर वह विकास कार्य करा सकेंगे। बैठक में नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने पार्षदों के सवालों के जवाब दिए।

बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, मुख्य अभियन्ता एनके चौधरी, महाप्रबंधक जल एके त्रिपाठी, नगर स्वास्थ अधिकारी डॉ. मिथलेश, उप पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज कुमार, अधिशाषी अभियंता फरीद जैदी, देश राज उपस्थित रहे।



### खास प्रस्तावों पर एक नजर

**दुकानों का बढ़ेगा किराया, बनेगी समिति, 15 दिन में होगा निर्णय :** नगर निगम की ओर से दुकानों के किराया बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी गई है। बोर्ड बैठक में 3 अधिकारियों एवं 3 पार्षदों की एक समिति तैयार करने पर सहमति बनी है। 15 दिन के भीतर समिति अपना निर्णय देगी और किराया कितना बढ़ेगा और कब से बढ़ेगा इस पर निर्णय समिति के निर्णय के बाद लिया जाएगा।

**बढ़ गया डॉग पंजीकरण शुल्क :** पहली बोर्ड बैठक में डॉग पंजीकरण शुल्क को बढ़ा दिया गया है। पहले जहां डॉग के पंजीकरण के लिए 500 सौ रुपए देने पड़ते थे वहीं अब इस राशि को बढ़ाकर एक हजार रुपए कर दिया गया है। लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क को भी दो सौ से बढ़ाकर 500 रुपए कर दिया गया है। अब नए सिरे से डॉग का पंजीकरण एवं लाइसेंस शुल्क वसूला जाएगा।

**गिर गया स्मार्ट पार्किंग का प्रस्ताव :** बोर्ड बैठक में स्मार्ट पार्किंग के प्रस्ताव को लाया गया और चर्चा कराई गई। बोर्ड बैठक में लाये गए प्रस्ताव को समर्थन प्राप्त नहीं हुआ और बोर्ड बैठक में उक्त प्रस्ताव पर कोई सहमति नहीं बन पाई।

**जल कर एवं सीवर कर का नए सिरे से होगा निर्धारण :** बोर्ड बैठक में प्रस्ताव संख्या-4 को प्रमुखता से रखा गया। कार्यकारिणी से पास प्रस्ताव पर बोर्ड की भी सहमति मिल गई है। अब नए सिरे से जल कर एवं सीवर कर का निर्धारण किया जाएगा। बोर्ड बैठक में समस्त पार्षदों की ओर से इसे पास कर दिया गया है।



## संभव के अंतर्गत निगम अधिकारियों ने सुनी समस्याएं

**गाजियाबाद,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। एक तरफ जहां मंगलवार को नगर निगम बोर्ड बैठक हुई वहीं नगर निगम अधिकारियों ने संभव कार्यक्रम के अंतर्गत फरियादियों की समस्याएं सुनी इस मौके पर फरियादियों की कई समस्याओं को हल किया गया और कई को आगे के लिए संदर्भित किया गया क्योंकि आज नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक व अन्य अधिकारी जीडीए बोर्ड बैठक में व्यस्त थे। इसलिए आज संभव कार्यक्रम के अंतर्गत टैक्स अधीक्षकों ने आने वालेव फरियादियों की समस्याओं को सुना।

इनमें सिटी जॉन कर अधीक्षक रामबली पाल संतोष कुमार समेत सभी जनों के टैक्स अधीक्षक मौजूद रहे और समस्याओं को सुना।

## सार संक्षेप

### अवैध रूप से शराब परोसने के मामले में तीन गिरफ्तार

**नोएडा।** नया बांसगांव स्थित रेस्टोरेंट पर छापा मारकर आबकारी और पुलिस की टीम ने तीन आरोपियों को अवैध रूप से शराब परोसते हुए दबोच लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि सोमवार रात को आबकारी विभाग और थाना फेस वन पुलिस ने नयाबास गांव स्थित भुक्कड़ मुक्कड़ रेस्टोरेंट पर छापा मारा। वहां पर अवैध रूप से शराब परोसी जा रही थी। पुलिस ने राजा कुमार, अनूप सिंह तथा जमशेद को इस दौरान गिरफ्तार कर लिया। मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में बीयर और अंग्रेजी शराब की बोतलें बरामद की है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

**नोएडा।** सेक्टर-96 स्थित अपने घर से 19 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। युवती के परिजनों की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। माया नगर कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने सेक्टर-39 थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी 19 वर्षीय बेटी 11 सितम्बर से घर से लापता है। उसका मोबाइल भी बंद है। पड़ोसियों और करीबियों से भी इस संबंध में जानकारी की गई पर युवती का कोई सुराग अभी तक नहीं मिला है। युवती के लापता होने के बाद से परिजन परेशान हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि युवती की सकुशल बरामदगी के लिए दो टीमें गठित की गई हैं। घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

### अन्तर्जनपदीय मलखंब प्रतियोगिता का समापन

**बुलंदशहर।** मेरठ की अन्तर्जनपदीय मलखंब प्रतियोगिता का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक नगर सुरेन्द्र नाथ तिवारी द्वारा किया गया था।



प्रतियोगिता में जनपद शामली को छोड़कर 8 जनपदों से 100 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया था। मंगलवार को मलखंब प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार की उपस्थिती में समापन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद बुलन्दशहर की टीम द्वारा 30 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया गया तथा जनपद हापुड़ की टीम द्वारा 11 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया। सहायक पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा द्वारा मुख्य अथिति वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बुलन्दशहर को सम्मान प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा खिलाडियों का उत्सहावर्धन करते हुए विजेता टीम के खिलाडियों को गोल्ड मेडल व प्रशस्ति व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों के सिल्वर मेडल व प्रशस्ति प्रदान किये गये। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक अपराध/यातायात पूर्णिमा सिंह तथा प्रतिसार निरीक्षक लाइन अजय कुमार श्रीवास्तव सहित सभी टीम मैनेजर एवं अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## सर्वोत्तम वर्ल्ड के विज्ञापन भ्रामक, नहीं करे निवेश

- दूसरे प्रमोटर के है दिए गए रजिस्ट्रेशन नंबर, रेरा अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई

**नोएडा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। यूपी रेरा ने सर्वोत्तम वर्ल्ड प्रमोटर के विज्ञापन को भ्रामक और कपटपूर्ण बताया। साथ ही एडवाइजरी करते हुए खरीदार और निवेशकों को आगाह किया है। प्रमोद कुमार उपाध्याय सचिव, उप्र रेरा ने बताया कि जांच पड़ताल में जानकारी हुई कि एक प्रोमोटर 'सर्वोत्तम वल्ड' द्वारा 'न्योडा' नाम की एक हाई-टेक टाउनशिप में 'मेगापोलिस, सर्वोत्तम मेगापोलिस' नाम की रियल एस्टेट परियोजना का विज्ञापन किया जा रहा है।

ये विज्ञापन मीडिया के सभी मंचों- समाचार पत्र, रेडियो, डिजिटल, आदि पर प्रसारित व प्रचारित किया जा रहा है। इस संबन्ध में आपको सूचित एवं आगाह करना है कि उक्त विज्ञापन 'पूर्णतः भ्रामक और कपटपूर्ण' है। विज्ञापन में प्रस्तुत विवरण के अनुरूप कोई परियोजना रेरा में पंजीकृत नहीं है। विज्ञापन में दिए गए तीनों पंजीयन संख्या- UPRERAPRJ10825, UPRERAPRJ 10851 व UPRERAPRJ 11033 अन्य प्रमोटर, मेसर्स उत्तम स्टील एंड एसोसिएट (कन्सॉर्श्यम) व मेसर्स अंसल हाई-टेक टाउनशिप, के नाम पर दर्ज है।

प्रमोटर द्वारा इस प्रकार का विज्ञापन रेरा अधिनियम के प्राविधानों का उल्लंघन है। इस प्रकार के विज्ञापन से रियल एस्टेट के हितधारकों में प्रमोटर के प्रति नकारात्मक संदेश जाता है। खरीदारों के साथ धोखाधड़ी होने की संभावना रहती है। प्रोमोटर का यह काम 'रेरा अधिनियम 2016' के अन्तर्गत दण्डनीय है और इसके लिए उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। जिससे समस्त रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों के हितों की रक्षा की जा सके। रेरा प्रदेश में रियल एस्टेट क्षेत्र के नियमन और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे में रेरा ने अपील की रियल एस्टेट क्षेत्र के संभावित एवं भावी खरीदारों से अपील करता है कि परियोजना में खरीदारी या निवेश के पूर्व परियोजना से जुड़ी समस्त जानकारी विज्ञापन पर दिए गए पंजीयन संख्या के जरिए प्राप्त करें।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत मेधावी बालिकाओं को किया गया सम्मानित

- राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में जनप्रतिनिधियों ने बच्चों का कराया अन्नप्राशन

**ग्रेटर नोएडा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला मुख्यालय के सभागार में मेधावी बालिकाओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय जेवर, दादरी एवं दनकौर की बालिकाओं को शिक्षा से जोड़े रखने के उद्देश्य से वर्ष 2023 की कक्षा 8वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली मेधावी बालिकाओं को सांसद डॉ. महेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी,





विधायक दादरी तेजपाल नागर, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा साइकिल वितरित की गई। साथ ही बालिका शिक्षा के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2023 की मेधावी छात्राओं को 5000 की प्रोत्साहन धनराशि का चेक एवं सम्मान पत्र वितरित किए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में सांसद डॉ. महेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, विधायक दादरी तेजपाल नागर, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र सूरजपुर व मलकपुर के 11 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया।

राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत सामुदायिक आधारित गतिविधियों के अंतर्गत जनपद में 1100 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। पोषण शपथ पर सभी जनप्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर भी किए गए एवं दैनिक जीवन में श्री अन्न की उपभोक्ता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम में श्री अन्न से बने व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका सभी जनप्रतिनिधियों ने अवलोकन भी किया।

## कुश्ती दगंल में पहलवानों ने दिखाई अपनी ताकत

**जेवर,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री दाउजी मंदिर परिसर में चल रहे आठ दिवसीय 164वें बल्देव छट मेले में मंगलवार को दूर दराज से आये पहलवानों ने कुश्ती दंगल में अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। समाचार लिखे जाने तक 21हजार की अंतिम कुश्ती के लिए पहलवानों के बीच जोर अजमाईश जारी रही। कुश्ती दंगल को देखने के लिए नगर व दूर दराज क्षेत्र से हजारों की संख्या में दर्शक पहुंचे। समिति द्वारा विशिष्ट अतिथि खैर नगर पंचायत के अध्यक्ष संजय शर्मा का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।



इस मौके पर अनिल शर्मा, युगल दत्त शर्मा, बनवारी लाल शर्मा, विजय शर्मा, शिवकुमार शर्मा, उमेश तायल व रवेन्द्र शर्मा उर्फ बॉबी आदि मौजूद रहे। सोमवार को खेले गये पुरूष कबड्डी टूर्नामेंट में श्री दाउजी क्लब जेवर ने सावलिया क्लब को 9अंको से शिकस्त दी। कबड्डी टूर्नामेंट के आयोजक डॉ. चिराग अग्रवाल द्वारा विजेता टीम को 61 हजार रूपए व ट्राफी तथा उपविजेता सावलिया क्लब को 41 हजार रूपए की नगद राशि व ट्राफी तथा दोनों टीमों के खिलाड़ियों को कबडडी प्लेयर किट से सम्मानित किया।

## 4 महीने पहले बढ़ी तलाकशुदा पत्नी की पति से करीबियां

- तलाक के बाद मुजफ्फरनगर में तय हुई थी तरुण की शादी, इससे दोनों थे आहत

**नोएडा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। सॉफ्टवेयर इंजीनियर तरुण और उसकी तलाकशुदा पत्नी के बीच 4 महीने पहले फिर करिबियां बढ़ने लगी। ऐसा अक्सर सुनने को नहीं मिलता लेकिन इस केस में ऐसा हुआ। दोनों इतने करीब आ गए कि फिर से सेक्टर-122 में एक फ्लैट में सरिता उससे मिलने आने लगी। ये बात परिजनों को नागवार लग रही थी। इस बीच तरुण के परिवार वालों ने उसकी शादी मुज्जफर नगर में तय कर दी। इससे तरुण भी आहत था और सरिता भी। ये वजह इतनी बड़ी भी नहीं दोनों एक साथ सुसाइड कर ले। हालांकि पुलिस इस मामले को काफी गंभीरता से ले रही है। पुलिस इस मामले में अभी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। मोबाइल फोन, कॉल डिटेल, बैंक स्टेटमेंट से लेकर दोनों के दोस्तों से सरिता और तरुण के रिलेशन की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का मानना है ऐसा कम ही होता है कि एक शादी शुदा पहले साथ रहे फिर तलाक ले। डेढ़ साल तक दूर रहे फिर चार महीने पहले एक दम से नजदीकियां बढ़ने लगे। सुनने में अटपटा है। साथ भी रहने लगे। परिजनों से पूछताछ की जा रही है। उनके कमरे से जहरीले पदार्थ की तीन शीशियां मिली। जिसमें कुछ खाली थी। सुसाइड नोट मिला। जिसमें तीन अकाउंट उनके पासवर्ड के साथ भतीजे और और भतीजी का जिक्र किया गया।

**अब जानते है क्या है पूरा मामला**

नोएडा के सेक्टर 16 स्थित आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत मेरठ निवासी तरुण (36) सेक्टर 122 में अकेले रह रहे थे। सोमवार को शाम 6 बजे जब तरुण ने अपने परिजनों का फोन नहीं उठाया तब, घबराकर परिजनों ने अपने एक अन्य रिश्तेदार सूरज को तरुण के घर भेजा।

## बजाज ऑटो 150सीसी पल्सर एन150 नए अवतार में लॉन्च

**गाजियाबाद,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। बजाज ऑटो ने मंगलवार को अपनी 150 सीसी पल्सर एन150 नए अवतार में लॉन्च की। शिवा बजाज शोरूम पर बाइक की लांचिंग की गई। इस बाइक में बेहतर ब्रेकिंग और ट्रैक्शन के लिए 13.5 एनएम टॉर्क और सिंगल-चैनल एबीएस के साथ 14.5 पीएस पीक पावर की सुविधा है।

कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि मोनोशॉक रियर सस्पेंशन और एक स्पोर्टी अंडरबेली एग्जॉस्टयह बाइक तीन आकर्षक रंगों - रेसिंग रेड, एबोनी ब्लैक और मेटालिक पर्ल व्हाइट में उपलब्ध होगी। इसकी कीमत 1,18,029 एक्स-शोरूम है।

बजाज ऑटो के अध्यक्ष (मोटरसाइकिल) सारंग कनाडे ने



कहा कि बीस साल पहले, हमने पहली पल्सर 150 सीसी मोटरसाइकिल लॉन्च की थी, जिसने एंट्री-लेवल स्पोर्ट बाइकिंग सेगमेंट को हिलाकर रख दिया था और तब से यह भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली 150 सीसी मोटरसाइकिल रही है। कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि नई बजाज पल्सर एन150 दो पहियों पर एक पावरहाउस है, जो प्रभावशाली 14.5 पीएस पीक पावर और 13.5 एनएम टॉर्क का दावा करती है।

## 1 अक्टूबर से लागू होगा ग्रेप, बंद हो जाएंगे जनसेट

**नोएडा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा-गाजियाबाद समेत पूरे दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को रोकने के लिए कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने एक आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत 1 अक्टूबर से दिल्ली एनसीआर में ग्रेप लागू हो जाएगा। शहर में डीजी (डीजल जनरेटर) के संचालन पर पाबंदी लग जाएगी। सिर्फ उन्हीं जनरेटरों को चलाने की अनुमति दी जाएगी जो बायो या पीएनजी फ्यूल से चलते हैं। इसको लेकर नोएडा के उद्योग जगत में हड़कंप मच गया है। क्योंकि हजारो उद्यमियों के जनसेट अब भी पीएनजी फ्यूल में कंवर्ट नहीं हो सके है।

नोएडा-ग्रेटरनोएडा में मिलाकर करीब 12 से 15 हजार इंडस्ट्री है। इसके अलावा सोसाइटी और निजी संस्थान है। शहर में 40 हजार के आसपास जनसेट है। जिसमें से अब तक करीब 4 हजार जनसेट ही पीएनजी फ्यूल में कनर्वट हो सके है। इसमें इंडस्ट्री के 1500 जनसेट शामिल है। इस स्थिति में यदि जनसेट बंद हो जाएंगे तो उद्यम प्रभावित होगा। नोएडा एंट्रप्रिन्योर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन ने बताया कि नोएडा में अलग-अलग इंडस्ट्री में अलग-अलग प्रोडेक्ट बनते है। वैसे तो नोएडा नो पावर कट जोन में आता है।



- उद्यमियों में मचा हड़कंप, 10 हजार से ज्यादा इंडस्ट्री में पीएनजी में कंवर्ट नहीं हो सके जनसेट

लेकिन यदि एक से दो घंटे भी शटडाउन लिया गया और उस स्थिति में जनसेट नहीं चला सकते तो नुकसान का आकलन कर पाना ही मुश्किल है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को एसडी अत्री तकनीकी सदस्य, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की अध्यक्षता में ग्रेप को लेकर एक बैठक हुई। जिसमें प्रदूषण के कारकों से अवगत कराया। ये भी बताया कि यदि जनसेट बंद कर दिए जाएंगे तो इसका सीधा असर एमएसएमई सेक्टर पर पड़ेगा। छोटे उद्योगों में 50-100 श्रमिक काम करते है यदि इकाईयां बंद होती है। इसका श्रमिकों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

**दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचा मामला**

नोएडा के एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र नाहटा ने बताया कि ग्रेप लागू करे लेकिन उद्यमियों के हितों को ध्यान में रखते हुए। एक जनसेट बंद को पीएनजी या बायो फ्यूल में कंवर्ट कराने में करीब दो लाख का खर्चा आता है। एमएसएई के उद्योगों के पास अपना वर्किंग केपिटल ही बच जाए वहीं गनीमत है। इस स्थिति में वो कैसे जनसेट को पीएनजी में कंवर्ट करा सकते है। कुछ उद्यमियों ने आवेदन भी किया है। छह से सात महीने हो गए अब तक उनका नंबर ही नहीं आया। ऐसे में दिल्ली हाईकोर्ट में जनसेट बंद होने के खिलाफ एक याचिका दायर की गई है।

**उद्योगों, हाईराइज सोसाइटियों, मॉल और अस्पतालों पर पड़ेगा असर**

बताया जा रहा है डीजल जनरेटरों का संचालन बंद होने से सबसे बड़ा असर उद्योगों, हाईराइज सोसाइटियों, मॉल और अस्पतालों पर पड़ेगा। इन जगहों पर करीब 40 हजार डीजी सेटों का संचालन हो रहा है। साथ ही शहर में अघोषित बिजली कटौती को देखते हुए डीजी सेट पर पाबंदियों से हाईराइज सोसाइटियों में रहने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इन सोसाइटियों में डीजल जनरेटर का इस्तेमाल पावर बैकअप के लिए किया जाता है। करीब 90 प्रतिशत बिल्डिंगों में डीजी सेट कन्वर्ट नहीं कराए गए हैं।

### 28 नोडल एजेंसियां ग्रेप को करवाएंगी लागू

दिल्ली एनसीआर में 1 अक्टूबर से ग्रेप को लागू कर दिया जाएगा। इसमें जन सेट नहीं चलेंगे। इसको देखने के लिए दिल्ली एनसीआर में 28 नोडल एजेंसियों को लगाया गया है। ये जुर्माना लगा सकती है साथ ही और बड़ी कार्रवाई भी कर सकती है। एनईएस के अध्यक्ष ने कहा कि यदि यही एंजेसियां 8 माह पूर्व इस कार्य में फोकस करती तो अच्छा होता। उद्योगों को 24 घंटे बिजली नहीं मिलती। जरा सी आंधी आने पर विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है। वायु प्रदूषण सड़क के किनारे लगने वाली पटरी बाजार भी है जिससे जाम लगता है। जी-20 सम्मेलन में भी वायु गुणवत्ता अच्छी रही जबकि उद्योग चलते रहे इससे प्रमाणित होता है कि उद्योगों से वायु प्रदूषण नही होता। फिलहाल संस्था ने उन उद्यमियों की लिस्ट मांगी है जिन्होंने जनसेट को पीएनजी में कंवर्ट कराने के लिए आवेदन किए है। लेकिन अब तक कंवर्ट नहीं हो सके है।

**16 अक्टूबर को हुई थी बैठक**

जानकारी के मुताबिक बीते 16 अगस्त को सीक्यूएम ने दादरी स्थित एनटीपीसी पर शहर की आरडब्ल्यूए, एओए, उद्यमियों समेत अन्य लोगों के साथ बैठक की। इसमें शहर में प्रदूषण कम करने पर विचार विमर्श हुआ था। लोगों ने शहर में प्रदूषण कम करने के लिए सुझाव दिए थे। बैठक के बाद सीक्यूएम के अधिकारियों ने 1 अक्टूबर से नोएडा में डीजल जनरेटर सेट के संचालन पर पाबंदी लगाने का आदेश जारी किया।

उवाच

प्रथम चरण में 21 सितम्बर से 19 दिसम्बर तक शिक्षण संस्थाओं से मास्टर डाटा तैयार करना, नवीन शिक्षण संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा बेस में सम्मिलित होने के लिए आवेदन की कार्रवाई शिक्षा विभाग, विवि के माध्यम से समाजकल्याण विभाग द्वारा पासवर्ड प्राप्त करना है। डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिए योजना अधिकारी-नोडल अधिकारी मुख्यालय द्वारा पासवर्ड दिया जाएगा।

**शैलेन्द्र बहादुर सिंह, समाज कल्याण अधिकारी**



# मोटो जीपी में आए एक लाख से ज्यादा विजिटर्स, 9.3 अरब का हुआ कारोबार

- सीएम योगी के मार्गदर्शन में सुपरहिट साबित हुआ पहली बार आयोजित मोटो जीपी भारत इवेंट
- मोटो जीपी की फाइनल रेस देखने के लिए सर्किट पर उमड़े 50 हजार से अधिक विजिटर्स
- मोटो जीपी, मोटो 2 और मोटो 3 इवेंट में दुनिया की 41 टीमों के 82 राइडर्स ने रफ्तार से भारतीय फैंस को किया रोमांचित

**ग्रेटर नोएडा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश की ख्याति आज सारी दुनिया में फैल रही है। यह एक ऐसा राज्य बनकर उभर रहा है, जो जिस भी इवेंट को आयोजित करे तो वो सुपरहिट हो जाता है। मोटो जीपी भारत इसका ताजा उदाहरण है। सीएम योगी के निर्देश पर इस इवेंट को लेकर की गई तैयारियों, मेहमानों की आवभगत, सुरक्षा व्यवस्था और बेहतरीन कनेक्टिविटी के चलते इस इवेंट के लिए देश और दुनिया के एक लाख से अधिक लोग ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंचे। यही नहीं, पहली बार भारत में होस्ट किए गए इस इवेंट के दौरान रिकॉर्ड तोड़ कारोबार भी हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार मात्र 3 दिनों में 106 मिलियन यूरो (9.33 अरब रुपए से भी ज्यादा) की आर्थिक गतिविधियां हुईं, जो इस इवेंट की सफलता का सबसे बड़ा उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि 22 से 24 सितम्बर के बीच बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर मोटो जीपी, मोटो 2 और मोटो 3 रेस के दौरान दुनिया की 41 टीमों के 82 राइडर्स ने अपनी रफ्तार से भारतीय फैंस को रोमांचित किया।

**रिकॉर्ड संख्या में पहुंचे विजिटर्स**

भारत में क्रिकेट का जबर्दस्त क्रेज है। क्रिकेट मैचों में हजारों की भीड़ मैदान में बने स्टैंड्स में बैठकर लुत्फ उठाती है। लेकिन क्रिकेट के अलावा दूसरे खेलों का भी यहां पूरा सम्मान है। मोटो जीपी भारत में उमड़ी भीड़ ने इस बात को साबित किया है। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर इस रेस का लुत्फ उठाने के लिए तीन दिनों में एक लाख से अधिक विजिटर्स यहां पहुंचे और उन्होंने रफ्तार और रोमांच से भरी इस रेस का अपनी आंखों से अवलोकन किया। इन एक लाख विजिटर्स में से 10 हजार से 15 हजार के बीच विदेशी विजिटर्स शामिल रहे। इतनी बड़ी संख्या में विजिटर्स के आने का अनुमान किसी को नहीं था, लेकिन जिस तरह योगी सरकार ने देश के अलग-अलग हिस्सों से आ रहे विजिटर्स के लिए बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट तक पहुंचने के लिए जो तैयारियां कीं, उसका नतीजा रहा कि रिकॉर्ड संख्या में लोगों ने पहली बार भारत में हुई इस रेस का लुत्फ उठाया।

**सोशल मीडिया ने भी मोटो जीपी के आयोजन के लिए योगी और यूपी को सराहा**

उत्तर प्रदेश ने जिस शानदार अंदाज में मोटो जीपी जैसे इंटरनेशनल इवेंट को आयोजित किया, उसके लिए सोशल मीडिया ने भी सीएम योगी के प्रयासों की जमकर तारीफ की। तारीफ करने वालों में यूपी के अलावा देश के अलग-अलग हिस्सों के यूजर्स शामिल रहे, जबकि विदेशियों ने भी ट्रैक और हॉस्पिटैलिटी को सराहा। डॉ. प्रीति प्रकाश नाम की एक यूजर ने एक्स पर लिखा, मोटो जीपी भारत 2023 में बाइक्स की रफ्तार, उत्तर प्रदेश के विकास की तीव्र रफ्तार को प्रदर्शित करती है। सीएम योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व में प्रत्येक निवेशक को सुरक्षा की गारंटी दी जाती है। हार्दिक भवसार नाम के यूजर ने लिखा, नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में मोटो जीपी में विश्व भर के चैंपियंस की बाइक की रफ्तार देखते ही बन रही है। सब एक-दूसरे से आगे निकलने की जंग में फर्राटा भरते दिखाई दे रहे हैं। यूपी की ब्रांडिंग का यह बेहतरीन मौका है। इसी तरह एक अन्य यूजर ने कहा, पहले 'सैफई' में जनता के करोड़ों रुपए खर्च करके नाच-गाना होता था। अब यूपी में ऐसे 'आयोजन' होते हैं, जो हमारी यूपी को पूरे विश्व में पहचान दिलाते हैं। वाकई योगी जी ने 'नया यूपी' बनाया है, जिसको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति हासिल हो रही है। विकास सिंह ने लिखा, मोटो जीपी 2023 रेसिंग इवेंट में निवेश, पर्यटन, उद्योग सहित व्यापारिक दृष्टिकोण से छिपी संभावनाओं को देखकर देश-विदेश से आए लोगों ने यूपी सरकार के कामकाज खूब तारीफ की। विदेशी फैंस ने भी खूब तारीफ की। एमिली ई ने लिखा, बुद्ध सर्किट शानदार है। यहां की हॉस्पिटैलिटी बेहतरीन है। उम्मीद है कि अगले साल यहां और भी शानदार इवेंट होगा।

## फाइनल रेस देखने पहुंचे 50 हजार से अधिक विजिटर्स

22 से 24 सितम्बर के बीच सभी दिन बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर विजिटर्स की भारी भीड़ रही। सर्वाधिक विजिटर्स मोटो जीपी की फाइनल रेस के दिन उपस्थित रहे। करीब 50 हजार विजिटर्स ने मार्को बेजेची को रोमांचक मुकाबले में विनर बनते और सीएम योगी को उन्हें ट्रॉफी प्रदान करते हुए देखा। वहीं, दूसरे दिन करीब 30 हजार विजिटर्स ने क्वालीफाईंग और रेस का नजारा देखा तो शुक्रवार को करीब 15 हजार विजिटर्स बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंचे। इसके अलावा 21 सितम्बर को भी प्रैक्टिस रेस देखने के लिए हजारों की संख्या में विजिटर्स यहां पहुंचे थे। टीमों के साथ भी 5000 से ज्यादा विदेशी स्टाफ बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर पहुंचा था, तो वहीं 150 के करीब इंटरनेशनल और नेशनल मीडिया के लोग भी इवेंट को कवर करने के लिए मौजूद थे।

**अरबों रुपए की आर्थिक गतिविधियां हुईं संचालित**

भारत में पहली बार आयोजित हुई मोटो जीपी का व्यापक आर्थिक प्रभाव भी पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस ग्लोबल इवेंट के दौरान विभिन्न माध्यमों के जरिए 106 मिलियन यूरो (9.33 अरब रुपए से ज्यादा) की आर्थिक गतिविधियां संचालित हुईं। इसमें ट्रैक के विकास और बुनियादी ढांचे में 50 करोड़ रुपए का पर्याप्त निवेश शामिल है। इन आर्थिक गतिविधियों का लाभ ग्रेटर नोएडा में होटल इंडस्ट्री, रेस्टोरेंट, परिवहन, हॉस्पिटैलिटी समेत कई सेक्टर्स को मिला है। इस इवेंट के दूरगामी परिणाम भी देखने को मिलने वाले हैं, क्योंकि सीएम योगी की अपील पर कई बड़े ब्रांड्स उत्तर प्रदेश में अपने निवेश का विस्तार करने का मन बना रहे हैं और मोटो जीपी की सफलता इसमें अहम भूमिका निभा सकती है।

## बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर 2024 में फिर यूपी लौटेगा मोटो जीपी भारत



- सीईओ कार्मेलो एजपेलेटा ने कहा कि मोटोजीपी 2024 में एक बार फिर बीआईसी, भारत में आने को बेताब हैं राइडर्स

**ग्रेटर नोएडा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर पहली बार 22 से 24 सितम्बर के बीच मोटो जीपी भारत के सफल आयोजन के बाद अब प्रदेश सरकार 2024 में इसके आयोजन की तैयारी में जुट गई है। मोटो जीपी की प्रमोटर कंपनी डोरना स्पोर्ट्स ने इसकी पुष्टि की है। डोरना स्पोर्ट्स के सीईओ कॉर्मेलो एजपेलेटा, सीएफओ एनरिक अल्दामा, सीएसओ कार्लोस एजपेलेटा और प्रतिनिधि मार्कोस ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में सीएम योगी के साथ टीम बिल्डिंग 18 में बैठक में भाग लिया था और इस दौरान मोटो जीपी भारत के बेहतरीन आयोजन को लेकर धन्यवाद देने के साथ ही अगले वर्ष फिर लौटकर आने का वादा किया।

**मुख्यमंत्री को भेंट किया हेलमेट**

डोरना स्पोर्ट्स के सीईओ कार्मेलो ने सीएम योगी के साथ मुलाकात में मोटो जीपी रेस के आयोजन के लिए सभी तरह की प्रशासनिक सहायता प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे राइडर्स ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के ट्रैक और इसकी तकनीकी बारीकियों पर बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। कार्मेलो ने यह भी कहा कि मोटोजीपी 2024 में एक बार फिर बीआईसी, भारत में आने को बेताब है और हम इसको लेकर उत्साहित हैं। इस दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश में मोटो जीपी भारत के आर्थिक प्रभाव पर भी चर्चा की। कार्मेलो ने सीएम योगी को टोकन ऑफ एप्रिसिएशन के रूप में एक हेलमेट भेंट किया, जिस पर सभी 22 राइडर्स द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे, जिस पर बाद में कार्मेलो और सीएम योगी दोनों ने हस्ताक्षरित किया।

## बाइक सवार बदमाशों ने महिला को गोली मारकर की हत्या

**ग्रेटर नोएडा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। दादरी कोतवाली क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला को गोली मारकर हत्या कर दी। गोली लगते ही महिला लहूलुहान



होकर गिर गई। लोगों ने महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना पर मौके पर डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मिया खान कई थानों की फोर्स समेत मौके पर पहुंचे। दादरी थाना क्षेत्र के सरस्वती विहार में रहने वाली राजकुमारी (40) घर में सहायिका की काम करती हैं। राजकुमारी मंगलवार को सुबह अपने घर से सूरजपुर जा रही थीं, तभी घर से करीब सौ मीटर की दूरी पर पहले से रेकी कर रहे बाइक सवार 2 बदमाशों ने राजकुमारी को ताबड़तोड़ 3 गोलियां मारीं। दो गालियां सीने और एक पेट में लगी। गोली लगते ही राजकुमारी लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गईं। गोलियों की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बदमाशों को पकड़ना चाहा लेकिन वे तेजी से बाइक भगाते हुए फरार हो गए। इसके बाद लोगों ने लहूलुहान महिला को उठाकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत के महिला के परिवार वालों में चीख पुकार मच गई। मृतका की बेटी ने बताया कि मां सूरजपुर में घरेलू सहायिक का काम करती थीं। सुबह वह काम करने के लिए ही निकली थीं। पैसे के लेनदेन को लेकर हमारा विवाद हमारी मौसी सोनिया निवासी ग्राम घोडी, जिला पलवल, हरियाणा के साथ चल रहा था। मौसी आएदिन इस बात को लेकर धमकी देती रहती थीं। मौसी कहती थीं कि पैसे नहीं दिये मैं तुम्हारी हत्या करवा दूंगी। मम्मी कहती थीं कि पैसे इकट्ठा कर रहे हैं जैसे जैसे रकम इकट्ठा होगी भिजवा देंगे। लेकिन मौसी जल्द से जल्द पैसे मांग रही थीं। उन्होंने ही मेरी मां की हत्या करवाई होगी। दिनदहाड़े हुए हत्याकांड की सूचना पर मौके पर पहुंचे डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मिया खान ने जांच पड़ताल की। महिला के परिवार वालों से पूछताछ की। डीसीपी ने बताया कि घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है। महिला के परिजनों ने तहरीर दी है। उसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। युवती अपनी मौसी पर हत्या करवाने का आरोप लगा रही है, इसपर जांच की जाएगी। जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

- मौके पर पहुंची पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों को जल्द पकड़ने की कर रही दावा

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिल्डर-बायर्स के मसले का निकालेंगे हल

- मुख्यमंत्री 28 सितम्बर को बिल्डर-बायर्स मसले को लेकर तीनों प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक
- केंद्र सरकार ने फ्लैट खरीदारों की समस्याओं को खत्म करने के लिए अमिताभ कांत समिति का किया था गठन

**ग्रेटर नोएडा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। बिल्डर-बायर्स मसले को हल करने के लिए 28 सितम्बर को लखनऊ में बैठक होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष तीनों प्राधिकरण अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। वह बताएंगे कि किस तरह से इस मसले का हल किया जाएगा। नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में लंबित पड़ी आवासीय परियोजनाओं में करीब 1.67 लाख फ्लैट खरीदार फंसे हैं। एनसीआर क्षेत्र में बिल्डर एवं खरीदारों की समस्याओं को खत्म करने के लिए केंद्र सरकार ने अमिताभ कांत समिति गठित की थी। इस मसले को हल करने के लिए समिति ने कई सिफारिशें की हैं। जनपद के तीनों प्राधिकरण ने इन सिफारिशों को लेकर अपनी-अपनी रिपोर्ट तैयार करवाई है। इसका प्राधिकरण पर क्या प्रभाव पड़ेगा, यह जानने का प्रयास किया है। खरीदारों को कितनी राहत मिलेगी, इसका भी आकलन किया है। 28 सितम्बर को नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना प्राधिकरण के अधिकारी इसको लेकर लखनऊ में प्रजेंटेशन देंगे। अधिकारी पहले मुख्य सचिव के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा। इस दिन यह तय हो जाएगा कि इन सिफारिशों को किस तरह से लागू किया जाना है। समिति की सिफारिश में कहा गया है कि जिन बिल्डरों को सीसी नहीं मिला है, उनकी परियोजना में रह रहे फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री जल्द हो सकती है। कोविड महामारी के दौरान दो साल और एनजीटी के स्थागनादेश 2015 से 2017 की अवधि का जीरो पीरियड दिया जाएगा। बिल्डरों पर बकाया की गणना जून 2020 के बाद एसबीआई की एमसीएलआर दर से की जाएगी। बिल्डर बकाया नहीं दे पा रहे हैं तो अपनी कुछ जमीन सरेंडर कर सकते हैं। दस साल तक के बकायेदार बिल्डरों को सभी सिफारिशों का लाभ मिलेगा। प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए बिल्डरों को तीन साल और मिलेंगे। इस दौरान समय बढ़ोतरी का कोई शुल्क नहीं लगेगा। लाभ लेने के 60 दिन बाद बिल्डर को बकाये का 25 प्रतिशत पैसा जमा करना होगा। बिल्डर किसी खरीदार से जुर्माना, अतिरिक्त कीमत या ब्याज नहीं वसूलेंगे।

## यमुना प्राधिकरण का सिक्योरिटी सुपरवाइजर कराता था चोरी

- सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर व कबाड़ी के खिलाफ मामला दर्ज

**ग्रेटर नोएडा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में तैनात सुरक्षा गार्ड का सुपरवाइजर निर्माणाधीन साइट से लोहे की पाइप चोरी कराता था। सुपरवाइजर और एक कबाड़ी के खिलाफ दनकौर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर-18 में रामपुर बांगर गांव के पास से कुछ माह पहले लोहे की पाइप चोरी हो गई थी। इस मामले में प्राधिकरण की तरफ से चोरी का सुराग लगाने के लिए पुलिस को जिम्मेदारी दी गई थी। 23 सितम्बर को रामपुर बांगर गांव का रहने वाला सतीश तीन कुंतल लोहे की पाइप लेकर जा रहा था। तभी गांव के एक व्यक्ति ने लोहे की पाइप ले जाते हुए देख लिया और इसकी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कबाड़ी सतीश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान पता चला कि प्राधिकरण के सुरक्षा गार्ड का सुपरवाइजर बीडी जोशी निर्माणाधीन साइट से चोरी करता था। और लोहे की पाइप कबाड़ी को 30 रूपए प्रति कुंतल के हिसाब से बेचता था। सुरक्षा गार्ड का सुपरवाइजर आर्मी से सेवानिवृत्त है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है चोरी के पीछे कही प्राधिकरण के कुछ कर्मचारियों की मिली भगत तो नहीं है।

## आर्थिक विकास और निवेश को गति देगा ग्रेनो प्राधिकरण का मास्टर प्लान 2041

**ग्रेटर नोएडा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा के आर्थिक विकास को बढ़ाने, निवेश, रोजगार की संभावनाओं आदि बढ़ाने को ध्यान में रखते हुए मास्टर प्लान 2041 बनाया गया है। बुनियादी ढांचे, गतिशीलता, शहरी डिजाइन आदि को अंतरराष्ट्रीय मानकों के बराबर रखने पर जोर दिया गया है। ग्रेटर नोएडा का कुल क्षेत्रफल 71327.63 हेक्टेयर हो जाएगा। इसके मास्टर प्लान पर अब आम जन की आपत्तियां एवं सुझाव मांगे गए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने मास्टर प्लान 2041 तैयार कर लिया है। पिछली बोर्ड बैठक में इसे रखा गया था। बोर्ड ने इस पर सैद्धांतिक सहमति दे दी थी। अब प्राधिकरण ने इस पर काम शुरू कर दिया है। प्राधिकरण ने मास्टर प्लान के ड्राफ्ट को सार्वजनिक कर दिया है। मास्टर प्लान में हरित भवन और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया है। इसे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट और आफिस में देखा जा सकता है। अब प्राधिकरण ने इस पर आम जन से आपत्तियां एवं सुझाव मांगे हैं। आम जन 30 दिन के भीतर अपने सुझाव या आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण आगे की कार्रवाई करेगा। मास्टर प्लान के ड्राफ्ट के मुताबिक, मास्टर प्लान 2041 में 40 लाख जनसंख्या अनुमानित की गई है। अनुमानित जनसंख्या के लिए 53,350 हेक्टेयर क्षेत्र की जरूरत है। नए मास्टर प्लान में ग्रेटर नोएडा का कुल क्षेत्रफल 71327.63 हेक्टेयर है। इसमें से 53,350 हेक्टेयर भूमि शहरीकरण के रूप में प्रस्तावित है। मास्टर प्लान में 13649.07 हेक्टेयर भूमि आवासीय भूउपयोग के लिए प्रस्तावित है। यह कुल शहरीकरण योग्य क्षेत्र का लगभग 24.4 प्रतिशत है। इसमें व्यवसायिक भूउपयोग कुल शहरीकरण का 4.8 प्रतिशत है। इसमें प्रमुख सड़कों के किनारे वाणिज्यिक केंद्र, सेक्टर स्तरीय वाणिज्यिक केंद्र, स्थानीय शॉपिंग सेंटर, सुविधाजनक शॉपिंग सेंटर आदि शामिल हैं।

## करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**रबूपुरा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। घर के अंदर लगे पंखा को चालू करते समय करंट लगने से किसान की मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। आरोप है लाइन में तेज करंट दौड़ गया जिसके कारण हादसा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले का निरीक्षण किया हालांकि अभी कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। कस्बे के मोहल्ला लक्ष्मीबाई नगर निवासी 60 वर्षीय नरेश पुत्र लखपत मीणा मंगलवार को खेत से काम करके घर लौटे तो अधिक गर्मी के कारण मेज पर रखे पंखे को चलाने लगे। इसी दौरान लाइन में तेज करंट आने से पंखा में करंट दौड़ गया। जिसकी चपेट में आने से नरेश की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है मामले की शिकायत बिजली विभाग के अधिकारियों से की गई है।

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या–1, सैक्टर नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 201, 2nd Floor, Tower-17 Area-143.53, La Residentia, Sector-Techzone-IV, Greater Noida जो कि Sh. Charanjit Bedi & Mrs. Monica Narula निवासी 181, Sharda Niketan, Pitampura Delhi - 110034 के नाम पर उप निबंधन कार्यालय सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक–14.03.2018 को पंजीकृत है। Sh. Charanjit Bedi की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र Mr. Sumir Bedi ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पिता के भाग का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्युटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्युटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. Sumir Bedi S/o Late Sh. Charanjit Bedi का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्ध (बिल्डर्स)
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

देशबन्धु
पत्र नहीं मित्र
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत समाज कल्याण विभाग ने समय सारिणी किया जारी

- दो चरणों में छात्र-छात्राओं का डेटाबेस किया जाएगा एकत्रित

**ग्रेटर नोएडा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, शुल्कप्रतिपूर्ति योजना के तहत कक्षा 11 व 12वीं सहित संस्थाओं को मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन, लॉक करने एवं छात्रों द्वारा आवेदन करने से लेकर वितरण तक की सभी प्रक्रिया के लिए समय सारिणी जारी किया है।

समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में 21 सितम्बर से 19 दिसम्बर तक शिक्षण संस्थाओं से मास्टर डाटा तैयार करना, नवीन शिक्षण संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा बेस में सम्मिलित होने के लिए आवेदन की कार्रवाई शिक्षा विभाग, विवि के माध्यम से समाजकल्याण विभाग द्वारा पासवर्ड प्राप्त करना है। डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिए योजना अधिकारी-नोडल अधिकारी मुख्यालय द्वारा पासवर्ड दिया जाएगा। मास्टर डाटा में पूर्व से सम्मिलित संस्थानों के सीटों की संख्या, पाठ्यक्रमवार डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करना है। 22 सितम्बर से 22 दिसम्बर तक विवि, एजेन्सी, जिलाविद्यालय निरीक्षक, समाज कल्याण अधिकारी द्वारा फीस आदि का सत्यापन किया जाएगा। 22 सितम्बर से 31 दिसम्बर तक छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन। 3 जनवरी तक छात्रों द्वारा त्रुटियों में सुधार करने व प्रिंट आउट निकलना। ऑनलाइन आवेदन में हुई त्रुटियों को विद्यार्थियों के लॉगिंग में प्रदर्शित करना शामिल है। 25 सितम्बर से 11 जनवरी 2024 तक शिक्षण संस्थानों द्वारा आवेदन को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करना है। 12 जनवरी से 15 फरवरी 2024 तक विवि, एफिलियेटिंग एजेन्सी, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन व अपात्र छात्र व पाठ्यक्रम व संस्था को ब्लॉक करना शामिल है। द्वितीय चरण में 1 जनवरी से 31 मार्च 2024 तक छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जाना है। 3 अप्रैल 2024 तक छात्र-छात्राओं द्वारा त्रुटियों को सुधार करना व फाइल प्रिंट आउट निकालना है, त्रुटियों को छात्रों के लॉगिन में प्रदर्शित किया जाना है। 8 अप्रैल तक हार्ड कॉपी छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षण संस्थाओं में जमा किया जाना है।

16 फरवरी से 15 अप्रैल 2024 तक शिक्षण संस्थाओं द्वारा आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करना है व अपात्र छात्रों के आवेदन को निरस्त करना शामिल है। 16 अप्रैल से 26 अप्रैल 2024 तक विवि, एजेन्सी, जिलाविद्यालय निरीक्षक द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन व अपात्र छात्र, पाठ्यक्रम व संस्था को ब्लॉक करना शामिल है।

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट नं0–01, सेक्टर–नॉलेज–4, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला–गौतमबुद्ध नगर
सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण के आवासीय भूखण्ड संख्या 155, ब्लॉक–बी, सेक्टर फाई–03, क्षेत्रफल–356.50 वर्गमीटर की आवंटी/भू–स्वामी Late Sh. Mahendra Pal S/o Late Sh. Nathu Singh की मृत्यु दिनांक 12.04.2022 के उपरान्त उनकी पुत्री Smt. Anju Khari D/o Late Sh. Mahendra Pal द्वारा वारीसान के आधार पर उक्त भूखण्ड का म्यूटेशन/नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस म्यूटेशन/नामान्तरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Late Sh. Manendra Pal के स्थान पर Smt. Anju Khari का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति )
ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या–01, सैक्टर–नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नौएडा
जनपद–गौतमबुद्ध नगर ।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम इबादुल्लापुर उर्फ बादलपुर, तहसील– दादरी, जिला–गौतमबुद्धनगर स्थित खसरा संख्या 450 क्षेत्रफल 8433 वर्ग मीटर के आबादी व्यवस्थापन/लीज बैक का निर्णय प्राधिकरण बोर्ड की 85वीं बैठक में श्री राजेश्वर दयाल, विनोद, बाबू आदि पुत्रगण रघुवरदयाल व रामकिशन पुत्र मुरारीलाल निवासी ग्राम अच्छेजा के पक्ष में लिया गया है, मे खातेदार श्रीमती शारदा देवी पत्नी रामकिशनदास की मृत्यु के उपरान्त इनके वारिसान श्री अनिल कुमार जिन्दल, केशव कुमार जिन्दल, सुनील कुमार जिन्दल पुत्रगण रामकिशनदास निवासी ग्राम के पक्ष में नामान्तरण करने हेतु नामान्तरण प्रपत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के भूलेख अनुभाग में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके नाम दर्ज किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

(रजनीकान्त )
विशेष कार्याधिकारी

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या–01, सैक्टर–नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा सिटी–201310
जिला–गौतमबुद्ध नगर ।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर– कासना की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन के.ऐ.एस01332, भूखण्ड संख्या–288, पाकेट–बी, क्षेत्रफल–270 वर्ग मीटर श्री सादीराम पुत्र श्री रामेश्वर, निवासी–ग्राम–तुगलपुर, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री सादीराम पुत्र श्री रामेश्वर की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री ओमवीर भाटी पुत्र स्व0 श्री सादीराम, श्री जयवीर सिंह पुत्र स्व0 श्री सादीराम, श्रीमती सावित्री पत्नी स्व0 श्री सादीराम, श्रीमती माया (विवाहित), श्रीमती पूजा (विवाहित) पुत्रीगण स्व० सादीराम, निवासी– अमृतपूरम, तुगलपुर, सेक्टर– गामा–1, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्री ओमवीर भाटी पुत्र स्व0 श्री सादीराम, निवासी–अमृतपूरम, तुगलपुर, सेक्टर–गामा–1, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ–पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो ने इनके श्री ओमवीर भाटी पुत्र स्व0 श्री सादीराम, निवासी–अमृतपूरम, तुगलपुर, सेक्टर– गामा–1, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या–1, सैक्टर नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नौएडा,
जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. L-703, 7th Floor Tower/Block-L, Area-110.83 Sqm. Stellar Jeevan, Plot No. GH-03, Sector-01, Greater Noida जो कि Mr. Sunil Kumar निवासी 56C, Friends Colony, Etawah, U.P. के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक–12.08.2016 को पंजीकृत है। Mr. Sunil Kumar की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी Mrs. Mamta Dwivedi ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mrs. Mamta Dwivedi W/o Late Mr. Sunil Kumar का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स )
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 27 सितम्बर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# मजबूती का परिचय दें मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में आने के साथ ही पुरानी सरकारों की अपनाई गई नीतियों और फैसलों को बदलने का काम किया, ताकि उनका नाम एक मजबूत प्रधानमंत्री के तौर पर दर्ज हो सके। भारत को पूरी तरह बदल देने के उनके जुनून ने बहुत से दीर्घकालिक नुकसान कर दिए हैं। लेकिन इस वक्त उनकी तथाकथित लोकप्रियता के फेर में इन नुकसानों का सही आकलन नहीं किया जा रहा है। विश्व में भारत की पहचान हमेशा से शांतिप्रिय देश के तौर पर रही। गांधीजी दुनिया में अहिंसा के पुजारी माने गए और नेहरूजी शांति दूत। भारत को विश्वगुरु और विश्वमित्र बनाने का कोई घोषित ऐलान पहले की सरकारों ने नहीं किया और दुनिया के मानचित्र में भारत का अनूठा, सम्मानजनक स्थान बना रहा। लेकिन मोदी सरकार के नौ सालों के कार्यकाल में विदेश नीति में अघोषित प्रयोग हुए और उसका नतीजा ये रहा कि पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और चीन जैसे पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव आए हैं, अब कनाडा के साथ रिश्ते दांव पर लग गए हैं। संबंधों में इस कड़वाहट के लिए जिम्मेदार कनाडा ही है, लेकिन सवाल मोदी सरकार पर भी उठेंगे कि आखिर उसने कनाडा की नीयत को पहचाना कैसे नहीं। क्यों खालिस्तान जैसा मुद्दा, जो भारत की अखंडता के लिए बड़ा खतरा है, वह फिर से जिंदा हो गया है। देश जानता है कि खालिस्तान आंदोलन ने किस तरह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी समेत कई बड़े राजनेताओं, अधिकारियों, और गणमान्य नागरिकों की शहादत ली। बड़ी मुश्किल से इस आग को शांत किया गया था, लेकिन अब इसकी लपटें कनाडा से उठती दिख रही हैं। याद करें कि जब 2020- 2021 में किसान आंदोलन चल रहा था, तब आंदोलनकारियों को खालिस्तानी कहकर अपमानित किया गया था। यह सब मोदी सरकार की नाक के नीचे होता रहा और प्रधानमंत्री मोदी से यह कहते नहीं बना कि देश में बंद किए जा चुके इस दुखदायी अध्याय को किसी भी कारण से फिर न खोला जाए। देश को जब भी जरूरत होती है प्रधानमंत्री चुप ही रहते हैं। अब भी कनाडा के साथ इतनी कड़वाहट बढ़ गई है और इस वजह से लाखों भारतीय जो इस समय पढ़ने, काम करने या अन्य वजहों से कनाडा में हैं, वे अपने भविष्य को लेकर सशंकित हो रहे हैं। भारत सरकार की ओर से एडवाइज़री जारी हो चुकी है। विदेश मंत्री इस मामले में लगातार बयान दे रहे हैं, लेकिन श्री मोदी की ओर से जो आश्वस्ति कनाडा में रहने वाले भारतीयों और यहां उनके परिजनों को मिलनी चाहिए, उसकी कमी कहीं महसूस हो रही है। इस बीच कनाडा के साथ विवाद सुलझने की जगह और उलझता दिख रहा है, क्योंकि इसमें अब अमेरिका की राय भी सामने आ गई है।

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते जी-20 की बैठक से लौटने के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर एक गंभीर आरोप लगाया। कनाडाई नागरिक और भारत में आतंकी घोषित हरदीप सिंह निज्जर की जून में हुई हत्या के मामले में ट्रूडो ने कहा था कि निज्जर की हत्या के पीछे 'भारत सरकार के एजेंट' हो सकते हैं। ट्रूडो ने संसद में ये बड़ा आरोप लगाया और इसके पीछे सबूतों के होने का दावा भी किया। हालांकि वो सबूत अब तक सामने नहीं आए हैं। लेकिन इसके बाद से भारत और कनाडा के बीच संबंध एकदम से बिगड़ गए। अब हालात ऐसे हैं कि राजनयिकों को वापस बुलाया जा रहा है। भारत ने कनाडा के लोगों को वीज़ा देने पर रोक लगा दी है, वहीं कनाडा ने भी भारत आए कनाडाई नागरिकों के लिए नयी एडवायजरी जारी की है,जिसमें कहा गया है- 'कनाडा और भारत में हाल के घटनाक्रमों के संदर्भ में, विरोध प्रदर्शन के आह्वान और सोशल मीडिया पर कनाडा के प्रति कुछ नकारात्मक भावनाएं हैं। कृपया सतर्क रहें और सावधानी बरतें।' उधर निज्जर की हत्या के खिलाफ खालिस्तानी समर्थकों ने मंगलवार को कनाडा के टोरंटो, ओटावा और वैंकूवर में भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। खालिस्तान समर्थक संगठन - 'सिख फॉर जस्टिस' (एसएफजे) के सदस्यों के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों को नारे लगाते और खालिस्तानी झंडे लहराते देखा गया।

इस बीच फाइनेंशियल टाइम्स में छपी एक खबर के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और अन्य पश्चिमी नेताओं ने जी-20 सम्मेलन में निज्जर हत्या के मामले को प्रधानमंत्री मोदी के सामने उठाया था। रिपोर्ट है कि उन नेताओं ने कहा था कि नयी दिल्ली से जुड़े एजेंट वैंकूवर में सिख अलगाववादी की हत्या में शामिल थे। यही बात ट्रूडो ने भी कही थी कि उन्होंने जी-20 के दौरान निज्जर की हत्या का मामला उठाते हुए भारत से कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन भारत ने उनकी बात का खंडन कर दिया था। खबरें ये भी हैं कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर इनपुट कनाडा के साथ साझा किए थे। इसके अलावा अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कनाडा के आरोपों की गहन जांच के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हम कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की तरफ से संदर्भित आरोपों से चिंतित हैं। हम अपने कनाडाई सहयोगियों के साथ निकट संपर्क में हैं। अमेरिका ने यह भी कहा कि जांच आगे बढ़नी चाहिए और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया।


अमेरिका जिस तरह का रुख इस समय दिखा रहा है वह उसके दोहरे मापदंडों को बताता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा भी कि दुनिया अभी भी डबल स्टैंडर्ड यानी दोहरे मापदंड से चल रही है। जो देश प्रभावशाली हैं वे स्थिति में बदलाव का विरोध कर रहे हैं और ऐतिहासिक रूप से शक्तिशाली देश इन क्षमताओं का इस्तेमाल हथियारों की तरह कर रहे हैं। जयशंकर का इशारा निश्चित ही पश्चिमी देशों की ओर है, लेकिन अब भारत को इशारों में नहीं साफ-साफ अपनी बात वैश्विक मंच पर रखना चाहिए। अमेरिका एक ओर भारत का मित्र बनकर रहे और दूसरी ओर उन शक्तियों का समर्थन करे, जो भारत की अखंडता के लिए खतरा हैं, यह किसी हाल में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। श्रीमान मोदी अपनी मजबूती का परिचय वैश्विक पटल पर दें, यह वक्त की मांग है।

# मोदी का विरोधियों को 'अर्बन नक्सल' कहना अशोभनीय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिक्शनरी में विपक्ष के लिये जितने (अप)शब्द होंगे, शायद ही किसी अन्य नेता के पास उतने हो सकते हैं। मोदी केन्द्र पर जिन हथियारों के बलबूते केन्द्र की सत्ता पर आरुढ़ हुए हैं, उनमें एक बड़ा असलहा प्रतिपक्ष, खासकर कांग्रेस पर गैरजिम्मेदार तरीके से होने वाला हमला है। जो-जो आरोप लगाकर भारतीय जनता पार्टी ने केन्द्र तक अपनी पहुंच बनाई और दो मर्तबा सत्ता सम्भाली, मोदी उनमें से कोई भी साबित नहीं कर पाये- बावजूद इसके कि अब वे दूसरा कार्यकाल पूरा करने जा रहे हैं और देश लोकसभा चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। मोदी का 9 वर्षों से अधिक का कार्यकाल केवल इसी काम में बीता है। इसके लिये उन्हें अवसरों और मंचों का भी भान नहीं रहता। संसद के भीतर कोई बयान देना हो या फिर राष्ट्रीय पर्वों को सम्बोधित करना हो, किसी भी विषय पर आयोजित सम्मेलन हो अथवा बैठक- मोदी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उनका एजेंडा हर मौकों पर एक सा होता है- विपक्ष को अपमानित करना एवं उसे नीचा दिखाना। चुनावी सभाओं में तो वे सारी हदें पार कर ही जाते हैं, क्योंकि ऐसे मंच तो उनके लिये सबसे माकूल व मुफ़ीद होते हैं। मोदी ने पद की प्रतिष्ठा तथा गरिमा को अपनी जुबान से जितना गिराया है, लोकतांत्रिक मर्यादाओं के वह बिलकुल विपरीत व अशोभनीय है।

सोमवार को मोदीजी ने अपने उसी तेवर व तासीर का परिचय देते हुए कांग्रेस को 'जंग लगी हुई पार्टी' करार देते हुए कहा कि उसे अब अर्बन नक्सलियों को आऊटसोर्स कर दिया गया है। हाल ही में कांग्रेस के नेतृत्व में 28 दलों से मिलकर बने विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' को वे पहले ही 'घमंडिया' कहते रहे हैं। ऐसा वे चुनावी सभाओं में तो कहते ही आ रहे हैं, उनकी देखा-देखी और उनकी आंखों में चढ़ने के लिये उनके सहयोगी संसद के भीतर होने वाली चर्चा में भी इस शब्द का इस्तेमाल करने लगे हैं। इस सबसे एक कदम आगे बढ़ते हुए मोदी ने सोमवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर एवं मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल की रैलियों को सम्बोधित करते हुए नये तीर छोड़े। भोपाल में उन्होंने बताया कि हाल ही में नारी वंदन शक्ति अधिनियम के नाम से पारित महिला आरक्षण विधेयक को कांग्रेस व विपक्ष ने 'खट्टे मन से समर्थन' दिया है। वक्त आने पर वे इससे पीछे हट जायेंगे। उन्होंने कांग्रेस को अपने वादे न निभाने वाली पार्टी बताया और कहा कि इसके विपरीत 'मोदी मतलब गारंटी' है। जयपुर में उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस जंग लगा लोहा है जिसे अब कांग्रेसी नेता नहीं वरन कुछ अर्बन नक्सली चला रहे हैं।'

भाजपा की अपेक्षाओं के विरूद्ध कांग्रेस समेत विपक्ष की मजबूत होती स्थिति के अलावा ऐसे कई अन्य कारण हैं जिनके चलते मोदी की झल्लाहट अपने चरम पर है। जिन सभाओं में मोदी ने ये उद्गार प्रकट किये उन राज्यों में छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम के साथ ही इसी नवम्बर में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। मप्र व छग में कांग्रेस की जीत तयशुदा बताई जा रही है, तो वहीं राजस्थान में दोनों दलों (कांग्रेस-भाजपा) के बीच कड़ा मुकाबला है। तेलंगाना में भाजपा को लड़ाई से बाहर बताया जा रहा है और वहां मुख्य मुठभेड़ कांग्रेस व भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की होगी। चुनावी हार-जीत तो एक तरफ है लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली हर किसी को अपनी बात कहने और विरोधी दलों की मुद्दों पर आधारित आलोचना का हक देती है, परन्तु उसकी मर्यादा होती है। नौ साल तक देश का नेतृत्व करने के बाद भी मोदी अब तक यह नहीं जान पाये हैं कि इस शासन व्यवस्था में सरकार की आलोचना का हक सभी को होता है और सरकार के मुखिया होने के नाते उनका काम स्पष्टीकरण व जवाब देना होता है। इतना ही नहीं, अगर वे कोई बात कहते हैं तो उसे साबित करने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की है। पीएम होने के नाते उन्हें ऐसी कोई भी बात नहीं कहनी चाहिये जो कि विधिसम्मत न हो या वह आधारहीन हो। सरकारी रिकार्ड में 'अर्बन नक्सली' जैसा कोई शब्द नहीं है। वैसे ही जिस प्रकार से 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' नहीं है। मोदी को बतलाना चाहिये कि ये विपक्ष में कौन नक्सली हैं जिन्हें 'कांग्रेस ने अपने नारों और नीति के लिये आउटसोर्स कर दिया है', जैसा कि उन्होंने इसी सभा में कहा है। अगर वे इन नक्सलियों को जानते हैं तो उन पर क्या कार्रवाई की गई है?



डॉ. दीपक पाचपोर

> **भाजपा की अपेक्षाओं के विरूद्ध कांग्रेस समेत विपक्ष की मजबूत होती स्थिति के अलावा ऐसे कई अन्य कारण हैं जिनके चलते मोदी की झल्लाहट अपने चरम पर है। जिन सभाओं में मोदी ने ये उद्गार प्रकट किये उन राज्यों में छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम के साथ ही इसी नवम्बर में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। मप्र व छग में कांग्रेस की जीत तयशुदा बताई जा रही है।**

वैसे तो अब साफ हो चुका है कि मोदीजी के पास मुद्दों का अभाव होने से और आसन्न चुनावों में भाजपा की पराजय के डर से मोदी वे बातें कहने लगे हैं जो उनके समर्थक कब का बन्द कर चुके हैं। 2014 में जब मोदी पीएम बने थे, तो इस तरह की शब्दावली का खूब इस्तेमाल होता था। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, गरीबों-आदिवासी हितों की बात करने वालों और सबसे प्रमुखतया सरकार से सवाल करने वालों को बदनाम करने और उन्हें जेलों में डालने का रास्ता साफ करने के लिये अर्बन नक्सली, टुकड़े-टुकड़े गैंग, जिहादी आदि विशेषणों का प्रयोग किया जाने लगा जबकि सच्चाई यह है कि ऐसे आरोपों में न तो किसी व्यक्ति को अदालतों में पेश किया गया और न ही इस आधार पर किसी को सजा ही हो सकी है। हां, इसके नाम से उन्हें बदनाम अवश्य किया गया तथा अनेक लोगों को इसकी आड़ में बिना मुकदमा चलाये लम्बे समय तक जेलों में ज़रूर डाला गया है। पार्टी स्तर पर तो इन दांव-पेंचों का इस्तेमाल फिर भी समझ में आता है लेकिन देश के शीर्ष नेता होने के नाते मोदीजी को वही कहना चाहिये जो वे साबित कर सकें और जो सार्वजनिक जीवन की मर्यादा के अनुकूल हो। हालांकि मोदीजी से यह आशा करना बेकार है क्योंकि पिछले 9 साल में वे अमर्यादित व्यवहार का भरपूर प्रदर्शन कर चुके हैं। शुचितापूर्ण आचरण की बार-बार दुहाई देने और स्वयं को लोकतांत्रिक बतलाने का आडम्बर रचने वाले मोदीजी अपने विरोधियों के लिये दीदी ओ दीदी, जर्सी गाय, कांग्रेस की विधवा, खूनी पंजा, 50 करोड़ की गर्ल फ्रेंड जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते रहे हैं। मोदी अपने पार्टी व संसद के सहयोगियों को भी यही आचरण व भाषावली अपनाने की प्रेरणा देते हैं। इसका हालिया दृष्टांत भरी लोकसभा में भाजपा सदस्य रमेश बिधूड़ी द्वारा बहुजन समाज पार्टी के दानिश अली के लिये मुल्ला, कटुवा, आतंकवादी जैसे शब्दों का इस्तेमाल करने और बाहर देख लेने की धमकी देने के बाद भी बचकर निकल जाना है। यह जान लेना कितना कठिन है कि भाजपाईयों के मन में प्रतिपक्ष के लिये ऐसे घृणा भाव का स्रोत व प्रेरणा पुरुष कौन हो सकता है।

बहरहाल, मोदी की गिरती छवि और चुनावी असफलताओं (हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, घोसी आदि) तथा अगले साल के आम चुनावों में पराजय के डर से मोदीजी के मन में जो झल्लाहट भरी हुई है, उसी की प्रतिध्वनि कांग्रेस को घमंडिया, अर्बन नक्सली, टुकड़े-टुकड़े गैंग कहने के रूप में सुनाई पड़ रही है। फिर भी उन्हें जानना चाहिये कि देश का लोकतंत्र चुनावी हार-जीत या सत्ता पाने-गंवाने की प्रक्रिया से ऊपर व अधिक स्थायी प्रकृति का होता है। तीसरी बार पीएम बनने के चक्कर में उन्हें ऐसा कोई बर्ताव नहीं करना चाहिये जो लोकतांत्रिक रूप से अमर्यादित तो हो ही, उसे अशोभनीय भी कहा जाये। देश की कार्यपालिका के प्रमुख होने के अलावा उनका नैतिक कर्तव्य देश की श्रेष्ठ मर्यादाओं व मूल्यों का अनुपालन करना भी है ताकि देश का लोकतांत्रिक चरित्र बचा रहे। आखिर मोदी जी ही तो भारत को 'लोकतंत्र की जननी' कहते हैं।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं।)**

# लोकसभा चुनाव फरवरी 2024 से पहले करा सकते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

■ **नित्य चक्रवर्ती**

पिछले सप्ताह संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद, अनुभवी चुनाव रणनीतिकारों के सहयोग से भाजपा के थिंक-टैंक लोकसभा चुनाव कराने के लिए पार्टी के लिए सबसे उपयुक्त समय निकालने में व्यस्त हैं। चुनाव अगले वर्ष अप्रैल/मई में होने हैं, परन्तु प्रारंभिक अध्ययनों से भाजपा रणनीतिकारों को पता चला है कि चुनाव समय से पहले कराने से भाजपा के हितों की बेहतर पूर्ति होगी, और इसीलिए वे नवंबर-अंत और फरवरी के बीच चुनाव चाहते हैं।

2019 का लोकसभा चुनाव 11 अप्रैल से 19 मई तक सात चरणों में हुआ था। परिणाम 23 मई को घोषित किए गये थे। यदि सामान्य कार्यक्रम का पालन किया जाये तो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के पास लोकसभा चुनाव कराने के लिए छह महीने से अधिक समय बचा है। चुनाव आयोग अपनी तैयारियों के साथ तैयार है। आगामी लोकसभा चुनावों के लिए, चुनाव आयोग की योजना मतदान के चरणों की संख्या को पहले के सात से घटाकर अधिकतम पांच या तीन तक लाने की है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद चुनाव आयोग निर्देश जारी कर सकता है।

भाजपा नेतृत्व के लिए चिंता की बात इंडिया गठबंधन की बढ़ती एकजुटता और मुंबई सम्मेलन के बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा दिखाया जा रहा आत्मविश्वास है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मीडिया के साथ अपनी नवीनतम बातचीत में उत्साहित दिखे जब उन्होंने कहा कि कांग्रेस मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में जीत हासिल करेगी, और राजस्थान में भी जीत जायेगी, जबकि तेलंगाना में भी पार्टी अच्छा प्रदर्शन करेगी। तेलंगाना के बारे में राहुल थोड़े आशावादी थे, लेकिन बाकी तीन राज्यों के बारे में वह सही थे।

> **आगामी राज्य विधानसभा चुनावों का सवाल है, दिसंबर 2023 तक चार राज्यों में चुनाव होने हैं। केवल मध्य प्रदेश में ये जनवरी 2024 में हो सकते हैं। इसलिए सामान्य तौर पर, चुनाव आयोग दिसंबर 2023 तक सभी पांच राज्यों में चुनाव कराना चाहेगा। यदि चुनाव तय कार्यक्रम के अनुसार होते हैं और भाजपा हिंदी पट्टी से जुड़े तीनों राज्यों को हार जाती है, तो इंडिया गठबंधन, खासकर कांग्रेस को बड़ी ताकत मिलेगी, जिसका लोकसभा चुनाव पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।**

जहां तक आगामी राज्य विधानसभा चुनावों का सवाल है, दिसंबर 2023 तक चार राज्यों में चुनाव होने हैं। केवल मध्य प्रदेश में ये जनवरी 2024 में हो सकते हैं। इसलिए सामान्य तौर पर, चुनाव आयोग दिसंबर 2023 तक सभी पांच राज्यों में चुनाव कराना चाहेगा। यदि चुनाव तय कार्यक्रम के अनुसार होते हैं और भाजपा हिंदी पट्टी से जुड़े तीनों राज्यों को हार जाती है, तो इंडिया गठबंधन, खासकर कांग्रेस को बड़ी ताकत मिलेगी, जिसका लोकसभा चुनाव पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। क्या भाजपा इसकी इजाजत दे सकती है? भाजपा थिंक टैंक के एक वर्ग का तर्क है कि लोकसभा चुनाव पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के साथ ही कराये जाने चाहिए।

उनका कहना है कि चंद्रयान-3, जी-20 शिखर सम्मेलन और अब महिला आरक्षण विधेयक से शुरू हुई सफलताओं की श्रृंखला के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने खुद को और सरकार को बढ़त दिलाई है। प्रधानमंत्री 50 प्रतिशत मतदाताओं पर नजर रखते हुए महिलाओं के मुद्दों और ओबीसी महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आरएसएस ने अपने कार्यकर्ताओं को महिलाओं के लिए पीएम के इस संदेश को देश के सुदूर इलाकों तक पहुंचाने का निर्देश दिया है। दिलचस्प बात यह है कि आरएसएस का अभियान केवल प्रधानमंत्री पर केंद्रित है, भाजपा पर नहीं।

भाजपा थिंक-टैंक खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की हत्या पर वर्तमान भारत-केनेडा राजनयिक संकट के प्रभाव को भी ध्यान में रख रहे हैं। प्रधानमंत्री केनेडा के पीएम के आरोपों को नकारने पर अड़े हुए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा में बड़ी शक्तियों, यानी अन्य लोगों के बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका के दोहरे मानकों के बारे में बयान दे रहे हैं। कांग्रेस ने भारत सरकार की स्थिति का पूरी तरह से समर्थन किया है, यह जानते हुए कि चाहे कुछ भी हो, अंततः चुनाव से पहले इससे प्रधानमंत्री को राजनीतिक लाभ होगा। लेकिन मामला इतना नाजुक है कि कांग्रेस और अन्य इंडिया घटक सरकार के रुख का समर्थन करते रहेंगे।

नरेंद्र मोदी के लिए यह एक जीत की स्थिति है। यदि केनेडा और उसके पश्चिमी सहयोगी मामले को आगे बढ़ाते हैं, तो पीएम उसका विरोध करते हुए मजबूत रुख अपना सकते हैं, जिससे उन्हें बड़ा समर्थन मिलेगा। मोदी पश्चिमी बड़ी शक्तियों से लड़ते हुए खुद को ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में स्थापित करने की कोशिश करेंगे, जो भारत जैसी प्रमुख शक्ति के उद्भव को बर्दाश्त नहीं कर सकती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन असमंजस में हैं क्योंकि अगर भारत ने अपनी वर्तमान आक्रामकता जारी रखी तो एशिया-प्रशांत में चीन के खिलाफ भारत को सामने लाने की उनकी अच्छी तरह से तैयार की गई नीति संकट में होगी।

दूसरी ओर, यदि फाइव-आइज वाली शक्तियां (संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और निश्चित रूप से, केनेडा) स्वर को नरम करती हैं और भारत को अपेक्षित ट्रैक पर रखने के लिए किसी प्रकार की समझ बनाती हैं, तो पीएम खुद को सही ठहरायेंगे, जबकि भाजपा के ढोल-नगाड़े बजाने वाले और कॉरपोरेट मीडिया नरेंद्र मोदी को एक ऐसे ईश्वरीय अवतार के रूप में पेश करेंगे, जिसने पश्चिम के राक्षसों को एक पवित्र युद्ध में हरा दिया है। किसी भी तरह से, यह मोदी के लिए फायदेमंद है। इंडिया गठबंधन के घटक केवल दूर से देख रहे हैं।

इसलिए यह वर्ग चाहता है कि यदि लोकसभा चुनाव राज्य विधानसभा चुनावों के साथ कराये जाएं तो प्रधानमंत्री के पास अब उपलब्ध इन सभी लाभों का फायदा उठाया जा सकता है। इन विश्लेषकों को यकीन है कि अगर चुनाव हुए तो नरेंद्र मोदी की छवि और स्वीकार्यता राज्य विधानसभा तथा लोकसभा चुनावों के नतीजों को प्रभावित करेगी।

इसके विपरीत, एक मजबूत प्रतिवाद यह है कि लोकसभा चुनाव जनवरी 2024 के अंतिम सप्ताह में, संभवतः 22 जनवरी को, अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के बाद ही हो सकते हैं। संघ परिवार के नेताओं को लग रहा है कि प्रधानमंत्री की अन्य हालिया उपलब्धियों के साथ-साथ इस उद्घाटन का हिंदू समुदाय पर उत्प्रेरक प्रभाव पड़ेगा और यह भाजपा की ओर से मतदाताओं के लिए सबसे मजबूत अपील होगी। इसलिए, यह वर्ग चाहता है कि लोकसभा चुनाव तभी हो जब संघ परिवार के कार्यकर्ता प्रचार में हिंदुत्व के मुद्दे का पूरा उपयोग करें। यदि लोकसभा चुनाव फरवरी में होते हैं, तो भाजपा को 2019 के चुनाव घोषणापत्र में प्रधानमंत्री द्वारा वायदा किये गये हिंदुत्व पर सभी प्रमुख प्रतिबद्धताओं का पूरा लाभ मिलेगा। स्वाभाविक रूप से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही अंतिम निर्णय लेंगे।

इंडिया गठबंधन के घटक दलों को लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहना चाहिए, चाहे यह इस साल नवंबर में हो, या फरवरी में हो, या अप्रैल/मई 2024 में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हो। कांग्रेस नेतृत्व को राज्यों में सीट-बंटवारे की बातचीत शुरू करने के लिए राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजों का इंतजार नहीं करना चाहिए। उन्हें अभी प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए, क्योंकि अनेक राज्यों में इसमें काफी समय लगेगा। यदि अचानक लोकसभा चुनावों की घोषणा हो जाती है तो इंडिया गठबंधन स्वयं को बिना तैयारी के न पायें। 2004 में, एनडीए-1 सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी सरकार के 'इंडिया शाइनिंग' प्रचार को ध्यान में रखते हुए लोकसभा चुनाव को पांच महीने के लिए आगे बढ़ा दिया था। सभी उम्मीदों पर पानी फेरते हुए एनडीए को हार का सामना करना पड़ा और यूपीए ने नयी सरकार बनाई। भारत के लिए, 2004 का यह उदाहरण महत्वपूर्ण सबक देता है। राष्ट्रीय स्तर पर केवल बड़ा प्रचार पर्याप्त नहीं है।

## पावन प्रसंग

# सिद्धांतों से समझौता न करें

जीवन का अपना सिद्धांत होता है, मूल्य होता है। इस सिद्धांत के कारण ही सामान्य इंसान में दिव्य गुण विकसित होते हैं। मूल्यों के अभाव में इंसान पशुतुल्य हो जाता है। प्रत्येक परमाणु,अणु और तत्व से लेकर जड़-चेतन आदि सभी के अपने-अपने सिद्धांत हैं। इन्हीं सिद्धातों के कारण ही वे अपनी मौलिकता को बरकरार रखते हुए अपना प्रभाव दिखाते हैं और अपना अस्तित्व व औचित्य-सिद्ध कर सकने की एक प्रभावशाली सामर्थ्य रखते हैं। यही वजह है कि इंसानों को छोड़कर किसी प्राणी, वस्तु, तत्व या मिश्रण के गुण-धर्म और उसके प्रभावों की शत-प्रतिशत सत्य एवं सटीक व्याख्या की जा सकती है। एक इंसान ही इस धरती पर ऐसा जीव है, जो पैदा होने से लेकर केवल समझदार होने तक अपनी आत्मस्थिति और मौलिकता में शुद्ध बुद्ध रहता है और इंसानी खाल एवं खोल में बना रहता है।

जरा सा समझदार हो जाने के बाद वह जीवन भर के लिए इंसानियत से मुक्त हो जाता है और कहीं भी कुछ भी करने-करवाने की स्थिति में आ जाता है। जैसे-जैसे वह संसार में आसक्त होने लगता है; वैसे-वैसे उसके भीतर का मनुष्यत्व पलायन करने लगता है, मौलिकता का क्षरण शुरु हो जाता है, मानवता के क्षरण के सारे रास्ते खुल जाते हैं और उसकी जगह उसके भीतर वह सब कुछ भरना शुरु हो जाात है, जिसे इंसानियत का धुर-विरोधी माना जाता है।

एक इंसान तभी तक इंसान बना रह सकता है, जब तक उसके भीतर इंसान होने का गुण धर्म सहेजने वाली मौलिकता है। यही कारण है कि पूरी दुनिया में इंसान की मनोवृत्ति के अनुरूप काफी श्रेणियां हो गई हैं। बहुत कम संख्या में लोग हैं, जो पूरी जिंदगी अपने मानवीय गुण-धर्म को बचाए रख पाते हैं। अधिकांश लोग देश, काल और परिस्थितियों के अनुरूप अपने स्वार्थ और अहंकार को तवज्जो देते हुए हर सांचे में ढल जाया करते हैं। बहुत सारे ऐसे हैं,जो अपने भीतर की इंसानियत को परे धकेलकर शैतानियत को अपना लेते हैं और जमाने भर के लिए मरते दम तक नासूर बने रहते हैं। इंसान के रूप में पैदा होना जितना सरल है, जीवन भर के लिए इंसानियत को सहेजकर रखना और मानवीय उसूलों पर चलना उतना ही दुष्कर है।

ईश्वरीय अनुकंपा और पूर्वजन्म के संस्कारों के साथ ही वंशानुगत चारित्रिक आनुवांशिक गुणों के होने पर ही इंसान अपने आप को इंसान के रूप में प्रकट कर सकता है अन्यथा बहुत सारे लोगों को हम रोजाना ऐसे देखते हैं, जो कि ऐसे सज-धजकर निकलते हैं ऐसी लच्छेदार और लुभावनी बातें करते हैं कि लगता है जैसे इनके मुकाबले कोई महान इंसान मिलना संभव ही नहीं है, लेकिन जब-जब इनके इंसानी गुण धर्म की खोज करते हैं तब हमें घोर निराशा हाथ लगती है।

आजकल जो जैसा दिखता-दिखाता है, वैसा होता नहीं है। अधिकांश लोग अंदर-बाहर में जमीन-आसमान के अंतर भरे होते हैं। यह स्थिति तथाकथित कुलीन लोगों का आभूषण हो गई है, जिसके सहारे वे दुनिया भर में अपने आप को श्रेष्ठतम और महान सिद्ध करते रहने के सारे यत्न करते रहते हैं। वे लोगों को भ्रमित करने के तमाम हथकंडों का सहारा लेते हुए बहुरूपियों और स्वांगियों तक को पीछे छोड़ देने के करिश्माई करतब दिखाते रहते हैं। असल में देखा जाए तो पूरी दुनिया के इंसान को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है- सिद्धांतहीन और सिद्धांतवादी। केवल एक सिद्धांत है, जो इंसान को इंसान बनाए रखकर धरती के संचालन में मददगार होता है। सिद्धांतहीन मनुष्य मानवता के लिए अभिशाप है और जगत के लिए घातक भी, क्योंकि इनकी पूरी जिंदगी स्वार्थ को समर्पित होती है। स्वार्थ पूरे करने के लिए ये लोग किसी भी हद तक जा सकते हैं, अपने कद को ऊंचा दिखाने के लिए किसी को भी गिरा सकते हैं और खुद को ऊंचा उठाने के लिए किसी भी सीमा तक गिर भी सकते हैं।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# विदेशी धरती पर भारत के खिलाफ आतंकी संगठनों का षड्यंत्र दुर्भाग्यपूर्ण

भारत कई वर्षो से आतताइयों से लोहा ले रहा है। विदेशी आतताइयों ने भारत को छिन्न-भिन्न करने के लिए सबसे पहले भारतीय संस्कृति पर हमला किया। अंग्रेजों ने जाते-जाते अलगाववाद के बीज बोए। भारत में और भारत के बाहर भारत के खिलाफ आज भी षड्यंत्र पूर्वक कार्य जोरों से चल रहा है। आईएसआई ने खालिस्तानियों को पनाहगाह बनाकर भारत में आतंकी साजिश रच रहे हैं। कनाडा के राष्ट्रपति ट्रूडो ने कनाडा में सिख फ़ॉर जस्टिन को आंतरिक और बाह्य समर्थन कर रहे है। कनाडा के संरक्षण मंत्री बिल ब्लेयर ने कहा कि भारत और कनाडा के संबंध महत्वपूर्ण हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत पर लगाए आरोप विदेशी धरती पर भारत के खिलाफ आतंकी संगठनों का षड्यंत्र दुर्भाग्यपूर्ण

भारत एक हजार वर्ष से आतताइयों से लोहा ले रहा है।विदेशी आतताइयों ने भारत को छिन्न भिन्न करने के लिए सबसे पहले भारतीय संस्कृति पर हमला किया।अंग्रेजो ने जाते जाते अलगाववाद के बीज बोए।भारत में और भारत के बाहर भारत के खिलाफ आज भी षड्यंत्रपूर्वक कार्य जोरों से चल रहा है। आईएसआई ने खालिस्तानियों को पनाहगाह बनाकर भारत मे आतंकी साजिश रच रहे है। कनाडा के राष्ट्रपति ट्रुडो ने कनाडा में सिख फ़ॉर जस्टिन को आंतरिक और बाह्य समर्थन कर रहे हैं। कनाडा के संरक्षण मंत्री बिल ब्लेयर ने कहा कि भारत और कनाडा के संबंध महत्वपूर्ण है। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रुडो ने भारत पर लगाए आरोप बेबुनियाद और आघातजनक है। खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू कनाडा में रहकर भारत-विरोधी षड्यंत्र रच रहा है। गुरपतवंत सिंह की पंजाब में पूरी संपति सरकार ने जब्त कर ली है। इस घटना के बाद भी उसके तेवर ढीले नहीं हुए हैं। कनाडा में मन्दिरों पर हमला करने वाले आतंकी और ख़ालिस्तान के झण्डे लहराकर भारत को धमकी दे रहे हैं। वहीं ट्रूडो अपने राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हुए हैं। भारत से कनाडा को दुश्मनी महंगी पड़ेगी। भारत केवल दाल आयात करता है लेकिन भारत अरबों डॉलर के हीरे-जवाहरात और धातु कनाडा को निर्यात कर रहा है। 10 ट्रिलियन जितना व्यापार करने वाले भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचने वाले कनाडा को फिर से सोच समझकर निर्णय लेना चाहिए। आतंकवादियों पर कार्रवाई कर और कनाडा में पल रहे आतंकी संगठनों पर प्रतिबंध लगाकर दोस्ती आगे बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए। आतंकी पन्नू इंडिया गेट पर ख़ालितस्तान झंडा लगाने की सोच रहा है। केरल में पीएफआई का बढ़ता वर्चस्व और सैनिक पर घातक हमला इस बात का संकेत है कि वे आज भी यह विचारधारा सक्रिय है। कनाडा अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में बैठकर भारत के विरुद्ध षड्यंत्र करने वाले आतंकी संगठनों की खैर नहीं। अरबों रुपए की पंजाब से फंडिंग ट्रांसफर करने की सूचना चौंकाने वाली बाबत है। कनाडा की संसद में नाजी सैनिक का सम्मान करना जले पर नमक छिड़कने जैसा है परंतु उसके बाद भूल का प्रायश्चित कर स्पीकर ने माफी मांग ली थी। भारत की मजबूत सैन्य ताकत और मजबूत सेना और सरकार के कारण इन संगठनों की नींद हराम हो गई है। अगर कमजोर सरकार आती है तो अकल्पनीय घटनाएं हमारे सामने आकार ले रही होतीं।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## आर्मेनिया में गैस स्टेशन पर विस्फोट, 200 से अधिक घायल

**येरेवान।** आर्मेनिया के नागोर्नो-करबाख की राजधानी स्टेपानाकर्ट के पास एक गैस स्टेशन पर विस्फोट में 200 से अधिक लोग घायल हो गए। आर्मेनियाई मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आर्मेनियाई स्वास्थ्य मंत्रालय ने आर्मेनप्रेस समाचार एजेंसी को बताया कि विशेषज्ञ स्टेपानाकर्ट के सहयोगियों के संपर्क में हैं और उन्हें सलाहकार सहायता प्रदान कर रहे हैं। मंत्रालय के अनुसार हेलीकॉप्टर द्वारा घायलों को आर्मेनिया के अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है।

# ताइवान की 'स्वतंत्रता' के खिलाफ है नेपाल

## संयुक्त बयान में चीन के रूख का समर्थन

**काठमांडू,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन के सुर में सुर मिलाते हुए नेपाल ने मंगलवार को कहा कि वह ताइवान की आजादी के खिलाफ है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की चीन की आधिकारिक यात्रा के दौरान जारी 13 पेज लंबे संयुक्त बयान के अनुसार, नेपाली पक्ष ने एक-चीन सिद्धांत के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई।



अब तक एक चीन नीति का हमेशा ही समर्थन करता आ रहा नेपाल यह मानता है कि ताइवान भी चीन का अविभाज्य अंग है, और नेपाल किसी भी प्रकार से ताइवान की स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करता है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 23 सितंबर को न्यूयॉर्क से चीन पहुंचे। उन्होंने हांगझोऊ में 19वें एशियाई खेलों के मौके पर चीनी राष्ट्रपति के साथ बातचीत की। सोमवार को पीएम दहल ने अपने चीनी पीएम ली कियांग से मुलाकात की और सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित 12 विभिन्न समझौतों पर हस्ताक्षर किए। बयान के अनुसार, नेपाल-चीन ने विकास और समृद्धि के लिए टिकाऊ मित्रता की विशेषता वाले सहयोग की रणनीतिक साझेदारी को स्वीकार किया है, जिसे 2019 में राष्ट्रपति शी की नेपाल की यात्रा के दौरान बयान में शामिल किया गया था। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि विकास और समृद्धि के लिए मित्रता की विशेषता वाले चीन-नेपाल रणनीतिक सहयोग साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए पीएम दहल की यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है। संयुक्त बयान में चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) पर भी बात की गई, जहां यह जिक्र किया गया कि दोनों पक्ष उच्च गुणवत्ता वाले बेल्ट एंड रोड सहयोग को आगे बढ़ाएंगे और विभिन्न क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को गहरा और विस्तारित करेंगे।

हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन बोले

## स्वीडन के नाटो में शामिल होने की पुष्टि करने की कोई जल्दी नहीं



**बुडापेस्ट,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने कहा है कि स्वीडन के नाटो में शामिल होने की पुष्टि करने की कोई जल्दी नहीं है और उन्होंने नॉर्डिक देश से कहा है कि वो दूसरे देशों का सम्मान करे। शरद ऋतु सत्र के उद्घाटन के लिए संसद में बोलते हुए, हंगरी के प्रधानमंत्री ने सोमवार को कहा, स्वीडन के नाटो में शामिल होने के संबंध में समर्थन के लिए सरकार की ओर से कोई जल्दबाजी नहीं है और स्वीडन की सुरक्षा खतरे में नहीं है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्वीडिश नाटो परिग्रहण का मुद्दा एक साल से अधिक समय से चर्चा में है। सैन्य गठबंधन के भीतर केवल तुर्की और हंगेरियन संसद को स्वीडन की सदस्यता को मंजूरी देना बाकी है। हाल के सप्ताहों में हंगरी और स्वीडन के बीच मतभेद बढ़ गए हैं। स्वीडिश स्कूलों में दिखाई गई एक पुरानी फिल्म फिर से सामने आई है, जिसमें हंगरी को यूरोपीय संघ में लोकतंत्र के एक बुरे उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया गया है। गुरुवार को, ओर्बन की फिडेज पार्टी के समूह नेता मेट कोक्सिस ने कहा कि इस बात की संभावना कम है कि हंगरी की संसद वर्तमान शरद ऋतु सत्र में स्वीडन पर मतदान करेगी।

## ली छ्यांग ने नेपाली प्रधानमंत्री से बातचीत की

**बीजिंग।** चीनी प्रधानमंत्री ली छ्यांग ने सोमवार को पेइचिंग में चीन की यात्रा पर आए नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड से बातचीत की। ली छ्यांग ने कहा कि चीन और नेपाल के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से अब तक के लगभग 70 सालों में दोनों देशों ने हमेशा एक-दूसरे का सम्मान, भरोसा और समर्थन किया है। द्विपक्षीय संबंधों का स्वस्थ और स्थिर विकास किया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की लगातार नई उपलब्धियां हासिल हुईं। इसने बड़े और छोटे देशों के बीच समान व्यवहार, सहयोग और समान जीत का उदाहरण स्थापित किया है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने हांगचो शहर में प्रधानमंत्री के साथ सफलतापूर्वक मुलाकात की और चीन-नेपाल संबंधों के विकास के लिए आगे की योजनाएं और व्यवस्थाएं कीं।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 27 सितम्बर, 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 13

### राशिफल

मेष - आपका आज का दिन सामाजिक प्रवृत्तियों और मित्रों के साथ दौड़-धूप में व्यतीत होगा। इसके पीछे धन खर्च भी होगा। फिर भी सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। बुजुर्गों तथा पूजनीय व्यक्तियों से मुलाकात होगी।

वृषभ - आज आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे। नौकरीपेशा वालों के लिए आज का दिन शुभ है। उन्हें आय वृद्धि या पदोन्नति का समाचार मिलेगा। सरकारी लाभ मिलेगा। गृहस्थ जीवन में सुख- शांति रहेगी।

मिथुन - प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा। पेट के रोग सताएंगे। नौकरी में अधिकारियों के नकारात्मक व्यवहार से आपको दु-ख होगा।

कर्क - मन का नकारात्मक व्यवहार आपको हताश करेगा। बाहर का खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। क्रोध को नियंत्रण में रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ बखेड़ा खड़ा होगा। नए संबंध तकलीफदायक साबित होंगे।

सिंह - पति-पत्नी के बीच मामूली कारणों से विवाद उत्पन्न होने से मनमुटाव होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सांसारिक विषयों के बारे में उदासीन रहेंगे। सार्वजनिक जीवन में अपयश या स्वाभिमान भंग होने का योग है।

कन्या - शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। घर में सुख- शांति का माहौल रहने से प्रसन्नता अनुभव होगा। आर्थिक लाभ और काम में सफलता मिलेगी। बीमारी में राहत महसूस होगी। नौकरी में लाभ मिलेगा।

तुला - आज आप कल्पना और सृजनशक्ति का उपयोग कर सकेंगे। संतान की प्रगति होगी। प्रिय व्यक्ति के साथ की मुलाकात रोमांचक रहेगी। तन- मन से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। अत्यधिक विचारों से मन विचलित बनेगा।

वृश्चिक - आज के दिन आप शारीरिक और मानसिक रूप से भय अनुभव करेंगे। किसी न किसी बात की चिंता आपको परेशान करेगी। पारिवारिक सदस्यों तथा सगे- संबंधियों के साथ अनबन होने की संभावना है।

धनु - गूढ़ रहस्यमय विद्याएं और आध्यात्मिकता का प्रभाव आप पर विशेष रहेगा। आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। भाई- बहनों के साथ मेल- जोल रहेगा। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं।

मकर - संयमित वाणी आपको बहुत-सी मुसीबतों से बचा लेगी। सोच-विचार कर बोलें। परिजनों के साथ गलतफहमी पैदा होने से मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ - शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थता के साथ दिन ताजगीपूर्ण होगा। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायी रहेगा। सगे-संबंधियों तथा मित्रों के साथ मिष्ठान और सुरुचिपूर्ण भोजन का आनंद ले सकेंगे। पर्यटन का भी आयोजन होगा।

मीन - आज आपके मन में एकाग्रता का अनुभव होगा। परिणाम स्वरूप मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। धार्मिक कामों के पीछे खर्च होगा। स्वजनों से दूर जाना होगा। कोर्ट-कचहरी के कामों में आज बहुत सावधानी बरतें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## नाइजीरिया में सुरक्षाकर्मियों ने अपहृत 16 लोगों को छुड़ाया

**अबुजा,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। नाइजीरिया के पश्चिमोत्तर प्रांत जामफारा में शुक्रवार को एक विश्वविद्यालय पर हुए हमले के बाद अपहृत 16 लोगों को सुरक्षाकर्मियों ने छुड़ा लिया है। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। फेडरल यूनिवर्सिटी गुसाऊ ने एक्स पर कहा कि बचाए गए 16 लोगों में 13 छात्र और तीन कर्मचारी शामिल हैं। बयान में कहा गया, सेना के समर्पित सदस्यों द्वारा संचालित बचाव अभियान ने हमारे नागरिकों की सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। इस तरह से शुक्रवार तड़के घटित हुई इस घटना के बाद से अब तक बचाए गए लोगों की संख्या 22 हो गई है। उधर, सेना ने पुष्टि की है कि संदिग्ध हमलावरों के साथ गोलीबारी के बाद उसी दिन छह लोगों को बचाया गया था। वहीं जामफरा के गवर्नर के प्रवक्ता मुगिरा यूसुफ ने कहा था कि विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों सहित कम से कम 35 लोगों का अपहरण कर लिया गया।

# कनाडा ने नवीनतम यात्रा परामर्श में अपने नागरिकों से 'सतर्क रहने' को कहा

**टोरंटो,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर राजनयिक विवाद के मद्देनजर कनाडा ने भारत में अपने नागरिकों के लिए यात्रा सलाह को अपडेट करते हुए उन्हें सतर्क रहने और सावधानी बरतने के लिए कहा है। कनाडा सरकार ने एक अपडेट में कहा, कनाडा और भारत में हाल के घटनाक्रमों के संदर्भ में, विरोध-प्रदर्शन के आह्वान और सोशल मीडिया पर कनाडा के प्रति कुछ नकारात्मक भावनाएं हैं। कृपया सतर्क रहें और सावधानी बरतें। भारत ने पिछले सप्ताह कनाडा में रहने वाले भारतीय नागरिकों और छात्रों के लिए इसी तरह की सलाह जारी की थी, और कनाडाई नागरिकों



के लिए ई-वीजा सहित सभी श्रेणियों के वीजा को रोकने के अपने फैसले की भी घोषणा की थी। कड़े शब्दों में दी गई सलाह में कहा गया है कि कनाडा में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों और राजनीतिक रूप से क्षमा किए जाने वाले घृणा अपराधों और आपराधिक हिंसा को देखते हुए, वहां मौजूद सभी भारतीय नागरिकों और यात्रा पर विचार करने वाले लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने का आग्रह किया जाता है।

## निज्जर की हत्या पर ट्रूडो के आरोपों से अमेरिका को 'गहरी चिंता'

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने दोहराया है कि कनाडा स्थित खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारतीय एजेंसियों के अधिकारियों की संलिप्तता को लेकर कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर उसे गहरी चिंता है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने सोमवार को एक नियमित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा- हम अपने कनाडाई सहयोगियों के साथ निकट संपर्क में हैं।

# चीन, यूरोपीय संघ व्यापक आर्थिक नीति समन्वय को मजबूत करेंगे

**बीजिंग,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन और यूरोपीय संघ(ईयू) व्यापक आर्थिक नीति समन्वय को मजबूत करने और वैश्विक चुनौतियों का संयुक्त रूप से समाधान करने पर सहमत हुए हैं। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने व्यापक आर्थिक नीतियों पर संचार और समन्वय को मजबूत करने, जलवायु परिवर्तन, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा जैसी वैश्विक चुनौतियों का संयुक्त रूप से समाधान करने, वैश्विक आर्थिक तथा वित्तीय बाजारों की स्थिरता बनाए रखने और वैश्विक आर्थिक विकास में अधिक विश्वास लाने पर सहमति जतायी है। मंत्रालय के मुताबिक दोनों पक्ष एकपक्षवाद और संरक्षणवाद की नीतियों का संयुक्त रूप से विरोध करने और नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को मजबूत करने पर भी सहमत हुए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के लिए खुले रहने और एक-दूसरे की कंपनियों को निष्पक्ष और गैर-भेदभावपूर्ण व्यवसाय वातावरण प्रदान करने का वचन दिया। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने स्थिर और पारस्परिक रूप से भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला बनाने और उनकी स्थिरता की रक्षा करने पर सहमति व्यक्त की।



चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने दी जानकारी

मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष निर्यात नियंत्रण नीति और अनुप्रयोग पर संचार करने के लिए एक निर्यात नियंत्रण संवाद तंत्र स्थापित करने पर सहमत हुए।

चीनी और यूरोपीय अधिकारियों ने सोमवार को बीजिंग में चीन-यूरोपीय संघ आर्थिक एवं व्यापार वार्ता के 10वें दौर की बैठक की। मंत्रालय ने कहा कि बातचीत व्यावहारिक, स्पष्ट और फलदायी रही।

## अफ्रीकी राजनयिकों ने देखा आयुर्वेद संस्थान का कामकाज

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीकी देशों के उच्चायुक्तों और राजदूतों के 15 सदस्यीय समूह ने मंगलवार को अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का दौरा किया और आयुर्वेद और एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में की संभावनाएं तलाशीं। अफ्रीकी प्रतिनिधिमंडल यहां के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान पहुंचा और संस्थान के कामकाज का अनुभव लिया। प्रतिनिधि मंडल में बुरुंडी के राजदूत जनरल अलॉयस बिज़िदावी, इथियोपिया के राजदूत डेमेके एटनाफू अंबुलो, जिम्बाब्वे के राजदूत डॉ. गॉडफ्रे माजोनी चिपारे, लेसोथो से थबांग लिनुस खो लुमो सीडीए, मलावी के उच्चायुक्त लियोनार्ड मेंगेज़ी, गेब्रियल सिनिम्बो, नामीबिया के उच्चायुक्त ? जैकलीन मुकांगिरा, रवांडा के उच्चायुक्त सिबुसिसो नडेबेले, दक्षिण अफ्रीका की उच्चायुक्त प्रोफेसर जॉयसे काकुरामत्सी किकासुमफंडा, युगांडा की उच्चायुक्त डेलिवे मुंबी और जाम्बिया के कार्यवाहक उच्चायुक्त ?शामिल रही। भारत की 2023 की अध्यक्षता के तहत जी- 20 समूह में शामिल होने के बाद, अफ्रीकी राष्ट्र पारंपरिक चिकित्सा और एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल की भारतीय चिकित्सा प्रणालियों की क्षमता का पता लगा रहे हैं।

## आज का इतिहास

1290 - चीन के चिली की खाड़ी में भूकंप से करीब एक लाख लोगों की मौत हुई।
1760 - मीर कासिम बंगाल के नवाब बने।
1821 - मैक्सिको को स्वतंत्रता मिली।
1825 - इंग्लैंड में स्टॉकटन-डार्लिंगटन लाइन की शुरुआत के साथ दुनिया का पहला सार्वजनिक रेल परिवहन शुरू हुआ।
1833 = राम मोहन राय का इंग्लैंड के ब्रिस्टल में निधन।
1932-मशहूर निर्देशक यश चोपड़ा का जन्म हुआ।
1940 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इटली, जर्मनी एवं जापान ने धूरी राष्ट्र के समझौते पर हस्ताक्षर किया।
1958 - मिहिर सेन ब्रिटिश चैनल को तैरकर पार करने वाले पहले भारतीय बने।
1961 - सिएरा लियोन संयुक्त राष्ट्र का सौवां सदस्य बना।
1988 - अमेरिकी अंतरिक्ष यान %डिस्कवरी% का केप कैनेवरल से प्रक्षेपण।
1995 - बोस्निया में संघर्षरत तीन दलों के मध्य अमेरिकी मध्यस्थता में समझौता सम्पन्न।
1996 - अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान द्वारा क़ाबुल पर अधिकार, पूर्व राष्ट्रपति नजीबुल्लाह एवं उनके भाई को सरेआम फ़ांसी।
1998 - इंटरनेट सर्च इंजन गूगल की स्थापना हुई।
1998 - जर्मनी में सम्पन्न हुए चुनाव में गेरहार्ड श्रोयडर ने हेल्मट कोल को हराकर नये चांसलर बने।
2000 - वेनेजुएला की राजधानी काराकस में ओपेक देशों का शिखर सम्मेलन शुरू।
2002 - न्यूयार्क में विश्व बैंक व आइएमएफ़ की वार्षिक बैठक शुरू।
2003 - ध्वनि से भी अधिक तेज़ गति से उड़ने वाले ब्रिटिश एयर के कांकर्ड विमान ने न्यूयार्क से लंदन के लिए आख़िरी उड़ान भरी।

**बयान** *सेना प्रमुखों के 13वें द्विवर्षिक सम्मेलन में भाग ले रहे हैं अमेरिकी सैन्य प्रमुख*


# सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हिन्द प्रशांत क्षेत्र अमेरिका की प्राथमिकता

**नई दिल्ली, 26 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका ने हिन्द प्रशांत को सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र बताते हुए कहा है कि यहां शांति, स्थिरता और नियम आधारित व्यवस्था उसकी प्राथमिकता है।**

**अमेरिकी सेना प्रमुख जनरल रेंडी जॉर्ज ने मंगलवार को यहां हिन्द प्रशांत क्षेत्र के देशों के सेना प्रमुखों के 13वें द्विवर्षिक सम्मेलन से इतर संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में यह बात कही। भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि इस सम्मेलन को सैन्य गठजोड़ बनाने की दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि यह किसी एक देश या कुछ देशों के समूह के खिलाफ नहीं है।**

हिन्द प्रशांत देशों के सेना प्रमुखों के 13वें सम्मेलन का आयोजन भारत और अमेरिका यहां संयुक्त रूप से कर रहे हैं द्य

जनरल जॉर्ज ने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र अमेरिका की प्राथमिकता है और इसीलिए वह इस क्षेत्र के मित्र देशों के साथ साझेदारी बढ़कर सहयोग को पुख्ता करने के प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना इस क्षेत्र में विभिन्न सहयोगी देशों के साथ विभिन्न तरह के सैन्य अभ्यासों में हिस्सा ले रही । अभ्यास का उद्देश्य सेना के कौशल तथा क्षमता को बढ़ाना और सर्वोत्तम अनुभव को साझा करना है। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस क्षेत्र में नए साझीदार बन रहा है। जनरल पांडे ने एक सवाल के जवाब में स्पष्ट किया कि इस तरह के सम्मेलन का आयोजन किसी तरह का सैन्य गठजोड़ बनाने



यहां शांति, स्थिरता और नियम आधारित व्यवस्था अमेरिका की प्राथमिकता

के लिए नहीं है और ना ही यह किसी एक देश या कुछ देशों के समूह के खिलाफ है। इस सम्मेलन का उद्देश्य परस्पर विश्वास के आधार पर साझेदारी को मजबूत करना तथा एक दूसरे के दृष्टिकोण को समझते हुए साझेदारी तथा मित्रता को पुख्ता करना है । उन्होंने कहा कि बदलती परिस्थितियों में हिन्द प्रशांत क्षेत्र की भूमिका निरंतर महत्वपूर्ण हो रही है तथा हिंद प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और शांति सभी की साझा जिम्मेदारी है। बाद में उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि सम्मेलन में 30 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं जिनमें 20 देशों के सेना प्रमुख शामिल हैं जिससे सम्मेलन की प्रासंगिकता का पता चलता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से जुड़े देशों की सुरक्षा और समृद्धि भी परस्पर जुड़ी हुई है। जनरल पांडे ने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र सामरिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र में बड़ा देश होने के कारण भारत की भूमिका और बढ़ जाती है और वह किसी भी समस्या या चुनौती का समाधान शांतिपूर्ण ढंग से किए जाने के पक्ष में रहा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में चुनौतियां हैं लेकिन सभी को मिलकर यहां शांति तथा स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाने होंगे।

## सुडोकू 6329

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 7 | | | | 8 | 3 |
| | 6 | 9 | 2 | | | | 7 | |
| | | | | 1 | 3 | | 2 | |
| | | | | | 1 | 2 | | |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | 2 | 9 | | | | | |
| | 5 | | 8 | 4 | | | | |
| | 4 | | | | 6 | 7 | 9 | |
| 2 | 3 | | | | 9 | | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6329

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. विदूषक, हँसी-मजाक करने वाला परिहास प्रिय (उर्दू)
३. तिरस्कृत, बेइज्जत
५. मुग्ध करने वाला
६. जलयानों के रुकने-ठहरने की जगह
७. जिसे वरदान प्राप्त हो
९. पात्रता, काबिलियत
१०. दूसरे के अधीन, परतंत्र
१२. बहुत अधिक
१३. विशेष बौद्धिक शक्ति, चमक
१४. पूंजी, व्यापार आदि में लगाया गया धन
१६. अंगूठी, कंकण, दो-दो पंक्तियों की सैनिक स्थिति, घेरा
१८. बधिर, जिसके कानों में सुनाई न दे
२०. जलपान
२१. नाश करने वाला
२३. रूढ़िवादी (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. कलाई
२. सावधान, सचेत
३. बेचैनी
४. बेजान
५. मोह का बंधन
८. सूर्यपुत्र
१०. प्रारंभ, शुरुआत
११. बखान
१२. कमी, न होने का भाव
१३. बहाव
१४. मूल्य निर्धारण
१५. साधुवाद, कृतज्ञता प्रकाश, वाहवाही
१७. तीव्र लालसा
१८. श्रेष्ठ, उत्तम
१९. असुर, दैत्य
२२. काटा-छांटा या बदला गया, निरस्त, बेकार, निकम्मा (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6328

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ए | क | २ च | र | ■ | ■ | 3 अ | लं | ४ कृ | त |
| क | ■ | रि | ■ | ५ प | ड़ा | व | ■ | प | ■ |
| ६ प | वि | त्र | ■ | ट | ■ | ७ ग | लि | या | ८ रा |
| दी | ■ | ही | ■ | ९ रा | ह | त | ■ | ■ | ज |
| ■ | १० म | न | ११ मा | नी | ■ | ■ | १२ सु | ल | भ |
| ■ | द्धि | ■ | णि | ■ | १३ दु | वि | धा | ■ | व |
| १४ सा | म | १५ रि | क | ■ | श्म | ■ | १६ र | १७ ह | न |
| धु | ■ | श्व | ■ | १८ क | नी | १९ ज | ■ | मे | ■ |
| २० बा | हि | त | ■ | त | ■ | २१ बा | द | शा | २२ ह |
| द | ■ | ■ | २३ बे | ई | मा | न | ■ | ■ | ठ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

# केन्या में करीब एक लाख स्वास्थ्य किटों का वितरण

**नैरोबी,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (यूएचसी) के तहत सोमवार को करीब एक लाख स्वास्थ्य किटों के वितरण को हरी झंडी दिखाई। श्री रुटो ने कहा कि इन किटों का उपयोग देश भर में सामुदायिक स्वास्थ्य प्रवर्तकों द्वारा किया जाएगा। इसमें रोगों के उपचार से संबंधित आवश्यक उपकरण शामिल हैं। स्मार्टफोन के माध्यम से करीब एक लाख सामुदायिक स्वास्थ्य प्रवर्तकों को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के वितरण में आवश्यक जानकारी प्रसारित करेंगे। श्री रुटो ने केन्या की राजधानी नैरोबी में लॉन्च के दौरान कहा कि केन्यावासियों की देखभाल अब उनके घरों पर पूरी तरह से प्रशिक्षित घरेलू सामुदायिक स्वास्थ्य प्रवर्तकों द्वारा की जाएगी। देश की स्वास्थ्य सुविधाओं में लगभग 70 प्रतिशत मामले रोकथाम योग्य बीमारियों के कारण होते हैं लेकिन अब इन बीमारियों का पता सामुदायिक स्वास्थ्य प्रवर्तकों द्वारा लगाया जा सकता है। श्री रुटो ने कहा कि स्वास्थ्य किट का लॉन्च केन्या के लिए बीमारी से मुक्ति पाने की दिशा में एक साहसिक कदम है।

# प्रादेशिकी

## प्राचीन रामदेव मंदिर में धूमधाम से मनाया दसवीं उत्सव

**सिरसा,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा के सिरसा स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर कागदाना में भादवा सुदि दसवीं का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पूरे मंदिर परिसर को भव्य तरीके से सजाया गया। मंदिर में सुबह श्रृंगार आरती के पश्चात बाबा को चांदी के आभूषण और बर्तन अर्पित करने के पश्चात भंडारे का शुभारंभ किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा बाबा को छप्पन भोग, सवामणी लगाई गई। सायंकाल में विभिन्न तरह के व्यंजनों का बाबा को भोग लगाया गया और स्टालों द्वारा भक्तों में वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए और कामडियों द्वारा भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान किया गया। यहां पर दशमी के दिन पैदल यात्री बाबा की धोक लगाकर पूजा अर्चना करते हैं।

# लंदन पहुंचने पर मुख्यमंत्री धामी का भव्य स्वागत

■ अमरनाथ तिवारी



**नैनीताल,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के लंदन पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत करने के साथ ही गढवाली, कुमाऊं व जौनसारी गीतों का एक रंगारंग कार्यव्रफम का भी आयोजन किया गया। जिसमें गढवाली गीतो से लंदन भी झूम उठा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सोमवार को लंदन पहुंचने पर वहां मौजूद प्रवासी भारतीय एवं लंदन में रह रहे उत्तराखंड के निवासियों द्वारा भव्य रंगारंग स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। लंदन में रह रहे उत्तराखण्ड के प्रवासियों द्वारा गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी लोकगीतों पर मनमोहन प्रस्तुति दी गई। स्वागत कार्यक्रम में मौजूद समस्त प्रवासी भारतीय उत्तराखण्ड के पारंपरिक परिधानों में नजर आए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लंदन में रह रहे समस्त प्रवासी उत्तराखण्ड के लोगों का आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 'यह मेरा सौभाग्य है कि उत्तराखण्ड के मुख्य सेवक के रूप में मुझे इन्वेस्टर समिट की बैठक में शामिल होने के लिए लंदन आने का अवसर प्राप्त हुआ।' उन्होंने कहा लंदन में उत्तराखण्ड के लोगों की इतनी बड़ी भारी संख्या में उपस्थित देखकर यह प्रतीत हो रहा है कि यूके में भी उत्तराखण्ड का छोटा यूके बसता है। मुख्यमंत्री धामी ने कार्यक्रम में मौजूद प्रवासी उत्तराखण्डियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि होने के साथ ही योग, आध्यात्मिक की भी भूमि है। इसके साथ ही उत्तराखण्ड देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है।

■ उत्तराखण्ड के लोकगीतों से गूंजा लंदन

उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमारी जड़े उत्तराखण्ड से जुड़ी हुई है। मुख्यमंत्री ने समस्त प्रवासी उत्तराखण्डियों से आह्वान करते हुए कहा कि वह साल में एक बार अपने प्रदेश उत्तराखण्ड जरूर आएँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भर में भारत का मान,सम्मान और स्वाभिमान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज विदेशों में भी एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है हाल में ही चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण और चंद्रमा पर सेफ लैंडिंग इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। इस अवसर पर सचिव मुख्यमंत्री डॉ आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव विनय शंकर पांडेय, महानिदेशक उघोग रोहित मीणा, स्थानीय आयुक्त अजय मिश्रा समेत समेत बड़ी संख्या में उत्तराखण्ड के निवासी एवं प्रवासी भारतीय मौजूद रहे।

## सीएम के विदेश दौरे के बाद नेताओं को बांटे जा सकते हैं दायित्व

**देहरादून।** ब्यूरो प्रदेश में एक बार फिर नेताओं को दायित्व से नवाजे जाने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। दरअसल, साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद से दायित्व बंटवारे की चर्चाएं समय-समय पर होती रही है। लेकिन करीब डेढ़ साल का वक्त बीत जाने के बाद भी अभी तक दायित्वों का बंटवारा नहीं हो पाया है। जिसके चलते पिछले डेढ़ सालों से दायित्वों की आस लगाए बैठे नेताओं को निराशा ही हाथ लगी है। ऐसे में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के बयान के बाद फिर दायित्व की चर्चा तेज हो गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विदेश दौरे से वापस लौटने के बाद नेताओं को दायित्व से नवाजा जा सकता है। दरअसल, दिसंबर महीने में होने जा रहे उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में एक डेलिगेशन ब्रिटेन दौरे पर गया हुआ है। हालांकि इस दौरे के दौरान यह डेलिगेशन ब्रिटेन के तमाम उद्योगपतियों के साथ बैठक कर रहा है।

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने महेन्द्र भट्ट ने दिए संकेत

## सचिव खनन, निदेशक खनन व डीएम दून हाईकोर्ट में तलब



**नैनीताल,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून की सुसवा नदी व बुल्लावाला पुल के नीचे हो रहे अवैध खनन के मामले के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने सचिव खनन, संबंधित जिलाधिकारी, निदेशक खनन से 8 नवंबर को कोर्ट में पेश होने को कहा है। साथ ही कोर्ट ने जिला अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि पुल के पास जो वेस्ट प्लास्टिक एकत्रित है, उसका निस्तारण किया जाए। खनन माफिया भारत नारंग के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई, शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट को अवगत कराने के आदेश दिए। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि अभी तक अवैध खनन को क्यों नहीं रोका गया। आज सुनवाई पर कमिश्नर ने अपनी रिपोर्ट कोर्ट में पेश की। रिपोर्ट ने कहा गया कि अभी भी पुल के पास अवैध खनन किया जा रहा है। जिसकी वजह से पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है। पुल के पास बड़ी मात्रा में वेस्ट प्लास्टिक जमा है।

बता दें कि कोटद्वार निवासी शिव सिंह ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि कोटद्वार में सुसवा नदी व बुल्लावाला पुल के नीचे धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है। जिससे नदी तट पर बसे लोगों को खतरा हो सकता है। याचिकाकर्ता का यह भी कहना है कि सुसवा नदी में लगातार हो रहे खनन से कुड़कावाला व बुल्लावाला में सुसवा नदी पर बने पुल को खतरा बढ़ गया है। जिम्मेदार अधिकारी भी इसे लेकर चिंता जाहिर कर चुके हैं। बावजूद इसके खनन गतिविधियों पर रोक नहीं लग पाई है। यदि नदियों में लगातार खनन जारी रहा तो पुल कभी भी गिर सकता है। इसलिए अवैध खनन पर रोक लगाई जाए।

■ सुसुवा नदी में अवैध खनन का मामला
■ कोर्ट ने पूछा अभी तक अवैध खनन क्यों नहीं रोका
■ कुड़कावाला व बुल्लावाला मार्ग पर बने पुल को खतरा

## सार संक्षेप

### प्रताप सिंह बाजवा की मुख्यमंत्री बनने की चाहत कभी पूरी नहीं होगी: मान

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने विपक्ष पक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ( भाजपा) को चुनौती देते हुए कहा कि वह दिन में सपने देखना छोड़ दें, क्योंकि उनकी राज्य का मुख्यमंत्री बनने की चाहत कभी भी हकीकत में पूरी नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने यहाँ जारी एक बयान में कहा कि बाजवा ( भाजपा) इस मुद्दे पर निराधार बयान जारी कर हवाई किले बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाजवा के यह बेकार बयान उनकी पंजाब का मुख्यमंत्री बनने की इच्छा से प्रेरित हैं। मान ने कहा कि कांग्रेस ने पहले ही बीते समय में विपक्ष के नेता के सपने की भ्रूण हत्या कर दी थी और अब फिर उनकी इच्छाएं कभी भी पूरी नहीं होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कितनी अजीब बात है कि बाजवा लोकतांत्रिक तौर पर चुनी गई सरकार को भंग करने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर बाजवा इतने ही साहसी हैं तो उनको इस मुद्दे पर अपने आलाकमान के साथ बात ज़रूर करनी चाहिए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि विरोधी पक्ष के नेता इस मुद्दे पर हवाई किले बनाकर लोगों को गुमराह करने के लिए निराधार और तर्कहीन बयान जारी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, हमें पंजाब के तीन करोड़ से अधिक लोगों ने चुना है और बाजवा को सत्ता हासिल करने के लिए अपने नापाक मंसूबों के कामयाब होने के सपने लेने छोड़ देने चाहिएं।

### संयुक्त मोर्चा की बैठक में लिया निर्णय

**देहरादून।** उत्तराखंड परिवहन निगम कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की बैठक में आंदोलन की रणनीति तय की गई। इसके तहत तीन अक्टूबर को देहरादून में एक दिनी धरना दिया जाएगा,। पांच को हल्द्वानी व छह को टनकपुर में धरना दिया जाएगा तथा 10 अक्टूबर को सचिवालय में प्रदर्शन किया जाएगा। इसी रात से रोडवेज कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर हड़ताल पर चले जाएंगे।

रोडवेज कर्मचारी नई बसें खरीदने, डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने जैसी मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आंदोलित हैं। इस क्रम में मंगलवार को देहरादून में मोर्चा से जुड़े कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। उनका कहना था कि रोडवेज अधिकारी निगम की बसों को बढ़ावा देने के बजाय बाहरी प्रदेशों से चलाये जा रहे डग्गामार वाहनों को तवज्जो दे रहे हैं। इसे कर्मचारी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उनका कहना था कि पूर्व में रोडवेज प्रबंधन के आश्वासन के बावजूद उनकी मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। इस क्रम में बीती 11 सितम्बर को निगम के एमडी को आंदोलन का नोटिस दिया गया था। मोर्चा संयोजक व रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश महामंत्री अशोक चैधरी ने कहा कि अप्रैल माह में शासन स्तर पर हुई वार्ता में मांगों को लेकर सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया था।

### सुडोकू 6329 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 9 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 3 | 8 | 1 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 9 | 5 | 7 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 8 |

## जिला सहकारी बैंक भर्ती घोटाले का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

**नैनीताल,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश के जिला सहकारी बैंकों में ग्रुप डी की भर्ती प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले को सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से दो दिन के भीतर जांच रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 29 सितंबर की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार हरिद्वार निवासी प्रियांशु त्यागी ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि 2020 में प्रदेश के सहकारी बैंकों में चतुर्थ श्रेणी के लिए 423 पदों के लिए विज्ञप्ति जारी हुई थी। जिसमे भर्ती प्रक्रिया के दौरान कई अनियमितताएं सामने आई। याचिकाकर्ता का कहना है कि इस भर्ती प्रक्रिया में अधिकारियों व नेताओं के रिश्तेदारों का चयन किया गया और कई अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर भर्ती की जा रही है। इसकी शिकायत ज्वालापुर हरिद्वार से विधायक सुरेश राठौर द्वारा मुख्यमंत्री से की गई। लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अनियमितता की खबर छपने के बाद मुख्य सचिव के निर्देश पर सचिव सहकारिता ने हरिद्वार में इस भर्ती प्रक्रिया को रोक दिया। परन्तु नैनीताल, अल्मोड़ा, देहरादून और पिथौरागढ़ में इसके बाद भी भर्तियां की गई।

■ सरकार को दो दिन में जांच रिपोर्ट पेश करने के दिए आदेश
■ याचिकाकर्ता ने की सीबीआई जांच की मांग

## सरकार रेलवे ओवर ब्रिज के लिए करे बजट जारीः हाईकोर्ट

**नैनीताल,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रुड़की के लंढौरा में रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण नहीं किये जाने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से पुल के निर्माण हेतु बजट जारी करने को कहा है। साथ ही कोर्ट ने सचिव लोक निर्माण विभाग और चीफ इंजीनियर रुड़की से पुल के निर्माण के लिए शीघ्र कार्रवाई करने को कहा है।

ऐसा नहीं करने पर सचिव लोक निर्माण विभाग और चीफ इंजीनियर रुड़की से 18 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने को कहा है। आज सुनवाई पर डिविजनल रेलवे मैनेजर मुरादाबाद कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। उन्होंने कोर्ट को अवगत कराया कि पुल का निर्माण राज्य सरकार के द्वारा किया जाना है। उन्होंने इसके लिए प्रस्ताव राज्य सरकार को भेज दिया है। लेकिन इस पर अग्रिम कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

मामले के अनुसार लंढौरा निवासी सुभाष चंद की ओर से इस मामले में जनहित दायर की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि हाईकोर्ट ने 2018 में रेलवे को लंढौरा में रेलवे लाइन पर ओवर ब्रिज बनाने के निर्देश दिये थे। लेकिन अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया। यही नहीं रेलवे ने ओवर ब्रिज को बड़े वाहनों के लिये बंद कर दिया है। ब्रिज बंद होने से क्षेत्र के लोगों को 35 किलोमीटर अधिक यात्रा करनी पड़ती है।

■ सचिव पीडब्ल्यूडी को दिया आदेश

**ओवर ब्रिज नहीं होने से लोग परेशान हैं**

इससे लंढौरा के सात गांव प्रभावित हो रहे हैं। छात्र न स्कूल जा पा रहे हैं और न किसान अपनी फसल को बाजार तक ले जा पा रहे हैं। प्रदेश सरकार और रेलवे इस मामले में कुछ नहीं कर रही हैं। न ही रेलवे की ओर से कोर्ट में शपथ पत्र दिया गया है। यह पुल 125 साल पुराना है। पूर्व में कोर्ट ने इसे बनाने के आदेश भी दिये थे, परन्तु अभी तक कुछ नहीं हुआ।

## सिरसा उपायुक्त ने किया सुंडी प्रभावित खेतों व अनाज मंडी का भ्रमण

**सिरसा,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा के सिरसा में मंगलवार को उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिले के गांव नेजाडेलाकलां, झोपड़ा, पंजुआना व रोड़ी में खेतों का भ्रमण कर फसलों पर गुलाबी सुंडी के प्रकोप का जायजा लिया। उन्होंने किसानों के साथ गुलाबी सुंडी से होने वाले नुकसान व धान की सीधी बिजाई के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने किसानों को धान की पराली में आग न लगाने बारे जागरूक करते हुए आग्रह भी किया। इस दौरान उनके साथ तहसीलदार विनती,कृषि विभाग के उप निदेशक डा. सुखदेव सिंह, उपमंडल कृषि अधिकारी डा. सतबीर रंगा, सहायक पौधा सरंक्षण अधिकारी डा. विजेंद्र सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी भी थे। तत्पश्चात फसल खरीद की तैयारियों को लेकर श्री गुप्ता ने कालांवाली अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ मीटिंग की और कपास व धान फसल की खरीद प्रक्रिया की जानकारी ली। श्री गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा धान की बिजाई का क्षेत्रफल कम करने व भू-जल स्तर को बचाने के लिए किसानों को धान फसल की बजाय वैकल्पिक फसल जैसे मक्का, कपास, अरहर, अरंड, मूंग, ग्वार, तिल, मूंगफली, मोठ, उड़द, सोयाबीन,चारा तथा फल व सब्जी की काश्त करने पर सात हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

उपायुक्त ने कहा कि धान की सीधी बिजाई करने पर सरकार द्वारा चार हजार रुपये प्रति एकड़ का अनुदान दिया जाता है। धान की सीधी बिजाई करने से 20 प्रतिशत पानी की बचत की जा सकती है। धान की पारम्परिक बिजाई करने से पानी की ज्यादा खपत होती है।

## भाजपा के धरने से कांग्रेस सरकार की हवा सरकी : धर्माणी

**शिमला,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने कहा की कांग्रेस के नेताओं और प्रवक्ताओं की बयानबाजी से ऐसा प्रतीत होता है की भाजपा के धरने से कांग्रेस सरकार की हवा सरकी है। केवल मात्र अपना चेहरा छुपाने के लिए कांग्रेस के नेता मीडिया में तथ्य से परे अभियान बाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा की कांग्रेस के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री सवालों से क्यों भाग रहे हैं ? हिमाचल की जनता पूछ रही है कि कांग्रेस पार्टी की 10 गारंटी कहां गई, बहने 1500 रु प्रति महीने मांग रही है, युवा लाख नौकरी मांग रहा है, किसान बागबान सभी वर्ग के लोग अपने वादों के पूरे होने का इंतजार कर रहे हैं। अगर हमने भी यही सवाल इनसे पूछ लिए तो इनको क्यों तकलीफ हो रही है।

■ कांग्रेस के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री सवालों से क्यों भाग रहे हैं
■ मुकेश अग्निहोत्री अपनी खीज मिटाने के लिए दे रहे है बयान
■ बहनों के 13500 और युवाओं की 1 लाख नौकरियां किधर गई बताए सुक्खू
■ मुट्ठीभर लोगों के लिए 1000 पुलिसवाले क्यों



धर्माणी ने कहा की शायद मुकेश अग्निहोत्री अपनी खीज मिटाने के लिए बयान बाजी कर रहे हैं, अगर भाजपा के मुट्ठीभर लोग थे तो प्रशासन को 1000 पुलिस वाले लगाने के क्या आवश्यकता पड़ गई थी? कांग्रेस सरकार में डर और भय था क्योंकि उनको पता है कि वह कई चीज छुपाने का प्रयास कर रहे हैं, पर किए गए कर्म छुपाते नहीं है जनता के समक्ष आ ही जाते हैं। भाजपा का धरना प्रदर्शन शानदार रहा हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और एक जबरदस्त धरना प्रदर्शन किया गया, हमारा प्रदर्शन संकेतिक था और अनुशासित था। हमारे नेताओं ने मंच से बार-बार बोला था कि हम अनुशासन में रहेंगे और सरकार को संकेत देने के लिए धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा की कांग्रेस के प्रवक्ताओं को नहीं जानता को करनी चाहिए सरकार की प्रशंसा। बार-बार जब भी सरकार बैक फुट पर जाती है तो उनके प्रवक्ता फट सरकार को बचाने के लिए निकल आते हैं।

## हेलीकॉप्टर नहीं भर पा रहे उड़ान, श्रद्धालु परेशान

**रुद्रप्रयाग,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। ब्यूरो विश्व विख्यात केदारनाथ धाम में इन दिनों दोपहर बाद आये दिन मौसम खराब हो रहा है। जिसका असर केदारनाथ यात्रा पर भी पड़ रहा है। खासकर दोपहर बाद रामबाड़ा से लेकर केदारनाथ धाम में धुंध छाने से हेली सेवाएं बाधित हो रही हैं। जिस कारण कई यात्री केदारनाथ नहीं जा पा रहे हैं और यात्रियों को अपनी टिकट कैंसिल करवानी पड़ रही है।

■ केदारनाथ यात्रा में मौसम बन रहा बाधक



भले ही मानसून सीजन समाप्त हो गया हो, लेकिन केदारनाथ धाम में अभी भी रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बारिश के बाद धाम में भयंकर धुंध छा रही है। जिस कारण केदारनाथ के लिये संचालित होने वाली हेली सेवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। आये दिन दोपहर बाद मौसम खराब होने के कारण हेलीकाप्टर नहीं उड़ पा रहे हैं। ऐसे में हजारों यात्री फंस रहे हैं और वह केदारनाथ धाम नहीं जा पा रहे हैं। एक दिन में हजारों यात्री अपने हेली टिकट भी कैंसिल करवा रहे हैं। बीते एक सप्ताह से यही स्थिति बनी हुई है। सुबह के समय ही हेलीकाप्टरों का संचालन हो पा रहा है। जो यात्री सुबह के समय केदारनाथ जा रहे हैं और सायं के समय उन्हें वापस आना है, लेकिन हेलीकाप्टर न चलने के कारण यात्रियों को केदारनाथ में ही रूकना पड़ रहा है। सुबह के समय वायु सेना का चिनूक हेलीकाप्टर भी गौचर से पुनर्ननिर्माण सामग्री लेकर केदारनाथ पहुंच रहा है, जिस कारण भी हेलीकाप्टर नहीं उड़ पा रहे हैं। हेलीकाप्टर में टिकट कैंसिल होने के कारण कई यात्रियों को बिना दर्शन करें ही वापस लौटना पड़ रहा है। घंटों तक यात्री हेलीपैड पर इंतजार कर रहे हैं, लेकिन यात्रा में मौसम बाधक बना हुआ है।केदारनाथ होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी ने बताया कि दोपहर बाद घाटी में मौसम खराब हो रहा है। जिस कारण यात्रियों को भी परेशानियां हो रही हैं।

## केंद्र आपदा प्रभावित हिमाचल को विशेष राहत पैकेज करें प्रदानः सुक्खू

**शिमला/अमृतसर,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि पड़ोसी राज्यों के साथ हिमाचल के हितों से संबंधित विभिन्न मामलों को त्वरित सुलझाया जाए और आपदा से प्रभावित हिमाचल को शीघ्र विशेष राहत पैकेज उपलब्ध करवाया जाए। मुख्यमंत्री मंगलवार को अमृतसर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे।





श्री सुक्खू ने कहा कि इस वर्ष भारी बारिश से राज्य में 12000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। इस अकल्पनीय आपदा में 441 से अधिक लोग काल का ग्रास बन गए और लगभग 13000 घर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेशवासियों के सहयोग से तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। प्रभावितों के लिए आपदा राहत कोष-2023 स्थापित किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसी आपदा के समय देश के प्रत्येक राज्य को राहत राशि प्रदान करने में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि हिमाचल को शीघ्र विशेष राहत पैकेज प्रदान किया जाए ताकि हिमाचल के पुनर्निर्माण में उचित सहायता प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर आपदा राहत कोष के प्रचलित मानदंड वर्तमान में हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य की पुनर्निर्माण प्रक्रिया को प्रभावित कर रहे हैं क्योंकि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थिति के मद्देनजर राज्य को अधिक सहायता राशि की आवश्यकता है। उन्होंने इन मानदंडों में व्यवहारिक संशोधन की मांग भी की। उन्होंने आपदा राहत कोष में सहायता के लिए हरियाणा एवं राजस्थान सरकार का आभार भी व्यक्त किया।

उन्होंने हिमाचल में स्थापित 100 मेगावाट की शानन जलविद्युत परियोजना को मार्च, 2024 में लीज की अवधि समाप्त होने पर हिमाचल को सौंपने में पंजाब सरकार से सहयोग मांगा। इस विषय में केन्द्र सरकार से भी आग्रह किया गया है।

श्री सुक्खू ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में हिमाचल ने सदैव अपना पूर्ण योगदान दिया है और जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण से राज्य के लोगों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) की परियोजनाओं में हिमाचल की 7.19 प्रतिशत हिस्सेदारी के दृष्टिगत प्रदेश को बीबीएमबी निदेशक मंडल में पूर्णकालिक सदस्य का दर्जा प्रदान किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बीबीएमबी परियोजनाओं में हिमाचल के लिए 12 प्रतिशत निःशुल्क ऊर्जा रॉयल्टी प्रदान करने तथा राष्ट्रीय जल विद्युत निगम, राष्ट्रीय ताप ऊर्जा निगम और सतलुज जल विद्युत निगम जैसे केंद्रीय उपक्रमों की जल विद्युत परियोजनाओं में हिमाचल की वर्तमान 12 प्रतिशत रॉयल्टी को बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने का आग्रह किया।

## चीन को भारत के हर खिलाड़ी को वीजा देना चाहिए, उसका यह व्यवहार अच्छा नहीं : अनुराग

**शिमला,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि एशियाई खेलों के लिए चीन को भारत के हर खिलाड़ी को वीजा देना चाहिए था। चीन का यह व्यवहार अच्छा नहीं है। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। अनुराग ठाकुर यहां पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जी.20 बैठक के दौरान भी भारत को आंखें दिखाने का प्रयास किया गयाए लेकिन उसके बावजूद अरुणाचल प्रदेशए लेहए लद्दाख और जम्मू.कश्मीर में बैठकों का सफल आयोजन हुआ। हो। दिल्ली डिक्लेयरेशन अपने आप में बहुत कुछ कहता है। आज अफ्रीकन यूनियन जी.20 का हिस्सा है। इकनॉमिक कॉरिडोर बहुत बड़ा संदेश हैए जिसमें भारत यूएएईए और यूरोप आपस में जुड़े हैं। यह रोड मैप हजारों वर्षों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तैयार किया हैए जिससे पर्यावरण संरक्षण के अलावा व्यापार में 35 से 40 फीसदी वृद्धि होगी। महिला आरक्षण विधेयक को पारित करने को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में अनुराग ठाकुर ने कहा कि गांधी परिवार की पर्ची से देश नहीं चलताए वह बाबा साहिब भीमराम अम्बेडकर की तरफ से तैयार किए गए संविधान से चलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाबा साहिब भीमराव अम्बेडर को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अपमान किया था। उन्होंने कहा कि महिलाओं को संसद एवं विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण देना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही साकार कर सकते थे। कांग्रेस केंद्र में सत्ता में रहते हुए इसको पास नहीं करवा पाई। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक वर्षए 2024 में इसलिए लागू नहीं हो सकताए क्योंकि इसके लिए पुनर्सीमांकन आयोग की सिफारिशें आना बाकी है।

# प्रादेशिकी

## तीन पेट्रोल पम्पों की परखी गुणवत्ता, एक में मिली घटतौली

**फर्रुखाबाद**,26 सितम्बर (देशबन्धु)। घटतौली की आशंका को देखते हुए पूर्ति व बांट-मांप विभाग द्वारा तीन पेट्रोल पंप्पों की जांच की गई। जिसमे एक में घटतौली मिली। जिसके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी है। जिला पूर्ति अधिकारी सुरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में वरिष्ठ निरीक्षक विजय कुमार विधिक बांट-माप विज्ञान, बिक्री अधिकारी आईओसीएल रिषभ अग्रवाल, जिल मुख्यालय के वरिष्ठ सहायक राजीव कुमार नें विकास खंड बढ़पुर के बरौन स्थित भजन लाल फिलिंग स्टेशन पर जांच की। जांच के समय प्रबन्धक गायब मिले। जांच टीम द्वारा जब डीजल पेट्रोल की मापक यंत्र से तीन बार जांच की गई। जिसमे प्रति 5 लीटर में 30 से 35 एमएल डीजल कम पाया गया। एमएल मानक के अनुसार प्रति 5 लीटर पर 25 एमएल की छूट दी जाती है लेकिन पम्प पर अनुमन्य सीमा से भी 10 एमएल अधिक घटतौली पाई गई।

# आयुष्मान योजना में उप्र को मिले दो अवॉर्ड

**लखनऊ/नई दिल्ली**, 26 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) को बेहतर तरीके से धरातल पर उतारने के लिए यूपी को दो अवॉर्ड मिले हैं। पहला है आयुष्यमान पूछताछ केंद्र की स्थापना करना और ग्रीन चैनल पेमेंट व्यवस्था शुरू करना। दूसरा है आभा स्कैन की सर्वाधिक संख्या व टोकन

- **ग्रीन चैनल अपनाने व पूछताछ केंद्र स्थापित करने पर मिला सम्मान**
- **वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान किए गए कार्यों के बदले मिला सम्मान**

तैयार करना। इन दोनों श्रेणियों में उत्तर प्रदेश को आयुष्मान कियास्क डिपल्वायमेंट एंड ग्रीन चैनल इम्प्लीमेंटेशन और हाईएस्ट नंबर ऑफ आभा स्कैन एंड शेयर टोकन जनरेटेड अवार्ड मिला है। आभा स्कैन यानि आभा एप्लीकेशन के जरिए मरीज आसानी से क्यूआर कोड स्कैन करते हैं और उन्हें तत्काल टोकन नंबर मिल जाता है। यह अवार्ड नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 25 सितंबर से दो



दिवसीय आरोग्य मंथन के दौरान दिया गया है। यह अवार्ड मंगलवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और रसायन व उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने दिया। सम्मान लेने के लिए उत्तर प्रदेश चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा और साचीस की सीईओ संगीता सिंह और अन्य मौजूद रहे। स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्परहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीस) यूपी में पीएमजेएवाई की नोडल एजेंसी है। राजधानी दिल्ली में यह आयोजन पीएमजेएवाई के पांच वर्ष पूरे होने पर और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के दो वर्ष पूरे होने पर आयोजित किया गया था। निदेशक एनएचए, लता गणपति और एनएचए के संयुक्त सीईओ डॉ.बसंत गर्ग ने कहा कि यह सम्मान इसलिए बहुत बड़ा है क्योंकि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में इस तरह की उपलब्धि मिलना बड़ी बात है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गरीबों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से लोगों को घर के पास ओपीडी और जांच सेवाएं उपलब्ध कराना, पीएम आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत डिजिटल तकनीक का उपयोग करके स्वास्थ्य देखभाल को बेहतर बनाना।

### आयुष्मान की ताकत और बढ़ी है : गर्ग

डॉ.बसंत गर्ग ने कहा कि ऐसी पहल यह संदेश देती है कि आयुष्मान की ताकत और बढ़ी है। हर दिन जन-जन तक यह योजना लोकप्रिय हो रही है। इस अवार्ड से उत्साहित चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश की स्वास्थ्य टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मानिटरिंग से यह संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि योगी सरकार की ओर से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रदेशभर की आशा को स्मार्ट फोन दिए गए हैं। आभा एप के जरिए मरीजों के ऑनलाइन या ऑफलाइन पंजीकरण में काफी मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आयुष्मान भारत के सभी चार स्तंभों के तहत उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।



## सामूहिक विवाह समारोह में शादी के बंधन में बंधे 13 जोड़े

**मेरठ**,26 सितम्बर (देशबन्धु)। मंगलवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय पाश्चातवर्ती देखरेख में निवासरत एस.जी.एम. गार्डन में 13 संवासिनियों का श्रुति शर्मा एवं गामिनी सिगंला, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के सहयोग से सामूहिक विवाह संस्कार कराया गया। जिसमें महिला कल्याण एवं बाल विकास सेवा पुष्टाहार की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला द्वारा सामूहिक विवाह सामारोह में उपस्थित होकर कन्याओं को आर्शीवाद प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कोविड एवं सामान्य योजनान्तर्गत लाभान्वित बालक बालिकाओं से संवाद कर चेक का वितरण किया गया। सर्किट हाउस के सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक की गई। महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपई, सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

# नवरात्र के प्रथम दिन से प्रारंभ होगा मिशन शक्ति का नया चरण

**लखनऊ**,26 सितम्बर (देशबन्धु)। महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए देश भर में सराहे गए मिशन शक्ति अभियान का नया चरण आगामी शारदीय नवरात्र से प्रारंभ होगा। अभियान के इस चरण में महिलाओं की सुरक्षा व आपात परिस्थितियों में मदद के प्रबंध की जानकारी तो मिलेगी ही, केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने का अवसर भी होगा।

अभियान के इस चरण के केंद्र में शक्ति दीदी के रूप में महिला बीट अधिकारी होंगी। जिनके साथ स्वास्थ्य, राजस्व, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के स्थानीय कार्मिक उपस्थित होंगे ताकि मौके पर ही योजनाओं से वंचित पात्र महिलाओं को योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार हर सप्ताह एक नियत दिन शक्ति दीदी (महिला बीट अधिकारी) के साथ आशा, एएनएम, रोजगार सेवक, लेखपाल, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि गांव में महिलाओं के साथ संवाद करेंगे। महिला बीट अधिकारी द्वारा महिलाओं को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा किए गए प्रबंधों के बारे में जानकारी देंगी तो आपात परिस्थितियों में

- **शक्ति दीदी आएंगी, योजनाओं का लाभ दिलाएंगी**
- **महिला बीट अधिकारियों को शक्ति दीदी के रूप में मिली नई पहचान**

उपयोगी 112, 108, 1090, 181 जैसी हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में भी जागरूक करेंगीं। वही अन्य विभागीय कार्मिक विभिन्न योजनाओं के लिए पात्र, किंतु अब तक वंचित महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाएंगे।

मिशन शक्ति के नए चरण के संबंध में शक्ति दीदी प्रोजेक्ट का शुभारम्भ किया गया है, जिसके सुचारु रुप से संचालन हेतु बीते 5 सितम्बर से 21 सितम्बर तक प्रदेश के सात कमिश्नरेट और 68 जनपदों के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण (प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण) कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें प्रशिक्षित किया जा चुका है।

यह प्रशिक्षित अधिकारी कर्मी अपने-अपने कमिश्नरेट जनपदों में जाकर मास्टर ट्रेनर के रूप में महिला बीट पुलिस अधिकारियों (शक्ति दीदी) को प्रशिक्षित करेंगी। जिसके बाद नवरात्र से विधिवत अभियान संचालित होगा।

## सार संक्षेप

### हाइटेंशन तारों की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**मवाना**। निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे मजदूर की हाइटेंशन तारों की चपेट में आने से मौत हो गई। पीड़ित परिजनों ने पुलिस के सामने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। तहसील प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। मामला सठला गांव का है। सठला निवासी 45 वर्षीय फरीद उर्फ कल्लू पुत्र बाबू खान मजदूरी का काम करता है। मंगलवार को वह गांव में ही एक मकान के निर्माण में मजदूरी कर रहा था। अचानक मकान की दीवार के पास से गुजर रही हाइटेंशन बिजली की तार की चपेट में आ गया और करंट लगने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा पांच संतान हैं। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार अंकित तोमर पहुंचे और मामले की जांच की।

### जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आज

**मेरठ**। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र दीपेन्द्र कुमार ने बताया कि जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 27 सितम्बर आज नगर निगम मीटिंग हॉल में शाम 4 बजे आयोजित की जाएगी। उन्होंने समिति के सम्मनित सदस्यों से गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, विभिन्न विभागों में उद्यमियों की समस्याओं पर विचार चर्चा, अन्य बिंदुओं अध्यक्ष की अनुमति से संबंधित पूर्ण विवरणकृत कार्यवाही के साथ बैठक में भाग लेने हेतु अनुरोध किया।

### श्रीकृष्ण मंदिर में मनाया वामन भगवान का जन्मोत्सव

**मेरठ**। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण मंदिर में वामन भगवान का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया पंडित कैलाशचंद जी जागरण वालों के द्वारा श्री कृष्ण मंदिर में वामन भगवान की प्रतिमा स्थापित की गई थी जिसके बाद हर वर्ष लगातार वामन भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाने लगा।

### दो छात्राओं को पिकअप नें मारी टक्कर, एक की मौत

**फर्रुखाबाद**। कोचिंग पढ़कर लौट रही दो छात्राओं को पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप नें टक्कर मार दी जिससे एक छात्रा की हालत गंभीर हो गई। परिजन उसे लेकर निजी चिकित्सक के पास पंहुचे। उसके बाद परिजन उसे लोहिया अस्पताल लेकर पंहुचे जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। थाना कादरी गेट के ग्राम पपियापुर निवासी अनमोल उर्फ पप्पू पाल की 15 वर्षीय पुत्री सोनाली इंटर की छात्रा है। मंगलवार शाम वह अपने ही गांव की छात्रा सिमरन पुत्री राम रतन शाक्य के साथ कोतवाली फतेहगढ़ के सेट्रल जेल तिराहे के निकट एक कोचिंग में पढ़ाई करके लौट रही थी। उसी दौरान सेंट्रल जेल तिराहे के निकट आलू लादकर पीछे से आ रही पिकअप नें टक्कर मार दी। टक्कर लगनें से सोनाली के सिर में गंभीर चोट आई। जबकि सिमरन के मामूली चोट होनें पर परिजन उसे घर ले गए। सोनाली को आवास विकास के एक निजी नर्सिग होम में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर होनें पर परिजन उसे लेकर लोहिया अस्पताल पंहुचे जहां उसे ईएमओ डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी नें मृत घोषित कर दिया गया।



# युवाओं को कराई कांग्रेस की सदस्या ग्रहण

**मेरठ**,26 सितम्बर (देशबन्धु)। युवा कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष सय्यद आमिर रजा द्वारा बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं को समाजवादी के युवा नेता समद ख्वाजा के साथ युवा कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई। सदस्यता ग्रहण करने के बाद कार्यकर्ताओ ने बताया कि वह आज के माहौल में राहुल गांधी व प्रियंका गांधी की निरंतर मेहनत व नितियों को देखते हुए उनसे प्रभावित होकर युवा कांग्रेस की सदस्य ग्रहण की है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर युगांश राणा ने बताया युवा कांग्रेस कर हर एक कार्यकर्ता निरंतर प्रयास करते हुए कांग्रेस की नीतियों को युवा वर्ग व जन-जन तक पहुंचाएगा। इसी प्रकार सदस्यता अभियान को आगे भी जारी रखा जाएगा। प्रोग्राम में जिलाध्यक्ष अश्विनी गुर्जर महानगर, महानगर अध्यक्ष सय्यद आमिर रजा, मोहम्मद अकरम, फैसल मंसूरी, उमरदराज, साकिब कुरैशी, समद ख्वाजा, फराज चौधरी, शारिक अल्वी, अली शेख, जैद गाजी, सालिम खुवाजा, हम्जा खान, जीशान मलिक, जैन सिद्दीकी, अरहान सिद्दीकी, बिलाल, हारिस अंसारी, कामिल खुवाजा, नोमान अंसारी, फरहद मलिक, असद मलिक, साकिब चौधरी, सलमान गाजी, फैजान सैफी आदि मौजूद रहे।

# प्रशासन की सख्ती, नहीं हुई गुर्जर महापंचायत

**मवाना**,26 सितम्बर (देशबन्धु)। विभिन्न मांगों को लेकर मवाना के मखदुमपुर मार्ग पर स्थित नवजीवन किसान इंटर कॉलेज में क्षेत्रीय गुर्जर समाज के लोगों द्वारा महापंचायत आयोजित होने की सूचना पर एसडीएम अखिलेश यादव, एसपी देहात कमलेश बहादुर, सीओ आशीष शर्मा एवं दर्जनों थाना प्रभारी ने पीएसी क्यूआरटी आदि भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया और स्थानीय गुर्जर नेताओं को घरों में नजरबंद कर दिया। बावजूद इसके युवा भाजपा नेता आकाश गुर्जर के बुलावे पर पहुंचे राष्ट्रीय गुर्जर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू गुर्जर मिलकपुर एवं ममता भाटी हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के गांव हिमांयुपुर में पहुंचे और पंचायत आयोजित की। इस मौके पर सम्राट मिहिर भोज यात्रा पर हुए बवाल में पुलिस प्रशासन के इशारे पर हुए गुर्जर युवकों पर मुकदमे वापस कराने की मांग उठाई। इसी क्रम में मवाना थाना पुलिस ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल की घेराबंदी कर सुबह से शाम छह बजे तक अपना डेरा डाले हुए रखा। एसपी देहात कमलेश बहादुर भारी पुलिस बल को लेकर मवाना क्षेत्र में डटे रहे। मवाना में किसी भी सूरत में बिना अनुमति महापंचायत नहीं होने दी गई। थाना मवाना पुलिस द्वारा कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे सैकड़ों गुर्जर नेताओं को घरों में नजरबंद कर दिया तो वहीं अन्य लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर थाने में बैठा दिया गया। दूसरी और मवाना पुलिस ने अन्य नेताओं को भी उन्हीं के पूरे दिल घरों में नजरबंद रखा। कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था होने के बाद भी आकाश गुर्जर ने सैकड़ों गुर्जर समाज से जुड़े लोगों को

- **पंचायत आयोजन नेताओं को किया पुलिस ने नजरबंद**



लेकर एक पंचायत आयोजित कर पुलिस की पोल खोल दी क़स्बे की झब्बरमंडी स्थित समाजवादी पार्टी के नेता संदीप मावी (शेट्टी) द्वारा महापंचायत में पहुंचने की रणनीति बना रहे संदीप मावी शेट्टी, मनीष गुर्जर दरियापुर, संजय सीना, दीपक मीवा, हरेंद्र मावी सीना, सुनीत मीवा, शुभम, राहुल मावी, संदीप आदि को उनके घर पर दबोच लिया और नजरबंद कर दिया।

## जिलाधिकारी ने किया एक्सिस बैंक की शाखा का शुभारंभ

**मेरठ**,26 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत के प्रमुख निजी क्षेत्र बैंक, एक्सिस बैंक ने जिले में अपनी शाखाएं विस्तार करते हुए शहर में 11वी शाखघ सूरजकुंड व सरधना में बिनौली रोड पर जिले में अपनी दो शाखाओं का शुभारंभ किया। शहर



में एक्सिस बैंक की 11 शाखाएं व जिले में 15 शाखाएं हो गई हैं। सूरजकुंड शाखा का शुभारंभ जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया। इस अवसर पर एक्सिस बैंक के क्लस्टर हेड रणधीर तोमर, सूरजकुंड शाखा प्रबंधक संजीव आहूजा, मेरठ मुख्य शाखा प्रबंधक गौरव मांगलिक व बैंक अधिकारियों के साथ सूरजकुंड के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विनायक विद्यापीठ में प्रदर्शनी आयोजित



**मेरठ**,26 सितम्बर (देशबन्धु)। मोदीपुरम स्थित विनायक विद्यापीठ में बीए विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा वेस्ट मटेरियल से बनाए गए मॉडल्स की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि संस्थान की प्राचार्या डॉ.अनुप्रिता शर्मा रही। प्रदर्शनी की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर कर की गई। इस दौरान संस्थान के निदेशक इंजि. विकास कुमार, डीन एकता सिंधू, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा, बीए विभागाध्यक्ष सीमा चौधरी, सहायक प्रोफेसर पूजा शर्मा एवं रीमा विकल उपस्थित रहे। तत्पश्चात अतिथियों ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शित, वेस्ट मटेरियल से बनाए गए मॉडल्स का निरीक्षण किया उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडल्स की सराहना की और प्रथम पुरस्कार प्रथम वर्ष के मोहमद सामी, शीतल एवं नेहा द्वितीय पुरस्कार प्रथम वर्ष की सुरभि, तरुण एवं द्वितीय वर्ष की निशा सैनी और तृतीय पुरस्कार प्रथम वर्ष की राधिका, खुशी, रुबी एवं द्वितीय वर्ष की पूजा को दिया और सभी विजेता छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। संस्थान की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने छात्र-छात्राओं की प्रतिभा की सराहना की।

- **छात्रों ने वेस्ट मटेरियल से बनाए मॉडल्स**
- **अतिथियों ने छात्रों के हुनर को सराहा**

## उत्तम त्याग करने से अवगुण हो जाते हैं दूर

**मवाना**,26 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर मवाना में पर्यूषण पर्व पर चल रहा तीन लोग महामंडल विधान के आठवें दिन मंगलवार को भगवान का अभिषेक व शांतिधारा की गई। शांति धारा करने का सौभाग्य शोभित जैन व वसु जैन को प्राप्त हुआ। मंगलवार को तीन लोक महामंडल विधान में अधोलोक में स्थित भवनवासी अग्नि कुमार व वायु कुमार देवो के भवनों में स्थित जिनालय की पूजा की गई।

उसके बाद मध्यलोक में विराजमान सूर्य और चंद्रमा आदि नवग्रह में जितने भी बिम्ब स्थित है, उन सभी का अर्घ्य चढ़ाया गया। मांडले पर 311 अर्घ्य समर्पित किए गए। साधु सेवा महिला समिति के अध्यक्ष नीरू जैन ने बताया कि नरको की सातों भूमियों में 84 लाख बिल है। आज भक्तों ने उन बिलो में न जाने के लिए अर्घ्य चढ़ाए। सातों नरको में महान वेदना व्याप्त है। मंदिर श्री में दशलक्षण विधान के अंतर्गत उत्तम त्याग धर्म की पूजा की गई। त्याग करने से अवगुणों का समूह दूर हो जाता है और भोग भूमि के सुख सहज ही प्राप्त हो जाते हैं।

# खेल व सांस्कृतिक महोत्सव पल्स में विम्स का जलवा

**मेरठ/गजरौला**,26 सितम्बर (देशबन्धु)। एम्स के आठदिवसीय इन्टरयूनिवर्सिटी खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव 'पल्स-2023' के बारे में विम्स के प्रोग्राम कोर्डिनेटर एवं चीफ वार्डन डॉ. बीबी बोरा ने बताया कि एम्स के इस राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित स्पोर्टस एवं कल्चरल फेस्टीवल पल्स-2023 में सफदरजंग राममनोहर लोहिया, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, केजीएमयू समेत देश के 100 से अधिक मेडिकल कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों के बीच में विम्स के पैंतीस सदस्यीय मेडिकल स्टूडैन्टस की टीम में अनुजा एवं अनिल की टीम ने सेमीक्लासिक नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वही क्लासिकल सोलो में अनिकेत पन्त ने गोल्ड हासिल किया। हिन्दी मुशायरा में हिमांशु अरोडा एवं वजीर कुरैशी ने देश में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं फैशन शो, भ्रूण हत्या पर नुक्कड़ नाटक में अनिकेत अनुजा एण्ड टीम ने सिल्वर पर कब्जा किया। रन फॉर यूनिटी एवं मैत्री फुटबाल मैच में रजत पदक प्राप्त किया। विम्स के छात्रो की इस शानदार उपलब्धि पर उनको



- **अलग-अलग स्पर्धाओ में झटके एक दर्जन से अधिक पदक**

बधाई देने वालो में डॉ.अभय भटनागर, डॉ.मानिक त्यागी, डॉ. इकराम ईलाही, डॉ. अवधेश, डॉ.शाहिद मीर, डॉ. सौरभ कंसल, डॉ. सची अहलावत, डॉ. बीएस त्यागी, डॉ. मोनिका देशवाल, मेरठ परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

**आयोजन** पोषण माह कार्यक्रम के तहत जीआईसी में कार्यक्रम आयोजित

# ग्राम व राष्ट्र हित में कार्य कर रही नारी : प्रतिभा शुक्ला

**मेरठ,26 सितम्बर (देशबन्धु)। मंगलवार को राज्य मंत्री महिला कल्याण एंव बाल विकास सेवा एंव पुष्टाहार उप्र शासन प्रतिभा शुक्ला के मेरठ भ्रमण पर जनपद मेरठ के राजकीय इण्टर कॉलिज के प्रांगण में पोषण माह के कार्यकम के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यकम में विधायक अमित अग्रवाल मेरठ कैण्ट भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनपद मेरठ में लगभग 600 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एंव लगभग 30 स्वं सहायता समूह कीमहिलाओं द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। इस दौरान राज्य मंत्री सामुदायिक गतिविधियों के अन्तर्गत पांच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई।**

- **बच्चों को की पोषण व स्वच्छता किट वितरित**
- **महिलाओं को स्वावलंबी बनने के लिए किया प्रेरित**

6 माह 5 बच्चों का अन्न प्राशन व 3 से 6 वर्ष के 10 बच्चों को पोषण एंव स्वच्छता किट का वितरण भी किया गया। दीप-प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ कियागया। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा से अतिथियों कोअवगत कराया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मंत्री द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से एंव स्वंम सहायता समूह की



महिलाओं से संवाद के माध्यम से केंद्र पर कराए जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित स्वंम सहायता समूह की महिलाओं सेसंवाद के माध्यम से उनके अच्छे कार्य करने एंव ग्रुप की महिलाओं कोराज्य सरकार एंव केंद्र सरकार द्वारा स्वंम सहायता समूहों द्वारा धनोपार्जनकार्य के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी देकर महिलाओं को स्वावलंबी होने के लिए प्रेरित किया गया। मंत्री ने बताया कि प्रधान मंत्री द्वारा अपने कार्यक्रम मन की बात में नारी शक्ति पर विशेष चर्चा की जाती है। करोना काल में विभागीय आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा डोर टू डोर सर्वे कर जन समान्य को करोना वैक्सीन के लिए प्रेरित किया गया जिससे कि करोना जैसी महामारी पर पूरे देश में नियंत्रण किया जा सका। महिलाओं में आत्म निर्भरता बहूत जरूरी है, आज ग्राम की नारी चौके से चोपाल पर आकर अपने ग्राम हित व राष्ट हित में कार्य कर रही हैं।

मंत्री द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को यह भी निर्देशित किया गया कि वह आंगनवाड़ी केंद्रों को प्री नर्सरी के रूप में संचालित करे। बच्चों को उच्च गुणवत्ता पूर्ण बच्चों की माता की तरह शिक्षित करे। प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषण वाटिका लगाई जाए। पोषण माह के अन्तर्गत हाथ धोकर खाना खाए तथा गन्दे बर्तनों में खाना न खाए तथा केंद्र पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान दे। आंगनवाबी केंद्र सहजन की पत्तियों से व्यंजन बनाकर लाभार्थियों को अवगत कराए। बच्चों को जंक फूड से बचाने के लिए घर का ताजा बना खाना दे। लाभार्थियों को आंगनबाड़ी केंद्र से वितरण किया जाना वाले पोषाहार (खाद्य सामग्री दाल चना, दलिया रिफाईंड तेल व चावल) वितरण करें।

## बालिका व बालक वर्ग में किशनपुर बिराना की टीमें विजेता बनीं


**मवाना**,26 सितम्बर (देशबन्धु)। मवाना ब्लाक के गांव किशनपुर बिराना में मंगलवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय एक दिवसीय न्याय पंचायत स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्तर की बालिका व बालक वर्ग दोनों में किशनपुर बिराना की टीमें फाइनल की विजेता बनीं। जूनियर स्तर की बालिका वर्ग में किशनपुर बिराना और बालक वर्ग में जंझेड़ी की टीम खो-खो प्रतियोगिता की चौंपियन बनीं। प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर की बालिका वर्ग की दो, जूनियर स्तर की बालिका वर्ग की चार, प्राथमिक स्तर की बालक वर्ग की एक और जूनियर स्तर की बालक वर्ग की तीन टीमों ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों ने खेल भावना के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी मैचों में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। मैच देखने के लिए गांव से भी काफी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका खेल शिक्षक डॉ शेखर प्रताप और अनिल कुमार ने निभाई। स्कोरर का कार्य हरेंद्र कुमार ने किया।

## भारतीय स्वतंत्रता सेनानी %बाघा जतिन% की बायोपिक में दिखेंगे एक्टर देव

**नई दिल्ली।** बंगाली सिनेमा में अपने काम के लिए सबसे ज्यादा जाने जाने वाले एक्टर देव अपकमिंग फिल्म 'बाघा जतिन' में महान स्वतंत्रता सेनानी बाघा जतिन का किरदार निभाएंगे। यह बायोफिक हिंदी में भी रिलीज होगी। बाघा जतिन का पूरा नाम जतींद्रनाथ मुखर्जी था। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे उनका उपनाम 'बाघा' पड़ा। 'बाघा' बांग्ला शब्द है, इसका हिंदी में अर्थ 'बाघ' होता है। कहानी में दिखाया कि कैसे वे आध्यात्मिकता के संबंध में स्वामी विवेकानंद की विचारधाराओं और क्रांति की अपनी विचारधाराओं से प्रभावित थे। अभिनेता ने कहा कि 26 अगस्त 1914 को कोलकाता में रोडा आर्म्स डकैती के रूप में याद किया जाता है। पिस्तौल और गोला-बारूद को बंगाल में राष्ट्रवादी संघर्षों की लगभग सभी घटनाओं से जोड़ा गया।

शोधकर्ताओं ने की मस्तिष्क संकेतों की खोज

# दो अलग-अलग लोगों की याददाश्त में हो सकता है अंतर



**18 से 35 वर्ष की आयु के बीच के 1,500 प्रतिभागियों पर अध्ययन**

**लंदन,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। क्या आपने कभी सोचा है कि आप अपने साथियों की तुलना में चीजों को याद रखने में कम सक्षम क्यों हैं? शोधकर्ताओं ने कुछ मस्तिष्क संकेतों की खोज की है, जिससे लोगों की याददाश्त में आने वाले अंतर को समझा जा सकता है। हालांकि, यह सच है कि कुछ मस्तिष्क क्षेत्र याददाश्त प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अब तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि जब बेहतर या खराब याददाश्त प्रदर्शन वाले लोगों में जानकारी एकत्र करने की बात आती है तो ये क्षेत्र अलग-अलग गतिविधियों का प्रदर्शन करते हैं या नहीं।

स्विट्जरलैंड में बेसल विश्वविद्यालय की टीम ने 18 से 35 वर्ष की आयु के बीच के 1,500 प्रतिभागियों की स्मृति पर इमेजिंग अध्ययन किया।

प्रतिभागियों को कुल 72 छवियों को देखने और याद रखने के लिए कहा गया था। प्रक्रिया के दौरान शोधकर्ताओं ने एमआरआई का उपयोग करके विषयों की मस्तिष्क गतिविधि को रिकॉर्ड किया। फिर उन्हें यथासंभव अधिक से अधिक छवियों को याद करने के लिए कहा। शोधकर्ताओं ने पाया कि प्रतिभागियों की सामान्य आबादी के बीच याददाश्त प्रदर्शन में काफी अंतर था।

हिप्पोकैम्पस (ब्रेन का एक पार्ट) सहित मस्तिष्क के कुछ क्षेत्रों में, मस्तिष्क का एक क्षेत्र जो मुख्य रूप से याददाश्त से जुड़ा होता है। इसमें शोधकर्ताओं ने याद रखने की प्रक्रिया के दौरान मस्तिष्क की गतिविधि और बाद में याददाश्त प्रदर्शन के बीच सीधा संबंध पाया।

नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में प्रकाशित पेपर में टीम ने कहा, बेहतर याददाश्त वाले व्यक्तियों में मस्तिष्क के इन क्षेत्रों में अधिक सक्रियता देखी गई। जबकि, ओसीसीपिटल कॉर्टेक्स (ब्रेन का एक पार्ट) में अन्य स्मृति-प्रासंगिक मस्तिष्क क्षेत्रों के लिए ऐसा कोई संबंध नहीं पाया गया, वे याददाश्त प्रदर्शन के सभी स्तरों वाले व्यक्तियों में समान रूप से सक्रिय थे।

विश्वविद्यालय की डॉ. लियोनी गीसमैन ने कहा कि निष्कर्ष हमें यह बेहतर ढंग से समझने में मदद करते हैं कि एक व्यक्ति और दूसरे व्यक्ति के बीच याददाश्त में अंतर कैसे होता है।

गीसमैन ने कहा कि हालांकि, किसी एक व्यक्ति के मस्तिष्क के संकेत उनकी याददाश्त प्रदर्शन के बारे में कोई निष्कर्ष निकालने की अनुमति नहीं देते हैं।

83 प्रतिशत महिलाएं

# मासिक धर्म के दौरान करती हैं दर्द का सामना

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। हाल ही में गाइनोवेदा डॉट कॉम के किए गए एक शोध से यह बात सामने आई है कि 83 प्रतिशत महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान दर्द का सामना करना पड़ता है। शोध के लिए किए गए सर्वेक्षण में देश भर में 18 से 45 वर्ष की आयु वर्ग की 3 लाख से अधिक महिलाओं की प्रतिक्रियाएं देखी गईं। जिन्हें व्यापकता, गंभीरता और शारीरिक परिवर्तनों के आधार पर 3 समूहों में वर्गीकृत किया गया।

पहले समूह में मासिक धर्म संबंधी विकार वाली महिलाएं शामिल थीं, जो कुल उत्तरदाताओं का 70 प्रतिशत था। दूसरे समूह में योनि विकार (26 प्रतिशत) वाली महिलाएं शामिल थीं, जिनके पास योनि से संबंधित चुनौतियां थीं, जिसमें असुविधा, संक्रमण या अनियमितताएं शामिल थीं, जो उनके समग्र योनि स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करती थीं।

तीसरे समूह में कुल 4 प्रतिशत उत्तरदाता शामिल थे, जिन्हें किसी भी विकार का सामना नहीं करना पड़ा। पैन इंडिया सर्वेक्षण में पीसीओएस की उम्र और घटना, इसकी व्यापकता, अनियमित पीरियड्स सहित अन्य विकार, पीरियड्स के दौरान दर्द की गंभीरता और उत्तरदाताओं के बीच देखे गए शारीरिक परिवर्तनों के आधार पर निष्कर्षों पर प्रकाश डाला गया है।

### आयु समूह और पीसीओएस की घटनाएं

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (भारत सरकार) के विस्तृत शोध के अनुसार पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) उम्र से बंधा नहीं है। यह एक विकार है जो महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान प्रभावित करता है। सर्वेक्षण के अनुसार, 25 से 34 आयु वर्ग की 60 प्रतिशत महिलाओं को पीसीओएस है। जो बात बहुत स्पष्ट रूप से सामने आई वह यह थी कि 24 वर्ष से कम आयु वर्ग की 51 प्रतिशत महिलाओं को पीसीओएस है।

हालांकि, जो बात इसे और अधिक चिंताजनक बनाती है वह यह है कि पीसीओएस महिलाओं की प्रजनन क्षमता को काफी हद तक प्रभावित करता है। पीसीओएस से पीड़ित महिलाओं में बांझपन की व्यापकता 70 से 80 प्रतिशत के बीच होती है।

### पीसीओएस से पीड़ित महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले प्रमुख शारीरिक परिवर्तन

पीसीओएस से निपटने के दौरान, महिलाओं को शरीर की प्रमुख समस्याओं से भी गुजरना पड़ता है। 60 प्रतिशत महिलाओं में अत्यधिक वजन बढ़ना देखा गया। 59 प्रतिशत महिलाओं में चेहरे पर बालों का बढ़ना (हिर्सुटिज्म) देखा गया। 55 प्रतिशत महिलाओं में मुंहासे जैसी त्वचा संबंधी समस्याएं देखी गईं, जबकि 51 प्रतिशत उत्तरदाताओं में रंजकता और अन्य हार्मोनल त्वचा संबंधी समस्याएं देखी गईं। समाज में कुछ परिभाषित स्वास्थ्य और सौंदर्य मानकों के कारण, ये मुद्दे उनमें मानसिक और भावनात्मक परेशानी का कारण बन जाते हैं। शोध का नेतृत्व करने वाली गाइनोवेदा की सह-संस्थापक रचना गुप्ता ने बताया कि डॉक्टरों, ग्राहकों और उत्तरदाताओं की अंतर्दृष्टि से पूरक रणनीतिक रूप से डिजाइन किया गया अवधि परीक्षण सटीकता और प्रभावकारिता सुनिश्चित करता है। इस परीक्षण से प्राप्त अंतर्दृष्टि का उपयोग करके और आयुर्वेदिक फॉर्मूलेशन और डॉक्टर के समर्थन के साथ संयोजन करके, गाइनोवेदा ने अपनी स्थापना के बाद से केवल 3 वर्षों में 200,000 से अधिक लोगों के जीवन को उल्लेखनीय रूप से प्रभावित किया है।

### पीसीओएस और अन्य हार्मोनल विकारों की व्यापकता

पीसीओएस हमारे देश की महिलाओं पर कहर बरपाने वाला एकमात्र स्त्री रोग संबंधी विकार नहीं है। आंकड़ों से पता चलता है कि जहां 54 प्रतिशत महिलाएं पीसीओएस से पीड़ित हैं, वहीं दूसरा प्रमुख मासिक धर्म विकार पीआईडी है, जो 17 प्रतिशत महिला आबादी को प्रभावित करता है। इसके अलावा, 9 प्रतिशत कैंडिडिआसिस से, 5 प्रतिशत फाइब्रॉएड से और एक प्रतिशत एंडोमेट्रियल हाइपरप्लासिया से पीड़ित थे।

### पीरियड्स के दौरान अनियमितता और दर्द की गंभीरता

मासिक धर्म चक्र के दौरान दर्द के संबंध में सर्वेक्षण किए जाने पर, 83 प्रतिशत से अधिक भारतीय महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान दर्द होता है, जो उन्हें हर महीने दर्द निवारक दवाओं का सेवन करने के लिए मजबूर करता है। 58 प्रतिशत ने हल्के और सहने योग्य दर्द की शिकायत की, 25 प्रतिशत ने गंभीर दर्द की शिकायत की और केवल 17 प्रतिशत ने बताया कि उनके मासिक धर्म के दौरान कोई दर्द नहीं हुआ। 76 प्रतिशत महिलाओं को कम प्रवाह के साथ अनियमित मासिक धर्म का अनुभव हुआ। लगभग आधी महिलाएं अपने पूरे मासिक चक्र के दौरान 5 से कम पैड का उपयोग करती हैं।



# द फीमेल फादर में एक महिला के संघर्ष की कहानी है समाहित

**ग्रेटर नोएडा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। द फीमेल फादर किताब का विमोचन ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब में किया गया, जिसकी लेखिका रिया वशिष्ठ हैं। 'द फीमेल फादर' एक अद्भुत कहानी है, जिसमें एक युवती के विकास की खोज होती है और वह एक मजबूत ताकत में बदल जाती है। उसने सामाजिक उम्मीदों और मानकों का पालन किया और सफल उद्यमिता, एक अकेली मां, और एक प्रतिभाशाली मेकअप कला के रूप में बन गई।

इस कार्यक्रम में रिया वशिष्ठ खुद मौजूद थी, साथ ही उनके परिवार के सदस्य, पुस्तक के प्रकाशक और अन्य शामिल हुए। पुस्तक की लेखिका रिया वशिष्ठ ने बताया कि इस किताब में एक महिला के संघर्ष की कहानी है, जो अपने बच्चों को मां के साथ पिता की भूमिका निभाती है, इस दौरान कई संघर्षों का सामना करना पड़ता है। विषम परिस्थिति आगे बढ़ते हुए सफलता हासिल करती हैं। रिया ने बताया कि आगामी पुस्तक लिख रही हूं जो मेकअप उद्योग की सत्यता है, आज पाश्चात्य देशों का दबदबा है, भारतीय क्यों नहीं आगे बढ़ सकते। साहित्यिक पुस्तक अमेजन व फिलफकार्ट पर उपलब्ध है।



लेखिका रिया वशिष्ठ ने ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब में पुस्तक का किया विमोचन

# टीवी इंडस्ट्री में कई बड़े सितारे, लेकिन अच्छे कलाकार बहुत कम : सुम्बुल



**मुंबई,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। रियलिटी शो 'बिग बॉस' से घर-घर में मशहूर हुईं एक्ट्रेस सुंबुल तौकीर खान सोनी टीवी के शो 'काव्या-एक जज्बा, एक जुनून' से कमबैक कर रही हैं। उनका मानना है कि टीवी इंडस्ट्री में कई बड़े सितारे हैं लेकिन अच्छे कलाकार कम हैं। सुम्बुल का शो सोमवार को प्रसारित हुआ जिसमें वह एक आईएएस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। शो के प्रोमो को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। एक खास बातचीत में उन्होंने शो, अपने और काव्या के बीच समानताओं के साथ अपने काम के अनुभव के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि जब आपको सपोर्टिव को-स्टार मिलता है, तो एक अभिनेता के रूप में आपका काम बेहतर हो जाता है।

मिशात अभी तक काफी सपोर्टिव रहे हैं। मैं अक्सर महसूस करती हूं कि हमारी इंडस्ट्री में कई बड़े सितारे हैं लेकिन बहुत कम अच्छे कलाकार हैं और वह उन बेस्ट एक्टर्स में से एक हैं जिनके साथ मैंने काम किया है। 'अपने और काव्या के बीच समानता के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि काव्या मुझसे बहुत अलग है। वह मुझसे कहीं अधिक बुद्धिमान और परिपक्व है। हां, लेकिन हमारे बीच कुछ समानता भी है और वह है अपने काम के प्रति हमारा जुनून। काव्या बहुत महत्वाकांक्षी है और मैं भी अपने काम और करियर को लेकर बहुत महत्वाकांक्षी रही हूं।' सोनी एंटरटेनमेंट टीवी शो 'काव्या' में सुम्बुल और मिश्कत वर्मा लीड रोल में हैं।

# मेडिकल शोध में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च में इंटरनेशनल सेमिनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. रिकार्डो लियोन बोरकेज वर्ल्ड फेडरेशन ऑफमेडिकल एजूकेशन के प्रेसिडेंट, आस्ट्रेलिया के डॉ. रसेल फ्रेंको डी सूजा, दत्ता मेघे मेडिकल कॉलेज नागपुर के प्रो. चांसलर डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, शारदा यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर वाई.के. गुप्ता, वाइस चांसलर डॉ. सिबाराम खारा, हॉस्पिटल के एमएस ए.के. गडपायले ने दीप जलाकर किया। इस दौरान मेडिकल पढ़ाई कर रहे पोस्ट ग्रेजुएट और अंडर ग्रेजुएट स्टूडेंट्स मेडिकल एथिक्स की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ मेडिकल एजूकेशन के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. रिकार्डो लियोन बोरकेज ने मेडिकल पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों और वहां बैठे डॉक्टर्स को उनके नैतिक मूल्यों के बारे में जानकारी दी। एक डॉक्टर का प्रमुख उद्देश्य मानवता की सेवा होना चाहिए।



आशा भोसले से हुई बड़ी चूक

# एशियन गेम्स में गोल्ड जीतने की ज्योति याराजी को दे डाली बधाई



**पुराना वीडियो शेयर कर एशियाई खेलों में बाधा दौड़ खिलाड़ी ज्योति याराजी को स्वर्ण पदक जीतने के लिए शुभकामनाएं दी**


**मुंबई,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। अनुभवी सिंगर आशा भोसले ने इस साल की शुरुआत में आयोजित एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप का एक पुराना वीडियो शेयर किया और चीन के हांगझू में चल रहे एशियाई खेलों में बाधा दौड़ खिलाड़ी ज्योति याराजी को स्वर्ण पदक जीतने के लिए शुभकामनाएं दी हैं। एशियाई खेलों में अभी तक एथलेटिक्स स्पर्धाएं शुरू नहीं हुई हैं।

हालांकि, आशा भोसले ने एक्स पर इस साल की शुरुआत में बैंकॉक में आयोजित एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप का एक वीडियो साझा किया।

वीडियो शेयर करते हुए आशा ने ट्वीट किया कि एशियाई खेलों में 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने पर आंध्र प्रदेश के याराजी को हार्दिक बधाई। इस पोस्ट के बाद यूजर्स ने सोशल मीडिया पर आशा भोसले को ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक ने लिखा कि मैम महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ 1 अक्टूबर तक नहीं है और एशियन गेम्स 2023 में एथलीट केवल 29 सितम्बर से शुरू होगा।

# यूट्यूब ने 'प्रीमियम लाइट' सब्सक्रिप्शन प्लान को बंद करने का लिया फैसला

**महंगे यूट्यूब प्रीमियम में अपग्रेड करने के बीच चयन करने के लिए किया जाएगा मजबूर**



**सैन फ्रांसिस्को,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब ने चुनिंदा देशों में लो-कॉस्ट सब्सक्रिप्शन प्लान 'प्रीमियम लाइट' को समाप्त करने की घोषणा की है। 'द वर्ज' की रिपोर्ट के मुताबिक, कस्टमर्स को भेजे गए ईमेल में कंपनी ने घोषणा की है कि वह इस साल 25 अक्टूबर के बाद 'प्रीमियम लाइट' को बंद कर देंगे। यूट्यूब ने ईमेल में लिखा कि हम आपको यह बताना चाहते हैं कि 25 अक्टूबर, 2023 के बाद, हम प्रीमियम लाइट का आपका वर्जन पेश नहीं करेंगे।

इसमें कहा गया है, हम 'प्रीमियम लाइट' के अलग-अलग वर्जन पर काम करना जारी रख रहे हैं। हम अपने यूजर्स, क्रिएटर्स और पार्टनर्स से मिल रहे फीडबैक पर भी गौर कर रहे हैं।

यूट्यूब का 'प्रीमियम लाइट' प्लान, जिसकी लागत 7.39 डॉलर प्रति माह है, पहली बार 2021 में चुनिंदा यूरोपीय देशों में पेश किया गया था, जिसमें बेल्जियम, डेनमार्क, फिनलैंड, लक्ज़मबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे और स्वीडन शामिल हैं। यह यूट्यूब ऐप्स और फॉर्मेट्स में ऐड-फ्री व्यूइंग की सुविधा प्रदान करता है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि इसमें प्रीमियम की अन्य फीचर्स जैसे ऑफलाइन डाउनलोड, बैकग्राउंड प्लेबैक या कोई यूट्यूब म्यूजिक लाभ शामिल नहीं हैं।

मौजूदा 'प्रीमियम लाइट' सब्सक्राइबर्स को जल्द ही ऐड्स के साथ यूट्यूब देखने और ज्यादा महंगे यूट्यूब प्रीमियम में अपग्रेड करने के बीच चयन करने के लिए मजबूर किया जाएगा, जिसमें यूट्यूब म्यूजिक भी शामिल है।

यह रिमूवल यूट्यूब प्रीमियम द्वारा पहली बार इंडिविजुअल प्लान की कीमतें बढ़ाने के कुछ ही हफ्तों बाद हुआ है। प्लान अब 13.99 डॉलर प्रति माह से शुरू होता है। इस बीच, पिछले साल के अंत में फैमिली प्लान्स बढ़कर 22.99 डॉलर प्रति माह हो गए।

इस बीच, यूट्यूब ने अपने शॉर्ट-वीडियो मेकिंग प्लेटफॉर्म 'शॉर्ट्स' के लिए नए फीचर की घोषणा की है, जो यूजर्स को वीडियो बनाने के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) टूल का लाभ उठाने की अनुमति देगा।

'ड्रीम स्क्रीन' फीचर के अगले साल की शुरुआत में शुरू होने की उम्मीद है। यह यूजर्स कोकेवल वही टाइप करके एआई-जनरेटेड वीडियो या इमेज बैकग्राउंड बनाने की अनुमति देगा जो वे देखना चाहते हैं।

# जहरीले रसायनों के संपर्क में आने से हो रहे स्वास्थ्य संबंधी विकार



**प्रतिदिन लगभग 500 रासायनिक यौगिकों का सामना करते हैं लोग**

**जालंधर,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। आधुनिक जीवनशैली में हम अपनी बढ़ती भौतिक मांगों को पूरा करने के लिए रोजमर्रा की जिंदगी में कई रसायनों के संपर्क में आते हैं। एक अनुमान के अनुसार, हम प्रतिदिन लगभग 500 रासायनिक यौगिकों का सामना करते हैं, जिनमें से कई प्रकृति में सिंथेटिक और जहरीले होते हैं। इनमें से कई जहरीले रसायन न केवल मनुष्यों बल्कि प्रकृति में मौजूद अन्य जीवित जीवों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैं।

विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मंगलवार को फरीदकोट स्थित गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज में 'स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले रसायन' द्वारा आयोजित एक सेमिनार में विशेषज्ञों ने अपनी राय रखी।

फरीदकोट स्थित बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज - स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के विजिटिंग प्रोफेसर डॉ नरेश पुरोहित ने सेमिनार को संबोधित करने के बाद यहां संवाददाताओं से कहा कि हमारे पर्यावरण में इन रसायनों के जारी होने से मिट्टी, पानी और हवा का प्रदूषण भी होता है और ये अंततः खाद्य श्रृंखलाओं के माध्यम से फिर से मानव शरीर में पहुंच जाते हैं। उन्होने कहा कि जैवआवर्धन की प्रक्रिया के माध्यम से मनुष्यों में इन जहरीले रसायनों की सांद्रता अधिक हो जाती है, जिससे विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी विकार और व्यवधान पैदा होते हैं।

डॉ. पुरोहित ने कहा कि अंगों की शिथिलता, एलर्जी का विकास, श्वसन और हृदय संबंधी विकार, प्रतिरक्षा प्रणाली का कमजोर होना, हार्मोनल गड़बड़ी, प्रजनन समस्यायें और जन्म दोष, विकास संबंधी समस्यायें और कैंसर की बढ़ती घटना कुछ महत्वपूर्ण अभिव्यक्तियां हैं। सौंदर्य प्रसाधन और व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों, सतह क्लीनर और कीटाणुनाशक, खाद्य परिरक्षकों, सॉल्वैंट्स और पेंट, एयर फ्रेशनर, ब्लीचिंग रसायन, बैटरी, कृषि में उपयोग किए जाने वाले कीटनाशकों, सीसा और अन्य भारी धातुओं में उपयोग किए जाने वाले कई रसायन कार्सिनोजेनिक हो सकते हैं या हमारे शरीर की नियामक प्रणाली के लिए विनाशकारी हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें इन विनाशकारी रसायनों के उपयोग को कम करने और उनके संपर्क में आने से बचने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए। डॉ. पुरोहित ने विभिन्न सिंथेटिक रसायनों का विस्तृत विवरण दिया जो गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने खुलासा किया कि गायों में दूध बढ़ाने के लिए, मुर्गियों को अधिक अंडे देने के लिए और सब्जियों को बड़े आकार और ताजा दिखने के लिए मादा हार्मोन ऑक्सीटोसिन का इंजेक्शन लगाया जाता है। फॉर्मेल्डिहाइड का उपयोग मछली को संरक्षित करने के लिए किया जाता है और बढ़ा हुआ प्रोटीन और वसा दिखाने के लिए दूध में मेलामाइन और यूरिया मिलाया जाता है।

मांस का उत्पादन बढ़ाने के लिए मवेशियों, बकरियों और भेड़ों को डेक्सामेथासोन दिया जाता है। यहां तक कि कोल्ड ड्रिंक में भी कीटनाशकों की मिलावट होती है, सेब पर मोम का लेप लगाया जाता है, फलों और सब्जियों को ताजा दिखाने के लिए उनमें रासायनिक रंग मिलाये जाते हैं और खाद्य पदार्थों में स्वाद बढ़ाने वाले तत्व मिलाये जाते हैं।

डॉ पुरोहित ने कहा कि मनुष्यों में इन जहरीले रसायनों की सांद्रता जैव आवर्धन की प्रक्रिया के माध्यम से अधिक हो जाती है, जिससे विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी विकार और व्यवधान पैदा होते हैं।

# लालबागचा राजा मंदिर में भीड़ में पत्नी का हाथ थामे दिखे सोनू सूद, फराह खान



**मुंबई,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। एक्टर सोनू सूद, श्रेयस तलपड़े और फिल्म निर्माता फराह खान ने मंगलवार को गणेशोत्सव के अवसर पर बप्पा का आशीर्वाद लेने के लिए लालबागचा राजा का दौरा किया। पंडाल में सोनू सफेद कुर्ते में नजर आ रहे हैं और कैमरे की ओर देखकर मुस्कुरा रहे हैं। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी सोनाली भी थी। भीड़ के बीच से पत्नी का हाथ थामे सोनू सूद मंदिर की ओर बढ़ते दिखाई दिए।

उन्होंने उत्साह बढ़ा रहे प्रशंसकों की ओर हाथ हिलाया और 'गणपति बप्पा मोरया' का जयकारा लगाया। वहीं, फराह ब्लैक कलर की ड्रेस में नजर आईं। उन्होंने अपने लुक को लॉन्ग नेकपीस से पूरा किया। इनके अलावा कड़ी सुरक्षा के बीच श्रेयस तलपड़े भी अपनी बेटी आद्या के साथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। उन्होंने अपनी बेटी को गोद में उठाया हुआ था। श्रेयस ने ग्रीन कलर का कुर्ता पहना था, जबकि उनकी बेटी ने मैचिंग हेयरबैंड के साथ पिंक फ्रॉक पहना हुआ था।

सोनू फिलहाल पंजाब के अमृतसर में अपनी अपकमिंग एक्शन थ्रिलर 'फतेह' की शूटिंग कर रहे हैं, जो साइबर क्राइम पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन वैभव मिश्रा ने किया है और मुख्य जोड़ी के रूप में सोनू और जैकलीन हैं। फिल्म में शिवज्योति राजपूत और विजय राज भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। श्रेयस के दो प्रोजेक्ट 'इमरजेंसी' और 'मन्नू और मुन्नी की शादी' पाइपलाइन में हैं।

# [ अर्थ जगत ]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत**

नई दिल्ली, 26 सितम्बर (एजेंसियां) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम मंगलवार को भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 1.45 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.18 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.67 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.52 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.39 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.30 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.29 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.00 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.89 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.83 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 60370 |
| बिटुर | 55200 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,800 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 999 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## विवाद से विश्वास-एक स्कीम के तहत एमएसएमई के 10,000 से अधिक दावे स्वीकार

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को एक बड़ी राहत देते हुए सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों ने विवाद से विश्वास-एक स्कीम के तहत एमएसएमई के

- **सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों ने विवाद से विश्वास-एक स्कीम के तहत एमएसएमई के 10,000 से अधिक दावों को स्वीकार किया गया**
- **एमएसएमई को कोविड-19 के महामारी काल के लिए राहत प्रदान करना**
- **एमएसएमई को 256 करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान प्राप्त हुआ**

10,000 से अधिक दावों को स्वीकार किया गया है, जिसका उद्देश्य एमएसएमई को कोविड-19 के महामारी काल के लिए राहत प्रदान करना है। इससे एमएसएमई को 256 करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान प्राप्त हुआ है और इससे गारंटी मुक्त करने के माध्यम से




बैंक ऋण का प्रवाह बढ़ा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा 116.47 करोड़ रुपए की सर्वाधिक राहत प्रदान की गई। इसमें पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एजेंसियों द्वारा निपटाए गए दावे और भुगतान की गई राशि शामिल है।

एमएसएमई के लिए विवाद से विश्वास एक राहत योजना की घोषणा वित्त मंत्री ने बजट भाषण 2023-24 में की थी। यह योजना वित्त मंत्रालय द्वारा 17 अप्रैल 2023 को सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल के माध्यम से शुरू की गई थी। इस योजना के तहत राहत के लिए जीईएम पोर्टल पर दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023 थी। जीईएम ने इस योजना के लिए एक समर्पित पोर्टल विकसित किया था।

व्यय विभाग ने 11 अप्रैल 2023 को दावा दायर करने की योजना और प्रक्रिया का विवरण देते हुए निर्देश जारी किया था। बाद में निर्माण कार्य खरीद और आय अनुबंधों को शामिल करने के लिए योजना का दायरा बढ़ाया गया।

योजना के तहत कम की गई निष्पादन सुरक्षा, बोली सुरक्षा और परिसमाप्त क्षति के 95 प्रतिशत के रिफंड के माध्यम से राहत प्रदान की गई थी। अनुबंधों के निष्पादन में चूक के कारण वंचित एमएसएमई को भी राहत प्रदान की गई। इस योजना के तहत प्रदान की गई राहत, कोविड-19 महामारी से गंभीर रूप से प्रभावित एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने और इसे बनाए रखने के सरकार के प्रयासों के अनुकूल थी।

## भारतीय कंपनियां व्यापारिक दौरों के लिए अमेरिकी वीजा में तेजी के पक्ष में



**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय उद्योग जगत के दिग्गज चाहते हैं कि अमेरिका उन व्यापारियों को वीजा जारी करने में तेजी लाए जो व्यापार और निवेश के अवसर तलाशने के लिए वहां जाना चाहते हैं। इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित भसीन ने दिल्ली में मंगलवार को दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए आयोजित एक प्रमुख कार्यक्रम में यह बात कही। कार्यक्रम में भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी मुख्य अतिथि थे। भसीन ने कहा कि जो भारतीय व्यवसायी व्यापार और निवेश के अवसरों के लिए अमेरिका जाना चाहते हैं, उन्हें वीजा मिलने में भारी देरी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने गार्सेटी से इस मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने में मदद करने का अनुरोध किया। गार्सेटी ने 20वें भारत-अमेरिका आर्थिक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत-अमेरिका आर्थिक संबंध मजबूत हुए हैं और दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश का दोतरफा प्रवाह हो रहा है, जिससे दोनों देशों में अधिक रोजगार और आय सृजन हो रहा है। अमेरिका में निवेश करने वाली भारतीय कंपनियों के महत्व को रेखांकित करते हुए, गार्सेटी ने बताया कि हाल ही में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका में आयोजित एक सम्मेलन में भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल सबसे बड़ा था, जिसमें 210 निजी कंपनियां शामिल थीं। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि भारत और अमेरिका को गतिरोध रहित संबंध बनाने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए, जिससे न केवल दोनों देशों की, बल्कि पूरे विश्व की समृद्धि बढ़ेगी।

## छोटी ओद्योगिक ईकाईयां खतरे में

### विदेशों से औद्योगिक लेजर मशीनों के आयात भारी डंपिंग रोधी चार्ज



**नई दिल्ली।** एक तरफ जहां प्रधानमंत्री मोदी लोगों के स्वावलम्बन एवं एमएसएमई सेक्टर को बढावा देने के लिए जी जान लगाये हुये है। वहीं सुत्रों के हवाले से पता चला कि व्यापार उपचार महानिदेशालय (DGTR) की सिफारिशों के अनुसार विदेशों से आयत लेजर मशीनों पर 90 प्रतिशत का चार्ज लगाने की तैयारी की जा रही हैं। अगर इस तरह का चार्ज भारत सरकार द्वारा लगाया जाता है तो छोटे उद्योगिक ईकाईयों को भारी नुकसान का सामना करना होगा। एक तरफ भारी मांग और आपूर्ति न होने की वजह से काला बाजारी का भी खतरा होगा वहीं सभी प्रकार की मशीनों का उत्पादन करने के लिए डीआई की सीमित क्षमता की वजह से लोगों के व्यवसाय पर भारी असर पड़ेगा। उत्पादों की गुणवता के साथ-साथ एमएसएमई और लघु उद्योग द्वारा निर्धारित किमतों में प्रभाव पड़ेगा। इसके साथ-साथ माल एवं सेवा कर राजस्व में भारी नुकसान होगा।

भारत में निर्मित कोई भी प्रमुख मशीन घटक जैसे- लेजर सोरस, कटिंग हेड, एलएम गाइड, मोटर्स और ड्राइव, गियर रिड्यूसर, कंट्रोलर, सौफ्टवेयर आदि आदि का अभी भारत में बनना शुरू नहीं हुआ है, जिसे लघु उद्योगों को सुचारू रूप से चालु रखने के लिए इन सब का आयात करना ही होगा, जिसकी वजह से किमतों का भी भारी इजाफा होगा। ज्ञात हो कि हाल ही में कुछ घरेलू उद्योग की मशीनें में कमी को उजागर करने वाले केस भी सामने आये हैं, जिसका कहीं न कहीं लघु उद्योगों पर असर पड़ा है।

## एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज ने उज्जीवन एसएफबी से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड ने आज उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन एसएफबी) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की जिसका उद्देश्य बैंक के ग्राहकों को ऑनलाइन ट्रेडिंग सेवाएँ उपलब्ध कराना है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह गठजोड़ उज्जीवन एसएफबी के ग्राहकों को परेशानी मुक्त और सुविधाजनक ट्रेडिंग अनुभव प्रदान करते हुए बचत, डीमैट और ट्रेडिंग खातों से संबंधित सेवाएँ उपलब्ध कराएगा। इस साझेदारी के दम पर और उज्जीवन एसएफबी की व्यापक अखिल भारतीय उपस्थिति का लाभ उठाकर, जहाँ यह बैंक 76 लाख से अधिक ग्राहकों को अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहा है, एसएमसी ग्लोबल अपने ग्राहक आधार का पूरी सक्षमता से विस्तार करेगा। साझेदारी की इस व्यवस्था के तहत एसएमसी ग्लोबल उज्जीवन एसएफबी ग्राहकों के ट्रेडिंग और डीमैट खातों के रिलेशन को हैंडल करेगा। कंपनी एसएमसी बैंक के ग्राहकों को पूर्ण और डिस्काउंट ब्रोकरेज सेवाएँ प्रदान करेगा। उज्जीवन एसएफबी के मौजूदा ग्राहक उज्जीवन एसएफबी मोबाइल बैंकिंग ऐप के माध्यम से डीमैट खाता खोल सकते हैं। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड के निदेशक और सीईओ अजय गर्ग ने कहा, 'उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ हाथ मिलाना एसएमसी के लिए प्रतिष्ठा की बात है, क्योंकि यह साझेदारी बैंक के ग्राहकों को मोबाइल और डेस्कटॉप दोनों पर तेज़, सुरक्षित और परेशानी मुक्त व्यापार और निवेश अनुभव प्रदान करने का वादा करती है। यह साझेदारी एसएमसी ग्लोबल को पूरे भारत में अपनी उपस्थिति दर्ज करने और अपने ग्राहक आधार को मज़बूत बनाने में मदद करेगी।' उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ इतिरा डेविस ने कहा, अपने ग्राहकों को धन सृजन का एक अतिरिक्त मंच और अवसर प्रदान करने के लिए एसएमसी ग्लोबल के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है।

**सार संक्षेप**

### आईटेल ने लांच किया किफायती 5 जी स्मार्टफोन

नई दिल्ली। मोबाइल फोन बनाने वाली कंपनी आईटेल ने भारतीय बाजार में अब तक का सबसे सस्ता 5 जी स्मार्टफोन पी 55 पावर 5 जी और प्रीमियम किफायती स्मार्टफोन एस 23 लांच करने की घोषणा की जिसकी क्रमशः शुरुआती कीमत 9699 रुपए और 13999 रुपए है। कंपनी के सीईओ अरिजीत तालपत्रा ने इन दोनों स्मार्टफोन को लांच करते हुये कहा कि उनकी कंपनी ने स्मार्टफोन बाजार में पहली बार दो वर्ष की गांरटी लेकर आयी है। इसके साथ ही कंपनी ने एक बार टच स्क्रीन रिप्लेसमेंट की भी वारंटी दी है। उनकी कंपनी का लक्ष्य युवाओं को कम कीमत बेहतर फीचर के स्मार्टफोन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि 2016 से भारत में कारोबार कर रही आईटेल के 10 करोड़ ग्राहक हो चुके हैं और अब इन दोनों नये स्मार्टफोन के बाजार में आने से उनके ग्राहकों की संख्या में तेजी से बढोतरी होगी। उन्होंने कहा कि अब तक उनकी कंपनी 10 हजार से कम कीमत के स्मार्टफोन बना रही थी लेकिन पहली बार 10 हजार से अधिक कीमत के स्मार्टफोन पेश कर रही है। उन्होंने बताया कि पी 55 5 जी स्मार्टफोन में 6080 ऑक्टोकार प्रोसेसर है। 6.6 इंच एचडी डिस्प्ले वाले इस स्मार्टफोन में 50 एमपी का एआई डुअल रियर कैमरा और आठ एमपी का फ्रंट कैमरा है। इसमें 5000 एमएएच की बैटरी है जो 18 वॉट फास्ट चार्जिंग से लैस है। इसमें आठ जीबी रैम और 64 जीबी रॉम मॉडल की कीमत 9699 रुपए है और 12 जीबी रैम तथा 128 जीबी रॉम मॉडल की कीमत 9999 रुपए है। उन्होंने कहा कि आईटेल एस 23 में 6.78 इंच 3डी एमोलेड कर्वड डिस्प्ले है। इसमें 50 एमपी का एआई रियर कैमरा और 32 एमपी का फ्रंट कैमरा है। इसमें 5000 एमएएच की बैटरी है। यह फोन 16 जीबी रैम और 256 जीबी रॉम में उपलब्ध है। इसकी कीमत 13999 रुपए है।

### बजाज ने लांच की 150 सीसी पल्सर एन150


गाजियाबाद। दोपहिया और तिपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी बजाज ऑटो ने 150 सीसी में नई पल्सर एन150 लॉन्च करने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां कहा कि पल्सर एन150 विस्तारित पल्सर पोर्टफोलियो के लिए एकदम सही जोड़ है, जिसने पिछले 18 महीनों में कई सनसनीखेज लॉन्च देखे हैं, जिनमें अब तक का सबसे बड़ा पल्सर एन250 और अविश्वसनीय रूप से सफल पल्सर एन160 शामिल हैं। पल्सर एन150 के साथ, भारत की सबसे कंपनी ने अधिक बिकने वाली स्पोर्ट्स बाइक परिवार को एक योग्य नया सदस्य मिला है। डिज़ाइन भाषा गतिशील और ऊर्जावान चरित्र रेखाओं, सख्त अनुपात और आधुनिक एयरो गतिशीलता का दावा करती है। यह एक स्पोर्टियर अंडरबेली एग्जॉस्ट से लैस है जो उच्च आरपीएम देता है। बेली पैन, फ्रंट फेयरिंग और फ्रंट फेंडर जैसे फ्लोटिंग बॉडी पैनल प्रभावशाली प्रोफ़ाइल को पूरा करते हैं। बजाज ऑटो के अध्यक्ष (मोटरसाइकिल) सारंग कनाडे ने कहा, बीस साल पहले, हमने पहली पल्सर 150 सीसी मोटरसाइकिल लॉन्च की थी।

# शेयर बाजार गिरा

**मुंबई,** 26 सितम्बर (एजेंसियां) वैश्विक बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर टेक महिंद्रा, इंफोसिस, मारुति और एसबीआई समेत पंद्रह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 78.22 अंक की गिरावट लेकर 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 65945.47 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 9.85 अंक फिसलकर 19664.70 अंक रह गया।

इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.09 प्रतिशत टूटकर 32,066.50 अंक पर आ गया जबकि स्मॉलकैप 0.33 प्रतिशत की तेजी लेकर 37,225.00 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3793 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1876 में तेजी जबकि 1788 में गिरावट रही वहीं 129 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 23 कंपनियां लाल जबकि शेष 27 हरे निशान पर रही।

बीएसई के छह समूहों में बिकवाली हुई। इस दौरान वित्तीय सेवाएं 0.21, हेल्थकेयर 0.15, आईटी 0.46, बैंकिंग 0.45, कंज्यूमर ड्यूरबल्स 0.23 और टेक समूह के शेयर 0.36 प्रतिशत टूट गया जबकि एफएमसीजी 0.43, दूरसंचार 0.97, इंडस्ट्रियल्स 0.47 और रियल्टी समूह के शेयरों में तेजी रही। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.55, जापान का निक्केई 1.11, हांगकांग का हैंगसेंग 1.48 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.43 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.06 प्रतिशत की तेजी रही।




कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 48 अंक की बढ़त लेकर 66,071.63 अंक पर खुला और लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 66,078.26 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर बाद 65,865.63 अंक तक गिर गया। अंत में पिछले दिवस के 66,023.69 अंक के मुकाबले 0.12 प्रतिशत टूटकर 65,945.47 अंक रह गया।

निफ्टी आठ अंक बढ़कर 19,682.80 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,699.35 अंक के उच्चतम जबकि 19,637.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,674.55 अंक की तुलना में 0.05 प्रतिशत फिसलकर 19,664.70 अंक पर आ गया। इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही कंपनियों में टेक महिंद्रा 1.30, इंडसइंड बैंक 1.29, इंफोसिस 1.00, एशियन पेंट 0.89, कोटक बैंक 0.83, आईसीआईसीआई बैंक 0.83, टाइटन 0.75, एक्सिस बैंक 0.58, बजाज फिनसर्व 0.56, विप्रो 0.31, पावरग्रिड 0.25, मारुति 0.08, आईटीसी 0.05 और एचसीएल टेक 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, तेजी पर रहीं कंपनियां नेस्ले इंडिया 1.45, टाटा स्टील 1.18, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.67, बजाज फाइनेंस 0.52, एचडीएफसी बैंक 0.39, एनटीपीसी 0.35, एलटी 0.32, अल्ट्रासिमको 0.24, टाटा मोटर्स 0.19, भारती एयरटेल 0.18, टीसीएस 0.16, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.13, रिलायंस 0.06, सन फार्मा 0.06, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.03 और एसबीआई 0.03 प्रतिशत हैं।

## जेफ बेजोस के ब्लू ओरिजिन में नए सीईओ होंगे अमेजन के कार्यकारी डेव लिम्प

**सैन फ्रांसिस्को,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। जेफ बेजोस की एयरोस्पेस कंपनी ब्लू ओरिजिन में बॉब स्मिथ की जगह सीईओ का पद निवर्तमान अमेजन के डिवाइस एंड सर्विस चीफ डेव लिम्प संभालेंगे। बेजोस ने ब्लू ओरिजिन के कर्मचारियों को एक ईमेल में कहा, 'लिम्प की सीईओ के रूप में 4 दिसंबर से शुरुआत होगी और सुचारु परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए स्मिथ 2 जनवरी को पद छोड़ देंगे।' लिम्प कंपनी के कई स्पेस प्रोजेक्ट के महत्वपूर्ण चरण में ब्लू ओरिजिन में शामिल हुए। सीएनबीसी को दिए एक बयान में, ब्लू ओरिजिन के प्रवक्ता ने कस्टमर-फर्स्ट माइंडसेट वाले इनोवेटर के रूप में लिम्प की प्रशंसा की, जिनके पास हाई-टेक इंड्रस्टी और बढ़ते हाई कॉम्प्लेक्स आर्गेनाइजेशन में बेहतरीन एक्सपीरियंस है। अमेजन डिवाइस एंड सर्विस के प्रमुख लिम्प, जो लगभग 14 साल से कंपनी के साथ हैं, ने अगस्त में पुष्टि की कि वह पद छोड़ रहे हैं। माइक्रोसॉफ्ट के विंडोज एंड सरफेस के प्रमुख रह चुके पनोस पानाय कथित तौर पर अपने हार्डवेयर बिजनेस की देखरेख के लिए अमेजन में शामिल हो रहे हैं। पानाय द्वारा अपने एलेक्सा और इको स्पीकर के लिए अमेजन डिवीजन को चलाने की संभावना है।

ब्लू ओरिजिन ने इस साल की शुरुआत में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए चंद्र लैंडर बनाने के लिए 3.4 बिलियन डॉलर का नासा कॉन्ट्रैक्ट जीता था। बेजोस ने अपने ईमेल में लिखा, 'स्मिथ के नेतृत्व में, हमारे वाहनों और इंजनों के लिए पर्याप्त बैकलॉग के साथ ब्लू ओरिजिन के सेल्स ऑर्डर कई अरब डॉलर तक बढ़ गए हैं।' उन्होंने कहा, 'जब बॉब शामिल हुए थे तब हमारी टीम 850 लोगों की थी जो बढ़कर आज 10,000 से अधिक हो गई है।

## बासमती चावल के निर्यात मूल्य में 300 डॉलर प्रति टन की कमी कर सकती है सरकार


**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। सरकार बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) को कम करने पर विचार कर सकती है। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान द्वारा कीमतों में कटौती के बाद उसका मुकाबला करने के लिए केंद्र बासमती चावल पर एमईपी को मौजूदा 1,200 डॉलर प्रति टन से लगभग



300 डॉलर प्रति टन कम कर सकता है। ऐसी खबरें हैं कि पाकिस्तान ने इसके लिए 1,050 डॉलर प्रति टन की कीमत तय की है। समझा जाता है कि केंद्रीय वाणिज्य और खाद्य मंत्री पीयूष गोयल ने बासमती निर्यातकों के साथ एक वर्चुअल बैठक की, जहां स्पष्ट रूप से यह निर्णय लिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय बासमती चावल की वैश्विक प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। सरकार इस सप्ताह इसकी घोषणा कर सकती है। चावल की कुछ किस्में निर्यात के लिए ही उगाई जाती हैं और उनका घरेलू बाजार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। पिछले महीने सरकार ने नियमित बासमती चावल की आड़ में गैर-बासमती चावल की धोखाधड़ी वाली खेप को रोकने के लिए बासमती चावल का न्यूनतम निर्यात मूल्य 1,200 डॉलर प्रति टन तय करते हुये इससे कम कीमत के बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## ग्लोबल लेवल 50 प्रतिशत कर्मचारी स्थायी रूप से अपना सकते हैं हाइब्रिड कामकाज

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। मंगलवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 50 प्रतिशत कर्मचारियों के स्थायी रूप से हाइब्रिड या पूरी तरह से मोबाइल तरीके से काम करने की संभावना है। अधिकांश व्यवसाय इस बात से सहमत हैं कि हाइब्रिड कामकाज कार्य विविधता, समानता और समावेशन (डीईआई) लाभ प्रदान करता है। अनुसंधान समूह ओमडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 69 प्रतिशत इस बात से सहमत हैं कि हाइब्रिड कामकाज विभिन्न पहुंच आवश्यकताओं वाले कर्मचारियों को अधिक अवसर प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। जबकि 67 प्रतिशत व्यवसाय इस बात से सहमत हैं कि हाइब्रिड कामकाज कर्मचारियों को स्थान संबंधी बाधाओं को खत्म करने की अनुमति देता है। 63 प्रतिशत इस बात से सहमत हैं कि यह कर्मचारियों को एक एकजुट टीम के भीतर जुड़ाव महसूस कराता है। निष्कर्षों के अनुसार, लगभग 61 प्रतिशत का कहना है कि यह कर्मचारियों को कम हाशिये पर महसूस करने की अनुमति देता



है और 59 प्रतिशत इस बात से सहमत हैं कि यह भर्ती लिंग अंतर को कम करने में मदद करता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यवसाय अपने डिजिटल प्रौद्योगिकी विक्रेता और सेवा प्रदाता भागीदारों से बेहतर समर्थन की भी तलाश कर रहे हैं, 76 प्रतिशत व्यवसाय अपने मौजूदा डिजिटल आपूर्तिकर्ता संबंधों पर पुनर्विचार कर रहे हैं। ओमडिया के एनालिस्ट, मोबाइल वर्कस्पेस और

**मंगलवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 50 प्रतिशत कर्मचारियों के स्थायी रूप से हाइब्रिड या पूरी तरह से मोबाइल तरीके से काम करने की संभावना**

'फ्यूचर ऑफ वर्क' रिपोर्ट के लेखक एडम होल्टबी ने कहा, 'अलग-अलग कार्य शैलियों ने एंप्लॉय प्रोडक्टिविटी, सेटिस्फेक्शन और कस्टमर एक्सपीरियंस को प्रभावित किया है। व्यवसायों को कार्य पहल के सफल भविष्य के लिए डिजिटल पार्टनर्स, प्रोसेस और टेक्नोलॉजी की मदद की आवश्यकता है। होल्टबी ने कहा, 'हमारा रिसर्च सॉल्यूशन प्रोवाइडर्स और टेक्नोलॉजी प्रोफेशनल्स को बेहतर ढंग से समझने में सहायता करता है कि वे कस्टमर्स के डिजिटल वर्कप्लेस चैलेंजेस और ट्रांसफॉर्मेशन प्राथमिकताओं का समर्थन कैसे कर सकते हैं।'

# खेल जगत

## मनु शीर्ष फॉर्म में, भारत पहले चरण के बाद 25 मीटर पिस्टल के टीम और व्यक्तिगत वर्ग में आगे

**हांगझोउ,** 26 सितंबर (एजेंसियां)। अनुभवी मनु भाकर ने मंगलवार को यहां फुयांग यिनहु स्पोर्ट्स सेंटर की शूटिंग रेंज में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के पहले चरण के अंत में शानदार सटीक राउंड के साथ बढ़त बना ली। भाकर 294-10× के स्कोर के साथ चीन की सिक्सुआन फेंग 292-9× के साथ आगे चल रही थीं, जो स्पर्धा के पहले चरण के अंत में भारत की ईशा सिंह के साथ 292-9× के बराबर थीं। वियतनाम की थू विन्ह त्रिन्ह का भी स्कोर 292 था, लेकिन वह तीसरे स्थान पर हैं क्योंकि सिक्सुआन और ईशा के नौ-नौ की तुलना में इनर 10 सर्कल में उन्हें 8 हिट मिले। भारतीय टीम की तीसरी सदस्य - रिदम सांगवान 290-6 के स्कोर के साथ 11वें स्थान पर हैं, भारत प्रिसिजन राउंड के अंत में टीम स्पर्धा में आगे चल रहा है।



# भारत ने घुड़सवारी में 41 साल बाद जीता स्वर्ण




**हांगझोउ,** 26 सितंबर (एजेंसियां)। भारत ने चार दशकों के अंतराल के बाद ड्रेसाज प्रिक्स सेंट-जॉर्जेस में स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई खेलों की घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में इतिहास रच दिया, जब सुदीप्ति हजेला, दिव्यकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुश अग्रवाल की चौकड़ी ने मंगलवार को यहां टीम प्रतियोगिता में जीत हासिल की। सुदीप्ति (चिंस्की पर), दिव्यकृति (एड्रेनालिन फ़िरफोड), हृदय (केमक्सप्रो एमराल्ड) और अनुष (एट्रो पर) की भारतीय टीम ने 209.206 प्रतिशत अंक हासिल किए और मेजबान चीन से आगे रही, जिसने 204.882 अंक हासिल किए। हांगकांग ने 204.852 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। यह एशियाई खेलों में टीम ड्रेसाज स्पर्धा में भारत का दूसरा पदक है, जब जीतेंद्रजीत सिंह अहलूवालिया, गुलाम मोहम्मद खान और रघुबीर सिंह की टीम ने कांस्य पदक जीता था, जब खेल ने नई दिल्ली में 1982 के संस्करण में अपनी शुरुआत की थी। भारत के तीनों स्वर्ण पदक 1982 के एशियाई खेलों में व्यक्तिगत इवेंटिंग, टीम इवेंटिंग और व्यक्तिगत टेंट पेगिंग में आए, जो 1982 के बाद कभी आयोजित नहीं किए गए।

हांगझोउ से पहले भारत ने एशियाई खेलों में 3 स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य पदक जीते थे। 2018 में, भारत ने घुड़सवारी में दो रजत पदक जीते, दोनों इवेंटिंग में आए, जिसमें फवाद मिर्जा व्यक्तिगत प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे और फिर राकेश कुमार, आशीष मलिक और जितेंद्र सिंह के साथ टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता।

लेकिन सुदीप्ति हजेला, दिव्यकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुश अग्रवाल के युवा संयोजन ने मंगलवार को सभी बाधाओं को पार करते हुए हांगझोउ में भारतीय घुड़सवारी के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। ड्रेसाज में, प्रतियोगिता सवार और घोड़े के बीच समन्वय का आकलन करने के लिए होती है क्योंकि वे 20 गुना 60 मीटर के क्षेत्र में पूर्व निर्धारित गतिविधियों की एक श्रृंखला करते हैं, जिन्हें आंकड़े या मूवमेंट्स के रूप में जाना जाता है। सभी प्रतियोगिताओं में, घोड़े को तीन गति दिखानी होती हैं: चलना, घूमना और कैंटर के साथ-साथ अखाड़े में सममित रूप से रखे गए 12 अक्षरों वाले मार्करों के भीतर और बीच में सहज बदलाव। मंगलवार को, भारतीय सवारों और उनके घोड़ों ने कम से कम पेनल्टी अंकों के साथ इस सेट का प्रदर्शन किया, और इस प्रकार स्वर्ण पदक जीता।

सुदीप्ति ने कुल 66.706 अंक प्राप्त किये, दिव्याकृति को 68.176 अंक मिले, हृदय को 69.941 अंक मिले और अनुश को 71.088 अंक प्राप्त हुए और वे चीनी प्रतिस्पर्धियों से आगे रहकर शीर्ष स्थान पर रहे।

## हमारे लिए एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे 2024 के ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने का मौका : सविता



**नई दिल्ली,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। कप्तान और दुनिया की बेहतरीन गोलरक्षक में से एक सविता की अगुआई में भारत की महिला हॉकी टीम को हांगजू (चीन) एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने का पूरा विश्वास है। भारतीय महिला हॉकी टीम दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, हांगकांग और सिंगापुर केसाथ पूल ए में है। पूल बी मे जापान, मेजबान चीन, थाईलैंड, कजाकिस्तान व इंडोनेशिया की टीमें है। दोनों पूल से दो-दो शीर्ष टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम अपनी बढिया फॉर्म जारी रखकर हांगजू एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत कर सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने को बेताब है। सविता की अगुआई में नेशंस कप जीतने से भारतीय महिला हॉकी टीम के हौसले बुलंद हैं और एशियाई खेलों में किसी भी टीम की चुनौती से निपटने के लिए तैयार है। भारतीय महिला हॉकी टीम हांगजू एशियाई खेलों में अपने अभियान का आगाज सिंगापुर के खिलाफ बुधवार को पूल ए मैच से करेगी। 2014 के बाद से भारतीय टीम सिंगापुर से तीन बार भिड़ी है और हर बार जीती है और उसने 2022 के महिला एशिया कप में उसे शिकस्त दी थी।

भारत की कप्तान सविता ने कहा, हमारे लिए लंबे इंतजार के बाद इस बार एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने का बढिया मौका है। हमने इसी के मुताबिक तैयारी की है। हमारा पहला लक्ष्य मैच दर मैच जीत फाइनल में पहुंचना है। हम इस बार एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के लिए पहले से कहीं ज्यादा प्रतिबद्ध है। हमारी हर खिलाड़ी जानती है कि एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने से हमारी भारतीय टीम सीधे अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई कर लेगी। हमारे यही सबसे अच्छी स्थिति है। हम एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत अपना ध्यान एफआईएच प्रो लीग और उसके बाद पेरिस ओलंपिक 2024 पर लगा सकते हैं। वहीं भारतीय महिला हॉकी टीम की चीफ कोच यॉकी शॉपमैन ने कहा, हमारी टीम सिंगापुर के खिलाफ बुधवार को पहले मैच के लिए जेहनी तौर पर बढिया स्थिति में है। हमने अपनी खामियों को दुरुस्त कर एशियाई खेलों के लिए बढिया तैयारी की है। हमारी योजना दमदार आगाज कर सबसे पहले अंक तालिका में शीर्ष पर रहना है।

### भारत ने अब तक एक स्वर्ण व दो रजत सहित जीते हैं छह पदक


सूरज लता देवी की अगुआई में नई दिल्ली में 1982 में जब पहली बार महिला हॉकी को एशियाई खेलों में शामिल किया गया तो तब भारत ने अपने सभी पांचों मैच जीत स्वर्ण जीता था। भारतीय महिला हॉकी टीम 1982 में पहली बार इसे एशियाई खेलों में शामिल करने पर स्वर्ण तथा1998 में बैंकॉक में प्रीतम सिवाच की अगुआई में दक्षिण कोरिया से फाइनल में 1-2 से फिर 2018 रानी रामपाल की अगुआई में जकार्ता मृं जापान से फाइनल में 1-2 से हार रजत पदक सहित इन खेलों (1986, 2006, 2016) में तीन कांस्य सहित कुल छह पदक जीत चुकी है। चार बार 1990, 1994, 2002, 2010) में चौथे स्थान पर रहा।

## रमिता, दिव्यांश 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम शूटिंग में कांस्य हारे



**हांगझोउ,** 26 सितंबर (एजेंसियां)। कांस्य पदक पक्का करने के लिए उन्हें सिर्फ एक अंक की जरूरत थी, लेकिन भारत की रमिता जिंदल और दिव्यांश पंवार मंगलवार को यहां 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में चार प्रयासों के बाद भी मैच नहीं जीत सके। युवा भारतीय जोड़ी को मंगलवार को हांगझोउ में एशियाई खेलों की शूटिंग प्रतियोगिताओं में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक मैच में कोरिया गणराज्य की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। दिव्यांश ने मैच के बाद कहा, थोड़ा दबाव था, बराबरी भी थी। एक बार जब स्कोर 16 के पार हो जाए, तो कोई भी जीत सकता है और यह भाग्य की बात है। शुरुआत अच्छी थी, बीच में भी। मेरे पास कुछ खराब शॉट थे लेकिन रमिता शानदार थी और उसने उन खराब शॉट्स की भरपाई की। रमिता और दिव्यांश को शुरुआत में अच्छी बढ़त मिली और उन्होंने पहले आठ अंक जीते। हाजुन पार्क और युनसेओ ली की कोरियाई जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 7-9 कर दिया। रमिता और दिव्यांश ने फिर से 11-9, 13-11,15-13 का अंतर बनाया लेकिन इसे आगे नहीं बढ़ा सके। फुयांग यिनहु स्पोर्ट्स सेंटर में 10 मीटर शूटिंग रेंज में कोरियाई लोगों ने अंततः भारतीयों को पछाड़कर तीसरे स्थान के लिए मैच 20-18 से जीत लिया। भारतीय यह मैच सबसे कम अंतर 0.2 अंकों से हार गए और उन्हें चौथे स्थान से संतुष्ट होना पड़ा, क्योंकि उन्होंने शीर्ष छह में जगह बनाने और दो कांस्य पदक मैचों में से एक के लिए क्वालीफाइंग के माध्यम से संघर्ष किया था।

## हमारा लक्ष्य विश्व कप जीतना है : बाबर आजम



**लाहौर,** 26 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम अपनी टीम को लेकर आश्वस्त हैं और उनका लक्ष्य भारत में वनडे विश्व कप जीतना है। टूर्नामेंट के सुपर 4 चरण में श्रीलंका से हारकर एशिया कप 2023 से बाहर होने के बाद, बाबर की नज़र एक और बड़े टूर्नामेंट पर है।

मंगलवार को यहां विश्व कप 2023 के लिए प्रस्थान-पूर्व सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए, बाबर आश्वस्त दिखे जब उनसे पूछा गया कि क्या वे मेगा-इवेंट के शीर्ष चार में रहने की कल्पना कर रहे हैं, जिस पर बाबर ने जवाब दिया; शीर्ष चार हमारे लिए एक छोटा लक्ष्य है। हम विजेता के रूप में आना चाहते हैं। हमारे पास विश्व कप से पहले एक साथ शिविर लगाने के लिए पर्याप्त समय नहीं था क्योंकि हम लगातार बहुत लंबे समय से खेल रहे थे। हम खिलाड़ियों को एक ब्रेक देना चाहते थे ताकि वे तरोताजा होकर और जीतने के लिए भूखे होकर लौटें। जब आपमें वह भूख होती है तो आप अच्छा खेलते हैं। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2016 में टी20 विश्व कप के लिए भारत का दौरा किया था। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण कट्टर प्रतिद्वंद्वी केवल एशिया कप और आईसीसी टूर्नामेंट में एक-दूसरे के साथ खेलते हैं।

हम सभी को विश्व कप के लिए यात्रा करने पर गर्व है। हालांकि हमने पहले भारत में नहीं खेला है, लेकिन हम ज्यादा दबाव नहीं ले रहे हैं। हमने अपना शोध किया है और हमने सुना है कि परिस्थितियां वैसी ही हैं जैसी वे अन्य एशियाई देशों में खेलते हैं। इस बार कप्तान के रूप में यात्रा करना मेरे लिए काफी सम्मान की बात है, मुझे उम्मीद है कि हम इस बार ट्रॉफी के साथ वापस आएंगे। बाबर ने नसीम शाह की टीम से अनुपस्थिति पर भी चिंता जताई और नई गेंद की जिम्मेदारी किसे सौंपी जाएगी, इसका खुलासा करने पर चुप्पी साधे रखी और इस समय अपनी रणनीतियों को अज्ञात रखने के टीम के फैसले पर प्रकाश डाला।

बाबर ने कहा, निश्चित रूप से, हमें नसीम शाह की कमी खलेगी क्योंकि शाहीन (आफरीदी) और नसीम ने एक साथ गेंदबाजी करते हुए हमें एक अलग बढ़त दी। उनके प्रतिस्थापन को चुनना आसान नहीं था, लेकिन हम सभी एक साथ बैठे और (मुख्य चयनकर्ता) इंजमाम उल हक से इनपुट लिया। हम हसन अली के साथ गए क्योंकि उनके पास अनुभव है। वह पहले भी विश्व कप खेल चुके हैं। उन्होंने कहा, मैं इस पर टिप्पणी नहीं कर सकता कि नई गेंद या पुरानी गेंद कौन फेंकेगा, क्योंकि हम अभी अपनी रणनीतियों का खुलासा नहीं कर सकते हैं। लेकिन हमने अभी कोई ठोस योजना नहीं बनाई है, जब हम भारत की यात्रा करेंगे और आकलन करेंगे तो यह हमारे लिए और अधिक स्पष्ट हो जाएगा। मेगा टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखते हुए, पाकिस्तान मंगलवार रात को भारत के लिए रवाना होने के लिए तैयार है, जहां वे शुक्रवार, 29 सितंबर को हैदराबाद में खाली स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला अभ्यास मैच खेलेंगे।

## स्क्वैश के पूल बी मुकाबले में महिलाओं ने पाकिस्तान को 3-0 से हराया, पुरुषों ने सिंगापुर को शिकस्त दी



**हांगझोउ,** 26 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला और पुरुष स्क्वैश टीमों ने मंगलवार को यहां अपने-अपने पूल चरण मैच में शानदार जीत के साथ 19वें एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरुआत की। महिला टीम ने पाकिस्तान को आसानी से हरा दिया जबकि पुरुष टीम ने सिंगापुर को हराकर अपने अभियान की विजयी शुरुआत की।

महिलाओं की स्पर्धा में, अंडर-15 और अंडर-17 एशियाई चैंपियन 15 वर्षीय अनाहत सिंह ने पूल बी मुकाबले के पहले मैच में 3-0 से जीत हासिल कर भारत को बढ़त दिला दी। उन्होंने 18 मिनट तक चले मुकाबले में सादिया गुल को 3-0 (11-6, 11-6, 11-3) से हराया।

इस बीच, शीर्ष खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने नूर उल हुदा सादिक के खिलाफ दूसरा मुकाबला 3-0 (11-2, 11-5, 11-7) से जीता। तीसरे मुकाबले में तन्वी खाना ने नूर उल ऐन को 3-0 (11-3, 11-6, 11-2) से हराकर भारत को जीत दिला दी। भारतीय महिलाएं अपने आखिरी पूल बी मैच में बुधवार को मलेशिया से भिड़ने से पहले मंगलवार को नेपाल और मकाओ से भिड़ेंगी। इससे पहले दिन में, पुरुष टीम ने पूल ए मुकाबले में सिंगापुर को 3-0 से हराया।

हरिंदर सिंह संधू ने जेरोम क्लेमेंट जिन मिंग पर 3-1 (11-4, 13-11, 8-11, 11-7) से जीत हासिल कर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। फिर, सौरव घोषाल ने सैमुअल कांग शान म्यू को 3-0 (11-9, 11-1, 11-4) से हराकर बढ़त बना ली, अभय सिंह ने मार्कस फुआ जिया हुई को 3-0 (11-7,11-7, 11-7) से हराकर मुकाबला भारत की झोली में डाल दिया।

## भारतीय टीम की नजरें गोल्फ के सभी चार वर्गों में पदक जीतने पर



**हांगझोउ,** 26 सितंबर (एजेंसियां)। सात सदस्यीय भारतीय गोल्फ टीम 19वें एशियाई खेलों में गुरुवार से शुरू होने वाले अपने मुकाबलों में शानदार हालिया फॉर्म को जारी रखने की उम्मीद कर रही होगी। चार सदस्यीय पुरुष टीम में अनिर्बान लाहिड़ी, शुभंकर शर्मा, खलिन जोशी और एसएसपी चौरसिया होंगे, जबकि महिला टीम में अदिति अशोक, प्रणवी उर्स, अवनी प्रशांत शामिल हैं।

जहां लाहिड़ी और शर्मा को पुरुष वर्ग में स्वचालित बर्थ दी गई, वहीं अदिति को महिलाओं में समान सम्मान दिया गया। पुरुषों में जोशी और चौरसिया और महिलाओं में प्रणवी और अवनी भारतीय गोल्फ संघ द्वारा सभी एमेच्योर और पेशेवर खिलाड़ियों के लिए आयोजित क्वालीफायर के माध्यम से आए।

लाहिड़ी, सात के इस समूह में एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं, उन्होंने 2006 में ऐसा किया था, जब वह शौकिया थे। उन्होंने याद किया, वह एक अद्भुत एहसास था। लाहिड़ी ने एलआईवी टूर और एशियन टूर पर अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में शीर्ष 3 प्रदर्शनों की एक श्रृंखला बनाई है, जबकि शुभंकर शर्मा ने 2023 (ब्रिटिश) ओपन में शीर्ष -10 में जगह बनाई, जो कि इस आयोजन में अब तक का सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन है।

उन्होंने कहा, मेरे लिए यह बहुत रोमांचक है; जाहिर तौर पर एशियाई खेलों में फिर से खेलने का अवसर मिलना। देश का प्रतिनिधित्व करना एक बड़ा सम्मान है। जाहिर तौर पर यह कुछ ऐसा है जिसे मैं संजोता हूं और इसके लिए उत्सुक हूं। ऐसा अक्सर नहीं होता है। इसलिए यह व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए हमेशा बहुत, बहुत महत्वपूर्ण घटना होती है। मैं वास्तव में पूरी टीम के साथ समय बिताने के लिए उत्सुक हूं। मैं वास्तव में उनमें से कुछ को बहुत अच्छी तरह से नहीं जानता। गोल्फ दल के सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी, जिन्होंने दो ओलंपिक खेलों - 2016 में रियो और 2021 में टोक्यो में खेला है, ने कहा, हम सभी, पुरुष और महिला दोनों एक मजबूत टीम हैं। हमारे पास कुछ लोग हैं जो अच्छी फॉर्म में हैं ।

# भारत की निगाहें ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 26 सितंबर (देशबन्धु)। फिट होने पर वापसी पर वाले श्रेयस अय्यर के शतक तथा अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन द्वारा चटकाए तीन विकेट से भारत इंदौर में मेहमान ऑस्ट्रेलिया से दूसरा मैच भी 99 रन से जीत 2-0 की विजय दाई बढ़त के साथ तीन अंतरराष्ट्रीय वन डे मैचों की क्रिकेट सीरीज अपने नाम कर चुका है। नियमित कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव जैसे धुरंधरों के राजकोट में बुधवार को तीसरे और आखिरी वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए टीम जुड़ने के बाद भारत की निगाहें इसमें भी ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दे उसका 3-0 से सूपड़ा साफ कर चेन्नै में आईसीसी वनडे विश्व कप में 8 अक्टूबर को पहले मैच से उसके हौसले पस्त होने की होगी। अपनी चोट से उबर रहे अक्षर पटेल तथा बढ़िया फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और शार्दूल ठाकुर भारतीय टीम के साथ तीसरे आखिरी वन डे अंतर्राष्ट्रीय टीम के साथ राजकोट नहीं आए हैं। वही शुरू के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा सीरीज के शुरू के दो मैचों से बाहर रहे उपकप्तान हार्दिक पांडया और पहले मैच में पांच विकेट चटका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत की नींव रखने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी टीम के साथ राजकोट में नहीं है। इन पांच दिग्गजों के तीसरे और वन डे के लिए भारतीय टीम से बाहर रहने के बावजूद भारत के पास राजकोट के आखिरी वन डे के लिए एक मजबूत एकादश उपलब्ध है। अब महज औपचारिकता पूरी करने के लिए खेले

- ■ रोहित और विराट तीसरे वनडे के लिए भारतीय टीम से जुड़े
- ■ अश्विन की कोशिश स्पिन का जाल बुन विश्व कप के लिए दावा मजबूत करने की



जाने वाले मैच के लिए भारत को 13 खिलाड़ी उपलब्ध होंगे।

जहां तक अक्षर पटेल की बात वह तेजी से फिट हो रहे लेकिन टीम प्रबंधन उन्हें फिट होने के लिए पूरा आराम देना चाहता है। ऐसे में खासतौर पर अश्विन राजकोट में तीसरे और आखिरी वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच भी स्पिन का जाल बुनकर भारत को इसमें जीत दिलाने के साथ ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ कर खुद का वनडे विश्व कप के लिए भारतीय टीम में स्थान पाने का दावा मजबूत करने के इरादे से उतरेंगे। दिग्गजों की वापसी पर भारत को तीसरे वनडे एकादश चुनने के लिए बेशक माथापच्ची करनी होगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया की एकादश में नियमित कप्तान तेज गेंदबाज पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क और बैटिंग ऑलराउंडर मिचेल मार्श की तीसरे वनडे के लिए मेहमान टीम में वापसी और जोश हेजलवुड की पहले से ही मौजूदगी में तेज गेंदबाज आक्रमण सीरीज के शुरू के दो मैचों के मुकाबले ऑस्ट्रेलिया का गेंदबाज बेशक राजकोट में तीसरे और आखिरी मैच में बेहतर नजर आ रहा है। वन डे क्रिकेट विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे सुखद यह है कि चोट से उबरने के बाद उसके धुरंधर विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल, श्रेयस अय्यर और अनुभवी तेज गेंदबाज पूरी तरह फिट होने के साथ एकदम सही समय पर रंग में आए ही हैं टी-20 क्रिकेट के 360 डिग्री यानी किसी भी वक्त कहीं भी स्ट्रोक खेलने में सक्षम सूर्य कुमार यादव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा सीरीज के शुरू के दोनों वन डे मैचों मैच के मिजाज के मुताबिक बड़ी पारियां खेल कर दिखाया कि वह घर में वन डे विश्व कप में टीम इंडिया के लिए धमाल करने को तैयार हैं। सोने पर सुहागा यह है कि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के रंग में होने और बदकिस्मती से यदि वन डे विश्व कप के शुरू होने तक अक्षर भी पूरी तरह फिट न पाए तो उनकी जगह लेने के लिए ऑफ स्पिनर ऑलराउंडर-' रविचंद्रन अश्विन एकदम तैयार हैं।

## सार संक्षेप

### 2024 में फिर यूपी लौटेगा मोटो जीपी भारत

**लखनऊ।** 22 से 24 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित मोटो जीपी भारत के सफल आयोजन के बाद अब योगी सरकार 2024 में इसके आयोजन की तैयारी में जुट गई है। मोटो जीपी की प्रमोटर कंपनी डोरना स्पोर्ट्स ने इसकी पुष्टि की है। डोरना स्पोर्ट्स के सीईओ कॉर्मेलो एजपेलेटा, सीएफओ एनरिक अल्दामा, सीएसओ कार्लोस एजपेलेटा और प्रतिनिधि मार्कोस ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में सीएम योगी के साथ टीम बिल्डिंग 18 में बैठक में भाग लिया और इस दौरान मोटो जीपी भारत के बेहतरीन आयोजन को लेकर धन्यवाद देने के साथ ही अगले वर्ष फिर लौटकर आने का वादा किया। डोरना स्पोर्ट्स के सीईओ कार्मेलो ने योगी के साथ मुलाकात में मोटो जीपी रेस के आयोजन के लिए सभी तरह की प्रशासनिक सहायता प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे राइडर्स ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के ट्रैक और इसकी तकनीकी बारीकियों पर बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। कार्मेलो ने कहा, मोटोजीपी 2024 में एक बार फिर बीआईसी, भारत में आने को बेताब है और हम इसको लेकर उत्साहित हैं।

### न्यूजीलैंड ने बंगलादेश को सात विकेट से हराया, सीरीज 2-0 से जीती

**मीरपुर।** बंगलादेश बनाम न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के तीसरे और आखिरी मुकाबल में आज न्यूजीलैंड ने विल यंग (70) और हेनरी निकल्स (50) के अर्ध शतकों की बदौलत बंगलादेश को 91 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा कर सीरीज 2-0 से जीत ली है। सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। न्यूजीलैंड ने ऐलन (28) और फ़ॉक्सक्रॉफ़्ट शून्य का विकेट दस ओवर पहले 49 रन पर दो विकेट खोने के बाद संभलकर खेलते हुए 34.5 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाकर मैच जीत लिया। न्यूजीलैंड का तीसरा विकेट विल यंग के रूप में गिरा। उसने 80 गेंदों में 70 रन बनाये और उसे नासुम अहमद ने बोल्ड आउट किया। उस समय टीम का स्कोर 30वें ओवर में तीन विकेट पर 130 रन था। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये हेनरी निकल्स नाबाद (50) और ब्लंडल नाबाद (23) रन की बदौलत 175 रन बनाकर बंगलादेश को सात विकेट से हरा दिया। बंगलादेश की ओर से शोरिफुल इस्लाम को दो विकेट मिले जबकि नासुम अहमद के खाते में एक विकेट गया।